RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 111
नई दिल्ली, शनिवार, 26 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



साहा से स्पष्टीकरण मांग सकता है बीसीसीआई

स्पोर्ट्स-12

# यूक्रेन की राजधानी पर हमले तेज

## गोलीबारी और विस्फोटों से दहल उठा कीव, सरकार को उखाड़ फेंकने की पुतिन की कोशिश

● शहर के बाहर हवाई अड्डे और पश्चिम में एक शहर पर रूसी नियंत्रण

**भाषा।** कीव



**रूसी** सैनिकों ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शुक्रवार को हमला कर दिया। सरकारी इमारतों के निकट गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें गूंज रही थी। रूस की इस कार्वाई से यूरोप में व्यापक युद्ध की आशंकाएं पैदा हो गई है और साथ ही उसे रोकने के लिए दुनियाभर में प्रयास भी शुरू हो गए हैं। युद्ध से सैकड़ों लोगों के हताहत होने की सूचनाओं के बीच कीव में इमारतों, पुलों और स्कूलों के सामने भी गोलीबारी और विस्फोटों की घटनाएं हुई हैं। इस बात के भी संकेत बढ़ रहे थे कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहे हैं।

पश्चिमी देशों के नेताओं ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई है और यूक्रेन के राष्ट्रपति ने ऐसे हमलों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद की गुहार लगाई है क्योंकि उन्हें आशंका है कि रूस लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई उनकी सरकार को बेदखल कर सकता है। यूक्रेन में बड़े पैमाने पर लोग हताहत हो सकते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है। रूस के आक्रमण का दूसरा दिन यूक्रेन की राजधानी पर केंद्रित था, जहां एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने तड़के से पहले विस्फोट की आवाजें सुनीं और कई क्षेत्रों से गोलियां चलने की सूचना भी है। यूक्रेन के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान की घोषणा करते हुए पुतिन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा एवं प्रतिबंधों को नजरंदाज किया है और अन्य देशों को चेतावनी दी कि रूसी कार्वाई में किसी प्रकार के हस्तक्षेप के प्रयास के ऐसे परिणाम होंगे, जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे। रूसी सेना ने कहा कि उसने कीव के बाहर एक रणनीतिक हवाई अड्डे और पश्चिम में एक शहर पर नियंत्रण कर लिया है। कीव के पूर्वी और पश्चिमी किनारों को विभाजित करते हुए नीपर नदी के पार एक पुल पर भीषण आग लग गई, जिसमें लगभग 200 यूक्रेनी सैनिक मौजूद थे और उन्होंने अपने बख्तरबंद वाहनों के पीछे और बाद में पुल के नीचे शरण ली। यूक्रेनी अधिकारियों ने यूक्रेन की ओर कम से कम 137 लोगों की मौत की सूचना दी और सैकड़ों रूसी बलों के मारे जाने का दावा किया।

रूसी अधिकारियों ने हताहतों का कोई आंकड़ा जारी नहीं किया है। फिलहाल मृतक संख्या को सत्यापित करना संभव नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि 25 नागरिकों की मौत हुई है जिनमें से ज्यादातर की मौत गोलाबारी और हवाई हमलों में हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि एक लाख लोगों ने अपने घर छोड़े हैं। यूक्रेन की राजधानी के खतरे में घिरने के संकेतों के बीच सेना ने शुक्रवार को कहा कि रूसी जासूसों और विध्वंसक गतिविधियों में लिप्त लोगों के एक समूह को शहर के केंद्र से लगभग पांच किलोमीटर उत्तर में कीव के एक जिले में देखा गया। इससे पहले, सेना ने कहा था कि रूसी सुरक्षा बलों ने दो यूक्रेनी सैन्य वाहनों पर कब्जा कर लिया है और स्थानीय होने का दिखावा कर घुसपैठ के लिए शहर की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि कीव की संभवत: घेराबंदी कर ली गई है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन पर ( शेष पेज 9 )

### यूक्रेन समर्पण करे तो रोक देंगे हमले: रूस

**भाषा।** मास्को

**रूस** के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि रूस पड़ोसी देश यूक्रेन पर कब्जा नहीं करना चाहता और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आह्वान पर यूक्रेन की सेना के हथियार डालने के बाद मास्को यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के उप विदेश मंत्री सर्गेई पेरसाडा और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) के विदेश मंत्री व्लादिस्लाव डेनेगो के साथ बातचीत के बाद लावरोव ने यह टिप्पणी की।

यूक्रेन के खिलाफ रूस का सैन्य अभियान शुरू होने के एक दिन बाद लावरोव ने कहा, कोई भी यूक्रेन पर कब्जा नहीं करने जा रहा। अभियान का उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है: विसैन्ईकरण और नाजी विचारधारा से मुक्ति। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 21 फरवरी को यूक्रेन के दो क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देते हुए डीपीआर और एलपीआर के नेताओं के साथ संधियों पर हस्ताक्षर किए। लावरोव ने कहा है, यूक्रेन के सैन्य बलों ने हमारे राष्ट्रपति के आह्वान पर अमल किया तो हम किसी भी समय बातचीत करने के लिए तैयार हैं। वे अपना प्रतिरोध समाप्त करें और अपने हथियार डाल दें।

कोई भी उन पर हमला करने और प्रताड़ित करने की योजना नहीं बना रहा है, उन्हें अपने परिवारों के पास वापस जाने दें और यूक्रेन के लोगों को अपना भविष्य तय करने का मौका दें। लावरोव ने संवाददाताओं से कहा कि अगर यूक्रेनी सैनिक हथियार डालकर अपने घर लौटते हैं तो कोई भी उन्हें अपमानित नहीं करेगा। इस बीच, क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ( शेष पेज 9 )

# रूस ने यूएन में मांगा भारत का समर्थन

● यूक्रेन संकट पर सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव आने पर जताई अपने पक्ष में वोट करने की उम्मीद

● यूक्रेन के विदेश मंत्री ने भी किया भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर को फोन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूक्रेन** संकट पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव आने पर रूस ने भारत समर्थन मांगा है। रूस ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि यूक्रेन में रूसी सैन्य कार्रवाई को लेकर जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में महत्वपूर्ण प्रस्ताव आएगा तो भारत उसका समर्थन करेगा। इसी तरह यूक्रेन के विदेश मंत्री ने भी जयशंकर को फोन किया और स्थिति पर चर्चा की।

रूस के चार्ज द अफेयर्स (प्रभारी) रोमन बाबुश्किन ने कहा कि यूक्रेन में वर्तमान स्थिति कैसे उत्पन्न हुई है, इसके बारे में भारत को गहरी समझ है और दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त सामरिक गठजोड़ के मद्देनजर मास्को, नई दिल्ली से सतत समर्थन को लेकर आशान्वित है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान एवं पूर्वी यूरोपीय देश में स्थिति बिगड़ने को लेकर शुक्रवार की शाम को मसौदा प्रस्ताव पेश किया जाना निर्धारित है। बाबुश्किन ने एजेंसी से कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत, रूस का समर्थन करेगा। भारत के रुख की सराहना करते हुए रूसी राजनयिक ने तीन दिन पहले पेरिस में विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणियों का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि यूक्रेन की स्थिति की जड़ें सोवियत बाद की राजनीति एवं उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के विस्तार में निहित हैं। वहीं, यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मसौदा प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने बृहस्पतिवार को कहा था, मुझे बताया गया है कि इसमें काफी बदलाव होगा। हम इस पर अपना रुख रखने से पहले इसके आकार लेने का इंतजार करेंगे। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

### यूक्रेन में फंसे नागरिकों को निकालेगा भारत

**पायनियर समाचार सेवा। नई** दिल्ली

**भारत** युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों को ऑपरेशन चलाकर निकालेगा। इस ऑपरेशन का पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। एयर इंडिया अपनी दो उड़ानें शुक्रवार रात को ही रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट भेज रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जो भी भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से यूक्रेन-रोमानिया सीमा पर पहुंच गए हैं, उन्हें भारत सरकार के अधिकारी बुखारेस्ट ले जाएंगे, ताकि उन्हें एयर इंडिया की इन दो उड़ानों के जरिए स्वदेश लाया जा सके।

बृहस्पतिवार को यूक्रेन के अधिकारियों ने यात्री विमानों के परिचालन के लिए अपने देश का वायु क्षेत्र बंद कर दिया था, इसलिए भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए ये उड़ानें बुखारेस्ट से परिचालित की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि एयर इंडिया की एक उड़ान शुक्रवार को दिल्ली से रात के करीब नौ बजे रवाना होगी, जबकि दूसरी उड़ान रात करीब 10 बजकर 25 मिनट पर रवाना होगी। अधिकारियों ने बताया कि एयर इंडिया की दोनों ही उड़ानें शनिवार को बुखारेस्ट से भारत रवाना होंगी। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि वह रोमानिया तथा हंगरी से आने वाले मार्गों को निर्धारित करने का काम कर रहा है।

दूतावास ने कहा कि वर्तमान में अधिकारियों की टीम उझोरोद के पास चोप-जाहोनी हंगरी सीमा, चेर्नीवत्सी के पास पोरब्ने-सीरेत रोमानियाई सीमा चौकियों पर पहुंच रही है। दूतावास ने कहा कि इन सीमा जांच चौकियों के करीब रह रहे भारतीय नागरिकों, विशेष कर छात्रों को विदेश मंत्रालय के दलों के साथ समन्वय कर व्यवस्थित तरीके से रवाना होने की सलाह दी जाती है। अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन में फिलहाल ( शेष पेज 9 )

# विश्व के नेताओं ने रूस पर लगाए प्रतिबंध

**भाषा।** ब्रसेल्स

**रूस** के आक्रमण के बाद संयुक्त राष्ट्र मानवीय कोष में यूक्रेन के लिए दो करोड़ डॉलर और ईयू आर्थिक सहायता कोष में 1.5 अरब यूरो देने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान और अन्य देशों ने रूस पर नए और कड़े प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने रूस की कार्वाई की निंदा भी की है। यूरोपीय यूनियन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संपत्तियां फ्रीज करने के निर्णय पर सहमति के बेहद करीब है।

लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इस तरह के कदम से वे कितनी बुरी तरह प्रभावित होंगे। या फिर यह केवल प्रतीकात्मक होगा। पुतिन और लावरोव की संपत्ति को फ्रीज करने का निर्णय इंगित करता है कि पश्चिमी देश पुतिन को रूस के पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमले और यूरोप में एक बड़े युद्ध को शुरू करने से रोकने के लिए अभूतपूर्व उपायों की ओर बढ़ रहे हैं। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बारबॉक कहा, "हम न केवल सत्ता पर काबिज लोगों को ही सूचीबद्ध नहीं कर रहे हैं, हमने पहले से ही इन कदमों को तैयार करने वाले कई सांसदों को सूचीबद्ध किया है। लेकिन अब हम राष्ट्रपति, पुतिन और विदेश मंत्री लावरोव को भी सूचीबद्ध कर रहे हैं। यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की शुक्रवार देर रात होने वाली बैठक में इस तरह के उपाय को लागू करने के लिए 27 सदस्य देशों को पूरी तरह से एकमत की आवश्यकता होगी। दरअसल, रूस ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया था, जिसपर विभिन्न देशों के नेताओं की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किए जाने का सिलसिला अब भी जारी है। कई देशों ने रूस की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबियों समेत विभिन्न ( शेष पेज 9 )

### हमले का समर्थन करने वाले देशों को भुगतने होंगे परिणाम: बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन पर रूस के अनुचित आक्रमण और आक्रामकता के खिलाफ उनका साथ ना देने वाले या रूस का समर्थन करने वाले देशों को एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि उन्हें कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा।

साथ ही, रूस को उन्होंने आगाह किया कि अगर वह इसी रास्ते पर आगे बढ़ता रहा, तो अमेरिका और रूस के बीच संबंध पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगे। बाइडन ने कहा, अगर कोई भी राष्ट्र जो यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता का समर्थन करता है, तो उसे कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। जब इस क्षेत्र का इतिहास लिखा जाएगा...तो उसमें यूक्रेन पर आक्रमण करने के पुतिन के अनुचित फैसले के कारण रूस को कमजोर और बाकी दुनिया को मजबूत दिखाया जाएगा।

बाइडन ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी एवं साझेदार इस स्थिति से अधिक मजबूत, एकजुट और दृढ़ बनेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ पुतिन की आक्रामकता से ( शेष पेज 9 )

# बातचीत से ही निकले यूक्रेन संकट का समाधान: भारत

● विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका रूस समेत यूक्रेन के पड़ोसी देशों के अपने समकक्षों से की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** ने यूक्रेन में रूसी सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर अपने राजनयिक प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी, रूसी, यूक्रेन समकक्षों के साथ बातचीत करने के बाद कहा कि संकट के समाधान के लिए वार्ता और कूटनीतिक ही सबसे अच्छा रास्ता है। जयशंकर ने यूक्रेन की सीमा से जुड़े रोमानिया, हंगरी और स्लोवाकिया के विदेश मंत्रियों के साथ भी बातचीत की है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लॉवरोव और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से अलग अलग बातचीत कर यूक्रेन संकट के समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया। रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू करने की व्यापक स्तर पर निंदा हुई है और इस संघर्ष के फैलने की आशंका व्यक्त की जा रही है। ऐसे में तनाव कम करने के वैश्विक प्रयासों में भारत सभी संबद्ध पक्षों के साथ संपर्क में है।

विदेश मंत्री ने ट्वीट किया कि यूक्रेन के घटनाक्रम को लेकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लॉवरोव से बात की। जयशंकर ने लॉवरोव को बताया कि यूक्रेन में करीब 16 हजार भारतीयों को सुरक्षित निकालना भारत के लिए महत्वपूर्ण विषय है। विदेश मंत्री जयशंकर ने ( शेष पेज 9 )

# दक्षिण निगम के स्कूलों में अब धार्मिक पोशाक पर रोक

● पहले से निर्धारित ड्रेस कोड में ही छात्रों को प्रवेश मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** में हिजाब या धार्मिक वस्त्रों को पहनने पर हुए विवाद के बाद देश की राजधानी दिल्ली के नागरिक निकाय दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने अपने अधीन आने वाले स्कूलों में धार्मिक पोशाक पहनने पर रोक लगा दी है। निगम की शिक्षा समिति ने अपने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी छात्र-छात्रा धार्मिक पोशाक पहन कर एसडीएमसी के स्कूलों में न आए।

एसडीएमसी कक्षा पांच तक के लगभग 568 स्कूलों का संचालन करता है। इन स्कूलों में करीब 2.5 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। एसडीएमसी की शिक्षा समिति की अध्यक्ष नितिका शर्मा ने इस संबंध में एसडीएमसी के शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। पत्र में शर्मा ने शिक्षा निदेशक से सभी जोनल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने को कहा है कि एसडीएमसी के प्राथमिक स्कूलों में छात्र-छात्राएं धार्मिक पोशाक पहनकर न आएं और उन्हें निर्धारित ड्रेस कोड में ही स्कूल में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए। एसडीएमसी का यह फैसला उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तुखमीरपुर इलाके में एक अभिभावक द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ दिन बाद आया है, जहां के सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने छात्रा के सिर पर बंधा स्कार्फ हटाने को कहा था।

नितिका शर्मा ने तर्क दिया कि धार्मिक पोशाक पहनकर कक्षा में शामिल होने से छात्र-छात्राओं के बीच मतभेद और असामनता का भाव पैदा होगा। उन्होंने कहा कि मैंने एसडीएमसी के शिक्षा निदेशक से जोनल अधिकारी को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। शर्मा ने कहा कि एसडीएमसी के स्कूलों के लिए एक उचित ड्रेस ( शेष पेज 9 )

### हिजाब केस में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने हिजाब मामले में शुक्रवार को सुनवाई पूरी कर ली और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी ने कहा, सुनवाई पूरी हुई, आदेश सुरक्षित रखा जाता है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ताओं को लिखित दलीलें (यदि कोई हो) देने को भी कहा। मुख्य न्यायाधीश अवस्थी, न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित और न्यायमूर्ति जेएम काजी की पीठ का गठन नौ फरवरी को किया गया था और इसने ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,858 | ↑ 1328 | |
| निफ्टी | 16,658 | ↑ 410 | |
| सोना | 50,913 | ↓ 1274 | /10g |
| चांदी | 64,809 | ↓ 2219 | /kg |

### क्विक न्यूज

**मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर एक नागरिक की भी मौत**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकी ढेर हो गए, जबकि एक आम नागरिक की भी मौत हो गई। एक पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के मुताबिक, शोपियां के अमशीपोरा गांव में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने बृहस्पतिवार रात वहां संयुक्त घेराबंदी की एवं तलाशी अभियान चलाया। प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान कई घरों की घेराबंदी कर इलाके में छिपे आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी शुरू की गई।अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध जगह के आसपास फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालने के दौरान पास के एक घर में छिपे दो आतंकियों ने बाहर आकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# उप्र. में पांचवें चरण की 61 सीटों पर थमा प्रचार

● छह मंत्रियों समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव के पांचवें चरण के लिए शुक्रवार शाम छह बजे प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण में 12 जिलों की 61 सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए शुक्रवार शाम छह बजे के बाद से प्रचार पर प्रभावी रूप से रोक लग गई है और यह रोक पांचवें चरण का मतदान समाप्त होने अर्थात 48 घंटे तक प्रभावी रहेगी।

उन्होंने बताया कि पांचवें चरण के मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है और 27 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से मतदान सम्पन्न कराने के ( शेष पेज 9 )

### यहां पड़ेंगे वोट

**तिलोई,** सलोन, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी, इसौली, सुलतानपुर, सदर, लम्भुआ, कादीपुर, चित्रकूट, मानिकपुर, रामपुर खास, बाबागंज, कुण्डा, विश्वनाथ गंज, प्रतापगढ़, पट्टी, रानीगंज, सिराथू, मंझनपुर, चायल, फ ाफ ामऊ, सोरावं, फू लपुर, प्रतापपुर, हण्डिया, मेजा, करछना, इलाहाबाद पश्चिम, ( शेष पेज 9 )

# दो साल बाद कोविड पाबंदियां हुईं खत्म

● अप्रैल से सिर्फ स्कूल में पढ़ाई, मास्क नहीं पहनने पर जुर्माना घटाकर 500 रुपये किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कोविड** के चलते तमाम तरह की पाबंदियों में जकड़ी राजधानी दिल्ली को आखिरकार दो साल बाद राहत मिल गई है। रात्रि कर्फ्यू समेत कोविड संबंधी सभी प्रतिबंध हटा लिए गए हैं। ऑनलाइन व्यवस्था खत्म कर सभी स्कूलों में आगामी एक अप्रैल से सिर्फ कक्षाओं में पढ़ाई होगी। वहीं, मास्क नहीं पहनने पर लगने वाला जुर्माना दो हजार रुपए से घटाकर 500 रुपए कर दिया गया है।

उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने राष्ट्रीय राजधानी में रात्रिकालीन कर्फ्यू सहित कोविड-19 संबंधी सभी पाबंदियों को हटा लिया है। स्कूलों में अब हाइब्रिड माध्यम (ऑनलाइन और ऑफलाइन) से नहीं बल्कि सिर्फ स्कूल में पढ़ाई होगी और सभी स्कूल एक अप्रैल से पूरी तरह खुल जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि कोविड-19 की स्थिति में सुधार के मद्देनजर प्रतिबंध खत्म किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी पाबंदियों को हटा लिया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अब भी संक्रमण को लेकर सतर्क रहें। सरकार हालात पर कड़ी नजर रखेगी। बैठक में सावधानियां बरतने के साथ ही टीकाकरण पर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में गुरूवार को कोविड के नए 556 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि पॉजिटिव नमूनों की दर 1.10 फीसदी दर्ज की गई। कल छह मौतें हुई थीं। ( शेष पेज 9 )

### संक्रमण दर एक फीसदी के नीचे, 460 नए केस

**राजधानी** दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर लगातार घटते हुए अब एक फीसदी से कम हो गई है। शुक्रवार को जहां एक दिन में कोविड-19 के 460 नए मामले सामने आए, वहीं संक्रमण से दो और मरीजों की मौत हो गई। संक्रमण दर घटकर 0.81 फीसदी हो गई है। अब कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 18,58,614 हो गई है जबकि मृतक संख्या बढ़कर 26,117 हो गई है। एक दिन पहले दिल्ली में 56,984 कोविड-19 जांच की गई थी।

### कोरोना संक्रमण में कमी प्रतिबंधों में ढील दें राज्य

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने कोरोना वायरस के संक्रमण के मामलों में आ रही कमी के मद्देनजर शुक्रवार को राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से सामाजिक, खेल, मनोरंजन, अकादमिक और धार्मिक आयोजनों से जुड़े कार्यक्रमों के लिए कोविड-19 संबंधित प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार करने को कहा। मार्च महीने के लिए कोविड-19 दिशानिर्देश जारी करते हुए केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने यह सुझाव भी दिया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा ( शेष पेज 9 )

# सुपरटेक ट्विन्स टावर तोड़ते समय 60 मंजिल ऊंचा उठेगा धूल का गुबार

● दक्षिण अफ्रीका की एजेंसी के इंजीनियर ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सुपरटेक ट्विन्स टावर को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को ट्विन टावर ध्वस्त करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की एजेंसी के इंजीनियर आए।

इस समय आसपास में रहने वाले लोगों की सबसे बड़ी समस्या विस्फ ोटक के दौरान प्रदूषण है, जब ट्विन्स टावर को विस्फ ोटक के माध्यम से ध्वस्त किया जाएगा तो करीब 60 मंजिल ऊंचा धूल का गुबार उठेगा।

इमारतों को ध्वस्त करने वाली कंपनी एक्सजीक्यूट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और ध्वस्तीकरण विशेषज्ञ आनंद शर्मा ने बताया कि जिस समय विस्फोटक से दोनों टावरों को गिराया जाएगा, उस समय मलबे से करीब 60 मंजिल ऊंचा धूल का गुबार उठेगा, जिससे आसपास में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा बढ़ जाएगा, लेकिन इमारतों को इससे बचाने के लिए वाटर जैट, फायर टेंडर और फव्वारों का इंतजाम किया जाएगा। इसको लेकर फायर विभाग ने एनओसी भी दे दी है। उन्होंने बताया कि धूल के गुबार का असर करीब 15 मिनट तक रहेगा। हालांकि, यह हवा की गति पर भी निर्भर करेगा कि धूल का प्रवाह हवा के साथ किस ओर होगा। टावर ध्वस्त होने से उठने वाली धूल का मुद्दा प्रदूषण के लिहाज से भी अहम होगा। इमारत को ध्वस्त करने के बाद मलबे के निस्तारण के लिए इसे डिमालिशन साइट तक पहुंचाने का कार्य ट्रकों से किया जाएगा। इससे भी वातावरण में पीएम-2.5 का बढ़ना तय माना जा रहा है। इसको लेकर पर्यावरणविदों चिंतित हैं। ट्विन्स टावर में 40 मंजिल हैं। दोनों टावर्स में करीब 1000 फ्लैट हैं। पर्यावरणविद विक्रांत तोंगड़ ने बताया कि इतनी बड़ी इमारत को ध्वस्त करने के लिए पर्यावरण मानकों का पूरा ध्यान रखना होगा। लापरवाही से आसपास के लोगों को काफी समस्या हो सकती है। जानकारी के मुताबिक अगर इसे मैन्यूअली ध्वस्त करने की प्रक्रिया को अपनाया जाता है तो धूल उड़ने की संभावना और बढ़ जाएगी।

प्राधिकरण इसे खुद ध्वस्त करता है या यह कार्य किसी एजेंसी से कराए। उसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी और यदि विस्फ ोट के जरिये गिराते हैं, तो एक्सप्लोसिव विभाग से भी एनओसी लेनी होगी। इसके अलावा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के नियमों का पालन करना होगा। इमारत के ध्वस्तीकरण के दौरान जो मलबा निकलेगा उसे री.साइकिल किया जा सकता है। यदि री.साइकिल किया जाता है तो एनजीटी के सभी मानकों का पालन इनको करना होगा। पर्यावरणविद का मानना है कि री-साइकिल के लिए एक प्लांट आसपास ही लगाया जाए। सेक्टर.82 में लगे प्लांट तक ले जाने में समस्या के साथ पर्यावरण प्रदूषण का खतरा भी ज्यादा होगा।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर मिट्टी और पत्थरों का ढेर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● कभी भी हो सकता है हादसा

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर मिट्टी और पत्थरों के बड़े.बड़े ढेर पड़े हुए हैं। जिसकी वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

हाईवे पर कुछ मरम्मत का कार्य करने के लिए जिम्मेदार एजेन्सी ने हाईवे पर ही मिट्टी और बड़े.बड़े पत्थरों के ढेर डाल दिए। इस तरीके से यह हादसे को न्योता दे रहे हैं।

ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर पिछले कुछ दिनों के दौरान हादसों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ती जा रही है। पिछले दो हफ्तों के भीतर हाईवे पर काफी स्थानों पर मिट्टी और पत्थर के ढेर डाले जा रहे हैं। जिसकी वजह से काफी हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार एजेंसी अभी तक इस बात से बेखबर है। दरअसल, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर कुछ स्थानों पर मरम्मत का कार्य किया जाना है। इस मरम्मत का कार्य करने के लिए एनएचएआई ने एक एजेंसी को टेंडर दिया है। इस एजेंसी ने हाईवे पर ही मरम्मत करने के लिए मिट्टी और पत्थरों के ढेर डाल दिए हैं। जिसके दौरान वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मिट्टी और पत्थरों के ढेर अधिकतर दादरीए बादलपुर और जारचा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले हाईवे पर हैं। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे एनएचएआई के अधीन है। जिसकी लम्बाई 135 किलोमीटर है। यह 6 लेन का हाईवे हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गुजरता है।

यह एक्सप्रेसवे कुंडली, सोनीपत, से उत्तर प्रदेश के बागपत, गाजियाबाद और नोएडा जिलों और हरियाणा के फरीदाबाद जिले से गुजरने से पहले पलवल के पास वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे में शामिल होता है। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के साथ वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे दिल्ली के आसपास सबसे बड़ी रिंग रोड पूरा करता है।

### केवाईसी का झांसा देकर खाते से निकाली रकम

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने महिला के बैंक खाते का केवाईसी अपडेट करने का झांसा देकर उनके खाते से 52,966 रुपये निकाल लिए।

आरोपी ने महिला के मोबाइल पर लिंक भेजकर जालसाजी को अंजाम दिया। इस संबंध में महिला ने सेक्टर-39 थाने में शिकायत दी है।

छलेरा गांव में रहने वाली महिला पूनम वर्मा ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को उस बैंक का कर्मचारी बताया, जिसमें उनका खाता है। उसने कहा कि उनके बैंक खाते की केवाईसी अपडेट होनी है। इसके एवज में उसने उनसे कुछ रुपये फीस के तौर पर मांगे। उसने ऑनलाइन फ ीस देने के लिए कहा। इसके लिए उसने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा और कहा कि इस पर क्लिक करने के बाद भुगतान हो जाएगा। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो उनके खाते से 52,966 रुपये निकल गए। जब उनके मोबाइल पर रुपये निकलने का मैसेज आया तो ठगी का पता चला। इसके तुरंत बाद अपना खाता ब्लॉक कराया।

## एनसीआर में घट रहा कोरोना का प्रकोप

### गाजियाबाद में 24 घंटे में मिले 24 नए केस, 164 सक्रिय मामले

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



शुक्रवार को 5,143 लोगों की जांच रिपोर्ट आने पर 24 घंटे में कोरोना के 24 नए केस मिले हैं। 29 संक्रमित स्वस्थ हुए हैं।

सक्रिय केसों की संख्या घटकर 164 रह गई है। मार्च 2020 में जिले में कोरोना का पहला केस मिला था। मार्च 2020 से लेकर अब तक 26.39 लाख लोगों की जांच के सापेक्ष 84,606 केस मिल चुके हैं। कुल संक्रमण दर 3.21 प्रतिशत है। अब तक 83,520 स्वस्थ हो चुके हैं। स्वस्थ दर 99.24 प्रतिशत है। 24 घंटे में दर्ज की गई संक्रमण दर 0.52 प्रतिशत है। फरवरी में अब तक 1,58,516 लोगों की जांच के सापेक्ष मिले 1,640 संक्रमितों के आधार पर संक्रमण दर 1.03 प्रतिशत है।

**नोएडा में कोरोना के सक्रिय केस घटकर हुए 315**

जिले में अब 315 सक्रिय मरीज रह गए हैं। इससे पहले गत दिवस सक्रिय केस 335 थे। वर्तमान में दस मरीज शहर के विभिन्न कोविड अस्पताल में भर्ती हैं। जबकि बाकी होम आइसोलेशन में है।

बृहस्पतिवार को तीन हजार से अधिक लोगों की जांच की गई। दैनिक जांच के मुकाबले संक्रमण दर एक प्रतिशत से कम है।

वहीं, सेक्टर.39 स्थित नोएडा कोविड अस्पताल में बृहस्पतिवार को एक मरीज भर्ती हुआ है। अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट के इंचार्ज डा तृतीया सक्सेना का कहना है कि जिम्स से रेफर होकर एक 40 वर्षीय महिला भर्ती हुई है। बच्चेदानी का आपरेशन होने के बाद वह पाजिटिव आई है। उसे ब्लीडिंग हो रही थी।

ऐसे में उसे विशेष इलाज की जरूरत थी। बता दें इससे पहले सोमवार को अस्पताल खाली हो गया था। सीएमओ डा सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी है कि लोग सावधानी बरतें। लक्षण दिखने पर जांच कराएं। जिससे समय रहते उपचार किया जा सके।

## लापता युवक की टोल प्लाजा के पास मिली लाश

● भाई ने जताई हत्या की आशंका

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आठ दिन से लापता युवक का शव सिरसा टोल प्लाजा के पास मिला है।

पुलिस इस मामले में हर एक एंगल से जांच कर रही है। इस मामले में मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जाहिर की है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिशनेरेट के मीडिया पर प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि बीते 21 फरवरी को ओमप्रकाश निवासी मुर्शदपुर गांव ने ग्रेटर नोएडा की इकोटेक-1 थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था कि उनका भाई बीते 17 फरवरी को अचानक घर से बिना बताए कहीं पर चला गया है। गुमशुदगी की शिकायत देते हुए पीड़ित ने बताया था कि उसका भाई शराब पीने का आदी है।

पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर ओमप्रकाश के भाई धर्मपाल की तलाश शुरू कर दी। पंकज कुमार ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को कासना थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसा टोल प्लाजा के पास धर्मपाल का शव पड़ा हुआ मिला। देखने में ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी मौत कई दिनों पहले हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार



फर्जी कागजात तैयार कर फ्लैट बेचने वाला एक ठग पुलिस गिरफ्त में।

### झूठे रेप का केस दर्ज कराने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** नोएडा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने पहचान बदलकर लोगों के खिलाफ झूठे बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराये थे। पुलिस का आरोप है कि महिला नाम और पता बदलकर जनपद के अलग-अलग थानों में बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज कराती है। जिसके बाद मुकमदा वापिस लेने के नाम पर रंगदारी वसूल करती थी। यह महिला अभी तक लाखों रूपए ऐंठ चुकी है। हाल ही में महिला ने एक मुकदमा नंदग्राम थाने में दर्ज कराया था। जिसकी पुलिस जांच कर रही थी। जांच के उपरांत महिला का जब आधार कार्ड की जांच की गई तो मामले की जानकारी हुई। मगर महिला पुलिस की जांच से अंजान थी और गुरूवार सुबह दबाव बनाने के लिए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय पर आत्मदाह की चेतावनी देने लगी। पुलिसकर्मियों ने महिला को पकड़कर पूछताछ की और एसएचओ नंदग्राम को मौके पर बुलाया। जहां महिला के काले कारनामों का खुलासा हुआ।

### एमएमएच कॉलेज अनाथ छात्रों को देगा सहायता

**गाजियाबाद।** कोरोना महामारी के दौरान अनाथ हुए छात्रों के लिए एमएमएच कॉलेज ने छात्र कल्याण समिति की बैठक में शुक्रवार को सहायता राशि देने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्राचार्य डॉ पीयूष चौहान ने बताया कि छात्र कल्याण समिति की बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस वर्ष की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कोविड 19 के कारण जिन छात्र.छात्राओं के माता-पिता या इनमें किसी एक का देहांत हो गया है, उनको छात्र कल्याण कोष में धन की उपलब्धता के आधार पर आर्थिक सहायता दी जाएगी। छात्र कल्याण डॉ केशव कुमार ने इस बैठक का संयोजन किया। इस दौरान डॉ भीष्म कपूर, डॉ देवराज यादव, डॉ प्रभा रानी, डॉ मीनाक्षी सक्सेना,डॉ संजीत प्रताप सिंह, डॉ हेमेंद्र कुमार, आरती सिंह, डॉ प्रदीप कुमार सिंह और अन्य सदस्य शिक्षक मौजूद रहे।

### रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**गाजियाबाद।** मातृभूमि सेवा संघ ने उपजिलाधिकारी सुभांगी शुक्ला को ज्ञापन देकर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने की अनुमति देने की मांग की। मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी को बताया कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापित करने के लिए उन्होंने एक जगह चिह्नित की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाया जाना राष्ट्रभक्ति से प्रेरित कार्य है। इस अवसर पर लोकेश ढोडी, प्रदीप बांगवा, आशुतोष सक्सेना, सरदार गुरमीत सिंह, नितिन शर्मा और पप्पन सैन आदि उपस्थित रहे।

### चोर से तीन गुना ज्यादा कमाते हैं कबाड़ी

**गाजियाबाद।** चोरी के वाहनों से कबाड़ी मोटी कमाई कर रहे हैं। कबाड़ी चोरी के वाहनों का कटान कर पार्ट विभिन्न दुकानों व शोरूमों में सप्लाई करते हैं। ऐसा कर वह एक बाइक पर तीन गुना मुनाफा कमाते हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि कबाड़ी भी चोरी की वाहनों को अच्छी रकम देकर खरीदते हैं। उल्लेखनीय है कि कोतवाली गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गढ़-मेरठ रोड से अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों से चोरी की एक कार, दस बाइक, 20 वाहनों की चाबियां, चोरी में प्रयुक्त उपकरण, एक तमंचा और दो कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित दिल्ली एनसीआर समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों से वाहन चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मेंथा तेल बेचने के नाम पर ठगी, पांच गिरफ्तार

● तेल के स्थान पर कई ड्रमों में भरा था पानी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मेंथा का तेल पीपल मेंट बेचने के नाम पर कारोबारी से 22 लाख की ठगी करने वाले 5 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने ठगी के 18 लाख 54 हजार रूपए बरामद किए है।

आरोप आसिफ, जीशान, इस्तेकार, शिवकुमार, अमित को एसओ मुन्रेश सिंह की टीम ने इसापुर त्योड़ी जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने 18 फरवरी को मेंथा का तेल पीपल मेंट बेचने के नाम पर 22 लाख रूपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। तेल के नाम पर कुछ ड्रमों में पानी भरकर उन्हें दे दिया गया। सीओ मोदीनगर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि संभल के नूरयौ सराय निवासी नावेद कारोबारी हैं। कुछ समय पहले नावेद की मुलाकात इस्तेकार से हुई थी।

जहां इस्तेकार ने उन्हें काम दाम में मेंथा का तेल दिलाने की बात कही थी। जिसके बाद इस्तेकार ने नावेद की मुलाकात आसिफ और जीशान से कराई थी। नावेद को झांसे में लेने के लिए उसे पहले तेल का नमूना दिखाया और तेल की गुणवत्ता देख 22 लाख रूपए में 30 ड्रम तेल खरीदने का सौदा तय हुआ। गत 18 फ रवरी को भोजपुर में आकर तेल लेने की बात तय हुई।

नावेद उनके बताए स्थान पर तेल लेने के लिए भोजपुर के जंगल में पहुंच गया। जहां पहले से ही तेल ड्रम रखे हुए थे। कुछ ड्रम खोलकर देखने पर सही मिला, जिसके बाद नावेद ने सभी ड्रमों को ट्रक में भरवाकर संभल ले गया, लेकिन जब संभल में पहुंचकर सभी ड्रमों को चेक किया तो कुछ ड्रमों में पानी भरा हुआ था। जिसके बाद उसने इस्तेकार को फोन किया, लेकिन वह बंद था। वापस भोजपुर पहुंचा, लेकिन आरोपी गायब मिले। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाने में दी। पीड़ित की शिकायत पर जांच करते हुए कार्रवाई की गई।

### परीक्षा देने आए छात्रों के दो गुट आपस में भिड़े

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित निजी कॉलेज के पास छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए।

आरोप है कि कार सवार छात्रों ने दूसरे छात्रों पर हमला किया। पुलिस ने मामले में छह छात्रों के खिलाफ कार्रवाई कर कार को सीज कर दिया है। सेक्टर-62 स्थित निजी कॉलेज में पत्रकारिता की परीक्षा थी। काफी विद्यार्थी परीक्षा देने आए थे।

दोपहर करीब डेढ़ बजे कार में सवार होकर कुछ छात्र पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने छात्रों के दूसरे गुट पर हमला कर दिया। इससे कई छात्र घायल हो गए। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।




सीआरपीएफ के जवानों को यातायात नियमों को पाठ पढ़ाती नोएडा पुलिस।

### महिला के आत्मदाह मामले में देवर सहित दो पकड़े

**नोएडा।** फेस-2 कोतवाली पुलिस ने एनएसइजेड चौकी के समीप महिला द्वारा खुद को आग लगाकर आत्मदाह करने के मामले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में महिला का देवर शामिल है, जबकि एक आरोपित अभी फरार है। महिला का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि इलाहाबास गांव की रहने वाली संगीता 31 ने पुलिस कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाकर एनएसइजेड पुलिस चौकी के पास केरोसिन छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया था। आग को बुझाकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया था।

## बेटी के साथ फंदे पर लटका पिता, पत्नी से हुआ था विवाद



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक पिता अपनी एक साल की बेटी के साथ फंदे पर झूल गया। इससे दोनों की मौत हो गई है। घटना विजय नगर के अकबरपुर इलाके की है। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया।

जानकारी के अनुसार, मृतक अमित चौहान और उसकी पत्नी के बीच देर रात विवाद हो गया था। इसके बाद अमित अपनी एक साल की बेटी के साथ सोने के लिए एक कमरे में चला गया और उसकी पत्नी शिवानी दूसरे कमरे में सो गई।

शिवानी का कहना है कि गुरुवार सुबह जब वह उठी तो एक ही रस्सी से बने फंदों पर बेटी और पति लटके हुए थे। आनन.फ ानन में उसने आसपास के लोगों को बुलाया और फिर पुलिस को भी सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### बेरोजगार युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

**नोएडा।** सदरपुर कॉलोनी में गुरुवार रात युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर पहुंची सेक्टर.39 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि युवक बेरोजगारी के कारण काफी दिनों से तनाव में था। जानकारी के अनुसार सदरपुर कॉलोनी निवासी विनीत कुमार अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। उन्होंने गुरुवार रात अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने जब शव को फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव को नीचे उतारकर कब्जे में ले लिए। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया पुलिस जांच में पता चला कि युवक कुछ समय पहले फेज-2 स्थित कंपनी में काम करता था। काफी समय पहले उसकी नौकरी छूट गई थी। इसी बात को लेकर वह तनाव में चल रहा था। इस मामले में अभी तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में लावारिस कुत्तों की नसबंदी शुरू, हेल्पलाइन नंबर जारी

● नसबंदी का खर्च प्राधिकरण और सोसाइटी के लोग वहन करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में लावारिस कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने और निवासियों को परेशानी को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने नई पहल की है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर स्वर्णनगरी में लावारिस कुत्तों का नसबंदी केंद्र शुरू कर दिया है।

सबसे पहले ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमीक्रॉन-टू के निवासियों ने अपने यहां के लावारिस कुत्तों की नसबंदी कराने के लिए पैसे जमा करा दिए हैं। यहां की एसोसिएशन ने 250 रुपये प्रति कुत्ते के हिसाब से 2,500 रुपये जमा कराए हैं। हालांकि, प्रति डॉगी 1000 रुपये का खर्च आएगा। शेष खर्च ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण वहन करेगा। ह्यूमेन वेलफेयर नाम की संस्था को यह जिम्मेदारी दी गई है। नसबंदी के बाद कुत्ते के गले में पट्टा पहनाया जाएगा। साथ ही कान पर कट भी लगा दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर जनस्वास्थ्य विभाग ने स्वर्णनगरी में कुत्तों के नसबंदी का केंद्र बना दिया है। साथ ही कुत्तों की नसबंदी के लिए ह्यूमेन वेलफेयर सोसाइटी से करार किया है। यही संस्था कुत्तों को पकड़कर लाएगी और उनकी नसबंदी करेगी। एक कुत्ते की नसबंदी पर 1,000 हजार रुपये का खर्च आएगा। प्रति कुत्ते के हिसाब से 250 रुपये सेक्टरवासियों या सोसाइटी वासियों को वहन करना पड़ेगा। शेष 750 रुपये ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण वहन करेगा। जिस भी सेक्टर या सोसाइटी की आरडब्ल्यूए को अपने यहां के कुत्तों की नसबंदी करानी है वह प्रति कुत्ते के हिसाब से 250 रुपये संस्था के खाते में जमा करा सकते हैं। संस्था के प्रतिनिधि कुत्तों को पकड़कर लाएंगे। उनकी नसबंदी करेंगे और फिर उनको वहीं पर छोड़ आएंगे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के ऐनीमल बर्थ कंट्रोल एबीसी रूल के अनुसार जिस कुत्ते को जहां से पकड़ा जाएगा, नसबंदी के बाद उसे वहीं छोड़ना होगा। बृहस्पतिवार को डॉग स्टरलाइजेशन सेंटर कुत्ता



नसबंदी केंद्र की शुरुआत के मौके पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सलिल यादव ने बताया कि यह स्टरलाइजेशन सेंटर है। यहां पर कुत्तों की सिर्फ नसंबदी की जाएगी। इस सेंटर में 53 कैनल्स बनाए गए हैं, जिसमें नसबंदी के बाद पांच दिन के लिए कुत्तों को रखा जाएगा।

उनको एंटी रेबीज इंजेक्शन भी लगाया जाएगा। उसके बाद उन्हें जहां से लाया गया था, वहीं पर वापस छोड़ दिया जाएगा, जिस सेक्टर या सोसाइटी की आरडब्ल्यूए का पैसा पहले जमा होगा, वहां के कुत्तों की नसबंदी पहले की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस सेंटर में ऑपरेशन रूम व वेटिंग एरिया भी बनाया गया है। सेंटर में कुत्तों की देखरेख के लिए 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहेंगे। ऑपरेशन रूम में एसी, फ्रिज व आरओ की व्यवस्था की गई है। इस केंद्र को शुरू करने के मौके पर प्रबंधक वैभव नागर व जितेंद्र यादव, वैटनिरी डॉक्टर प्रेम चंद्र, स्मार्ट सैंचुरी की फ ाउंडर कावेरी राणा, ह्यमेन वेलफेयर के प्रतिनिधि व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी मौजूद रहे। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने भी इसकी सराहना की।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इस पहल के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की सराहना की। ग्रेटर नोएडावासियों से लावारिस कुत्तों की नसबंदी कराने के लिए आगे आने की अपील की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कुत्तों की नसबंदी कराने के लिए मोबाइल नंबर-7838565456 जारी किया है। इस पर कॉल करके नसबंदी कराने की सूचना दी जा सकती है

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पीने में इस्तेमाल होगा मानसून का पानी

## यमुना में जमा करेंगे बारिश का पानी, शोधित कर घर-घर पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की सरकार हर घर चौबीस घंटे पानी आपूर्ति करने का रोडमैप तैयार कर लिया है। आने वाले समय में पीने में इस्तेमाल होगा बारिश का पानी। मानसून के दौरान यमुना नदी में आने वाले अतिरिक्त पानी को जमा करने और उसे शुद्ध कर लोगों के नलों तक पहुंचाने की कार्य योजना बनाई गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संबंधित अधिकारियों को पायलट योजना के आधार पर वजीराबाद जलाशय के ऊपरी छोर पर 459 एकड़ का कैचमेंट वेटलैंड जलाशय बनाने और 20 एकड़ का ऑफ रिवर मिनी जलाशय बनाने के निर्देश दिए। केजरीवाल ने कहा कि यह रणनीति सफल होती है, तो ऐसे और जलाशय बनाए जाएंगे, ताकि मानूसन के दौरान यमुना में आने वाले अतिरिक्त पानी को जमा कर उसका इस्तेमाल पीने के लिए किया जा सके। अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को मानसून के दौरान यमुना में आने वाले अतिरिक्त पानी को स्टोर करने और उसे साफ कर लोगों के घर तक पहुंचाने को लेकर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों संग उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम के समक्ष एक प्रजेंटेशन दिया गया।

प्रजेंटेशन को देखने के बाद केजरीवाल ने प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान दो प्रस्तावों पर आगे बढ़ने की सहमति बनी है।

पहला, यमुना नदी के पश्चिमी तट पर स्थित वजीराबाद जलाशय के ऊपरी छोर पर बनने वाले कैचमेंट वेटलैंड में करीब 1735 एमजी पानी को स्टोर किया जा सकेगा। दूसरा, 20 एकड़ का ऑफ रिवर मिनी जलाशय बनाने पर विचार किया गया, जिसकी गहराई 10 मीटर तक होगी और यहां करीब 223 एमजी मानसून का पानी का जमा करने की योजना है।

इन दोनों प्रस्तावों पर बातचीत के उपरांत संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि इस पर जल्द काम शुरू हो सके। केजरवाल ने कहा कि दिल्ली वालों को 24 घंटे स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए कई तरह के कदम उठाए गए है। इसी के मद्देनजर मानसून और बाढ़ा के पानी को जमा करने की रणनीति बनाई है। इसके लिए पायलट आधार पर जलाशयों का विकास करने को लेकर रणनीति और एक्शन प्लान पर काम किया जा रहा है। इसके तहत सभी स्टोरेज स्ट्रक्चर पल्ला तक फैले वजीराबाद जलाशयों को विकसित किया जाएगा। इससे नदी की पारिस्थितिकी और आसपास के आवासीय क्षेत्रों पर कोई विपरित प्रभाव नहीं पड़ेगा और ऑफ-रिवर मिनी जलाशयों को सीमांत बांध के बाहर विकसित किया जाएगा।

### पेयजल क्षमता बढ़ाने के लिए तीन रणनीति पर काम शुरू

यमुना के करीब 32203 एमजी मानसून के पानी को स्टोर करने के लिए तीन रणनीति प्रस्तावित की गई है। पहला, 200 एकड़ के 20 कैचमेंट वेटलैंड भंडारण जलाशय बनाए जाएंगे और सभी जलाशयों की गहराई दो मीटर होगी, जहां 8552 एमजी मानसून का पानी स्टोर किया जा सकेगा। दूसरा, वजीराबाद जलाशय के एक हजार एकड़ में तालाब का विस्तार किया जाएगा। इसकी गहराई दो मीटर होगी और यहां पर 2138 एमजी मानसून के पानी को जमा किया जा सकेगा। तीसरे प्रस्ताव के तहत, 100 एकड़ के 20 ऑफ रिवर मिनी जलाशय बनाए जाएंगे। सभी जलाशयों की गहराई 10 मीटर रखी जाएगी। यहां 21381 एमजी मानसून के पानी का भंडारण हो सकेगा। इसके अलावा मौजूदा तालाब की दो मीटर की गहराई तक सिल्ट (गाद) निकाली जाएगी। इससे 132 एमजी पानी का अतिरिक्त भंडारण हो सकेगा।

## मरने वालों के 80 फीसदी नमूनों में मिला ओमीक्रोन संक्रमण

**नई दिल्ली।** कोविड-19 से जान गंवाने वाले मरीजों के 22 फरवरी तक लिए गए नमूनों में 80 प्रतिशत में ओमीक्रोन स्वरूप पाया गया है। मरने वालों से एकत्र किए गए 239 नमूनों के जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि उनमें से 191 में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरियंट थे। शेष 48 (20 प्रतिशत) नमूनों में डेल्टा समेत कोरोना वायरस के अन्य स्वरूप पाए गए। डेल्टा स्वरूप पिछले साल अप्रैल और मई में महमारी की दूसरी लहर के लिए जिम्मेदार रहा था।

दिल्ली सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 22 फरवरी तक



जीनोम अनुक्रमण प्रयोगशालाओं में कुल 626 नमूनों के विश्लेषण में 92 में ओमीक्रोन स्वरूप पाए गए। कुल नमूनों में दो प्रतिशत में डेल्टा स्वरूप और छह प्रतिशत अन्य स्वरूप पाए गए। कोविड के मामले 13 जनवरी को 28,867 की रिकार्ड उंचाई पर पहुंचने के बाद से घट रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



टाटा पावर डिस्ट्रीब्यूशन के सीईओ गणेश श्रीनिवासन मॉडल को देखते हुए।

### छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के बारे में किया जागरूक

**नई दिल्ली।** टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने स्कूली छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण के बारे में जागरूक बनाने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के मकसद से ऊर्जा मेला का आयोजन किया। इसका मकसद युवाओं को पर्यावरण के बारे में जागरूक करना है। साथ ही उन्हें अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने की भावना उत्पन्न भरना है। ऊर्जा मेला में 50 सरकारी और निजी स्कूलों ने भाग लिया। उभरते उद्यमियों को पुरस्कृत करने के लिए एक नई श्रेणी शो योर ऑन्ट्रप्रेन्योरशिप स्किल्स भी शुरू की गई। छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण, सुरक्षा, ड्राइंग्स, पोस्टर्स बनाए। टाटा पावर के क्लब एनर्जी प्रोग्राम से जुड़े हैं, जो उन्हें एनर्जी कंजर्व करने के बारे में समाज के स्तर पर बदलाव लाने संबंधी जानकारी देता है। मेले के दौरान टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन के सीईओ गणेश श्रीनिवासन ने कहा युवा वर्ग ही सस्टेनेबल भविष्य की मशाल हैं। उन्हें कम उम्र से ही इस बारे में जानकारी देकर जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद दी जा सकती है।

### सौर ऊर्जा व शाकाहार से सुधरेगा पर्यावरण: डा.पाराशर

**नई दिल्ली।** आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉक्टर आर. पी.पाराशर के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग से पूरे विश्व में भीषण तबाही मचाई है। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के आकलन के अनुसार जलवायु परिवर्तन से 2030 तक विश्व भर में ढाई लाख से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु होने की आशंका है। मांस प्राप्ति के लिए यदि पशुपालन बंद कर दिया जाए तो उससे बचने वाले पानी और पेड़ पौधों से कई गुना जनसंख्या का पेट भर सकता है। सौर ऊर्जा का उत्पादन काफी सस्ता पड़ता है। पृथ्वी को विनाश से बचाने के लिए विभिन्न प्रयास करना सरकार के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। ईंधन के रूप में सौर ऊर्जा और भोजन के रूप में शाकाहार अपना कर इसकी शुरुआत की जा सकती है ताकि भविष्य के लिए पर्यावरण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके।

### पेड़ों की जड़ों को नुकसान पहुंचाए जाने से कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने चितरंजन पार्क इलाके में पेड़ों की जड़ों को नुकसान पहुंचाए जाने पर नाराजगी जताई। उसने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के नियमों एवं आदेशों के संवेदनहीन असम्मान के चलते नागरिकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। अदालत, चितरंजन पार्क में बिपिन पाल मार्ग पर और आसपास के इलाकों में बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड द्वारा पाइपलाइन या केबल लाइन बिछाए जाने के सिलसिले में अधिकारियों के खिलाफ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही है। इस कार्य के दौरान, पेड़ों की जड़ो को, विशेष रूप से एक मीटर की परिधि में नुकसान पहुंचाया गया। अदालत ने बीएसईएस राजधानी, लोक निमार्ण विभाग के कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग के मुख्य इंजीनियर, चितरंजन पार्क पुलिस थाने के पुलिस अधिकारियों और संबद्ध इलाके के वृक्ष अधिकारी या उप वन संरक्षक को नोटिस जारी किया है।

## रिश्वत लेते हुए डीडीए का सहायक निदेशक गिरफ्तार

**सीबीआई की शिकायत में आधार पर पंकज कुमार पर दर्ज किया था केस**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने कथित रिश्वतखोरी के एक मामले में दिल्ली विकास प्राधिकरण के सहायक निदेशक को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर आरोपी पंकज कुमार पर मामला दर्ज किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता की पत्नी के नाम पर संपत्ति के हस्तांतरण विलेख जारी करने से संबंधित दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए कथित तौर पर 50,000 की मांग की थी। सीबीआई के प्रवक्ता आर सी जोशी ने कहा, पंकज पर यह भी आरोप लगाया गया है कि बातचीत के बाद वह 30,000 की रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गए थे। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जाल बिछाया और पंकज कुमार को शिकायत करने वाले से 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## पूर्वी निगम विकसित करेगा 21 मॉडल स्कूल

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम अपने क्षेत्र में 21 मॉडल स्कूल विकसित करेगा।

इसमें शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के 14 तथा शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के 7 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। इन स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से नौनीहालों को शिक्षा दी जायेगी। पूर्वी निगम के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि नई शिक्षा नीति को देखते हुए और गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा देने के मकसद से डेढ़ दर्जन से अधिक विद्यालयों को मॉडल विद्यालयों के रूप में विकसित करेगा। अग्रवाल ने बताया कि पूर्वी निगम के 354 स्कूलों में करीब 2 लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं।

## एक माह में गड्ढा मुक्त होंगी सभी सड़कें

**निर्माण में मिली खामी तो नपेंगे इंजिनियर : सिसोदिया**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महीने भर के भीतर दिल्ली वालों को गड्ढामुक्त सड़कों से निजात मिल जाएगा। अगर किसी सड़क के निर्माण में कोई खामी पाई जाती है तो उसे बनाने वाला संबंधित इंजीनियर नपेंगे। लोगों को बेहतर सड़कें मिल सके और खराब सड़कों की शिकायत दर्ज कर सके इसके लिए लोक निर्माण विभाग जल्द ही एक ऐप जारी करेगा।

पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए दिल्ली सरकार सरकार लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें बेहतर सड़कें भी शामिल है। सिसोदिया ने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द ही विभाग के अंतर्गत आने वाली सभी 1300 किलोमीटर की सड़कों की जाँच की जाए और जिन स्थानों पर सड़कों में पैचवर्क व मरम्मत की जरुरत है उसके एक महीने के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि सड़क मरम्मत का काम बिना किसी देरी के बेहतर ढंग से होना चाहिए और यदि कार्य में देरी होती है या कोई खामी पाई जाती है तो संबंधित इंजिनियरों के खिलाफ करवाई की जाएगी

**पीडब्ल्यूडी जारी करेगी ऐप**

नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सके और उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। लोक निर्माण विभाग जल्द ही मोबाइल एप्लीकेशन लांच करेगी। इसके माध्यम से लोग खराब सड़कों की शिकायत कर सकेंगे। मालूम हो रोहतक रोड, पंजाबी रिंग रोड, मोती नगर, जाफराबाद, आईएनए, शकूरबस्ती अंडर पास के निकट, सड़कों बने बड़े-बड़े गड्ढों के चलते वाहनों की रफ्तार थम जात है।



# विधायक ने कन्हई गांव में किया चौपाल का शिलान्यास

**विधायक सुधीर सिंगला ने बताया, 75 लाख रुपये की लागत से बनेगी आलीशान चौपाल**

**गांव में चौपाल का निर्माण होने के साथ ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के कन्हई गांव में चौपाल का शिलान्यास करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को कन्हई गांव में चौपाल का शिलान्यास किया। इस चौपाल के निर्माण पर 75 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस चौपाल का निर्माण होने के साथ ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, पार्षद मनीष वजीराबाद, अनिल अनिता यादव, पूर्व सरपंच सतीश यादव, कर्मवीर यादव, मोहित, मातादीन यादव, उदय सिंह, देवराज सरपंच, अशोक डबास, सुनील मेंबर, राजू व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आज गुरुग्राम में अधिकतर गांव शहर का हिस्सा बन चुके हैं। विकास की बह रही गंगा में गांवों का भी विकास हुआ है। गांव अब सेक्टर्स का हिस्सा बन चुके हैं। गांवों में सीवरेज, पेयजल, बिजली, परिवहन की सुविधाएं अच्छी तरह से दी जा रही हैं। लोगों को डोर स्टैप पर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा विकास में सहयोग किया जा रहा है। गुरुग्राम में नामी कंपनियों ने सरकारी स्कूलों की कायापलट की है। ये काम सरकार की सीएसआर पॉलिसी के तहत और भी बेहतरी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने क्षेत्र की समस्याओं और वहां पर सुविधाओं को लेकर अवगत कराएं। जो भी कमियां होंगी, उन्हें बिना देरी के दूर किया जाएगा। उन्होंने विधायक आपके द्वार जनता दरबार कार्यक्रम की शुरुआत की है। गुरुग्राम विधानसभा में इस तरह के दरबार श्रृंखलाबद्ध लगाए जाएंगे, ताकि जनता के बीच अधिकारियों को बुलाकर मौके पर ही सभी समस्याओं का समाधान हो सके।

## स्ट्रक्चरल संबंधी शिकायतों के समाधान को स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग कमेटी गठित

**गुरुग्राम।** रिहायशी सोसाइटियों में स्ट्रक्चरल सम्बन्धी शिकायतों के निवारण के लिए हरियाणा सरकार द्वारा स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी जिला नगर एवं ग्राम योजनाकार विभाग द्वारा बनाई गई है। इस कमेटी द्वारा मौजूदा स्ट्रक्चर का अध्ययन करके आवश्यकता अनुरूप आगे दिशा-निर्देश दिए जाएंगे ताकि उसे सुरक्षित बनाया जा सके। भविष्य में कोई समस्या उत्पन्न ना हो। यह जानकारी हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने शुक्रवार को गुरुग्राम में अर्बन डेवेलपमेंट कॉन्क्लेव के दौरान मीडिया से बातचीत में दी।

उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर की मजबूती एक महत्वपूर्ण विषय है, ताकि अलॉटियों को सुविधा हो और इसके लिए रोड मैप भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, तमिलनाडु तथा झारखंड सहित कई अन्य राज्यों से चेयरमैन यहां पहुंचे हैं। जो भी शहरी विकास संबंधी मुद्दे हैं उन पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान दूसरे राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिसेज भी साझा की जाएगी, ताकि अन्य राज्य भी उसका लाभ उठा सकें।

# उपायुक्त से मिले पंजाबी बिरादरी महा संगठन के सदस्य


गुरुग्राम के उपायुक्त का सम्मान करते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महा संगठन का प्रतिनिधिमंडल प्रधान बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में नवनियुक्त उपायुक्त निशांत कुमार यादव से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को संगठन की गतिविधियों के बारे में और ध्येय के बारे में अवगत कराया।

उन्हें बताया कि यह संगठन बिना किसी जाति भेदभाव के सेवा करता है। सर्दियों में कंबल वितरण, गर्म जैकेट वितरण, गोशालाओं में घी व सामग्री वितरण महा संगठन की ओर से गत दिनों किए गए हैं। इसके अलावा संस्कृति सहेजने को त्योहार मनाते हैं, स्वास्थ्य शिविर, आंखों के शिविर आदि में नि:स्वार्थ भाव से संस्था काम करती है। प्रधान बोधराज सीकरी के मुताबिक उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने महासंगठन के क्रियाकलापों की खुले दिल से सराहना की। बोधराज सीकरी ने उन्हें बताया कि हाल ही में टीकाकरण का अभियान संगठन ने बेहतरी से चलाया। कम समय में करीब 33000 से भी ज्यादा लोगों का घर-घर मुहिम के तहत टीकाकरण किया। अब 26 फरवरी 2022 को कुटिया मंदिर स्वामी गंगागिरी महाराज जी की कुटिया में आंखों का मुफ्त ऑपरेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है, इसमें लोगों को चश्मे व दवाइयां मुफ्त दी जाएंगी। इस अवसर पर सुरेंद्र खुल्लर, रामलाल ग्रोवर, गजेंद्र गोसाई, अनिल कुमार, सुभाष गांधी, श्याम ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्य विभाग सात हजार बच्चों को पिलाएगा पोलियो की दवा

**सोहना।** नगर परिषद सीमा क्षेत्र में जीरों से पांच वर्ष की उम्र वाले 7342 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पहले दिन 60 से 65 फीसदी बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। रविवार से शुरू होने वाला पोलियो अभियान तीन दिन चलेगा। पहले दिन बूथ स्तर पर फिर सोमवार और मंगलवार को डोर टू डोर जीरो से पांच वर्ष की उम्र वाले बच्चों को दो बूंद जिन्दगी की पिलाई जाएगी। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 86 वैक्सीसनेटरों को तैनात किया है। पोलियो अभियान के प्रभारी डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि शहर के चार अधिक भीड़ वाले स्थानों पर टीम लगाई गई है। जिसमें नागरिक अस्पताल, सामान्य बस स्टैड, अंबेड़कर बाईपास चौक व इंडरी मोड़ शामिल है। शनिवार को ही सभी टीमों को अपने-अपने बूथ की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार पोलियो अभियान की शुरुआत सोहना विधायक संजय सिंह नागरिक अस्पताल में नौनिहालों को दो बूंद पोलियो की पिलाकर करेंगे। सोहना के एसएमओ नवल किशोर ने बताया कि पिछले करीब ढाई माह से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रही खंड की 213 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोलियो अभियान में पहली बार दूर रहेंगी। उनके स्थान पर निजी कॉलेज में फॉर्मेसी कर रहे छात्रों को तैनात किया जा रहा है।

## पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने महेन्द्रवाड़ा निवासी विवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने आरोपियों पर दो लाख रुपये नकदी व गाड़ी की मांग करने तथा उसके पिता को जान से मार देने की धमकियां देने का आरोप भी लगा है। महेन्द्रवाड़ा निवासी विवाहिता पुत्री राजेन्द्र ने गुरुग्राम पुलिस आयुक्त को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी जिला रोहतक का गांव टटोली निवासी भीम देव से 22 जनवरी 2018 को धार्मिक रीति-रिवाजों को निभाते हुए उसके पिता ने विवाह किया था, लेकिन उसके पिता द्वारा दिया दान दहेज से उसका ससुर रविन्द्र, नन्दोई शारदा व नन्द का लड़का जीत खुश नहीं था। उसका पति शादी से पहले ही शराब पीने का आदी था। यह सब रिश्ता होने के दौरान उनसे छुपाया गया। शादी के बाद से पति शराब पीने के बाद उसकी मारपीट करने तथा 3/4 लाख रुपये नकदी व गाड़ी न लाने के ताने मारने लगा। जिसको ससुर सुरेन्द्र व नन्दोई शारदा व नन्द का लड़का जीत भी सहायता करते रहते हैं। उसका पति कई बार उसके पिता राजेन्द्र को जान से मारवाने देने की धमकियां भी दे चुका है। उसे सभी लोगों ने मिलकर घर से बाहर निकाल दिया। पिता के घर से दो लाख रुपये की नकदी व गाड़ी लाने पर ही रखने की धमकियां दे रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

## कार सवार तीन तस्करों से 10 किलो गांजा पकड़ा

**सोहना।** सीआईए सेक्टर दस गुरुग्राम पुलिस टीम ने गुरुवार को भोंडसी में कार सवार तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तलाशी के दौरान 10 किलो 17 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गश्त कर रही सीआईए-10 गुरुग्राम पुलिस के एसआई दीपक को गुरुवार को सूचना मिली की सोहना की तरफ से टैक्सी नंबर कार आ रही है। जिसमें सवार चालक समेत लोग गांजा तस्कर हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने भोंडसी में कार को रुकवाकर और बागवानी विभाग के एसडीओ रविन्द्र ड्यूटी मैजिस्टेट की निगरानी में तलाशी ली गई। आरोपियों की पहचान रघुनाथ निवासी उत्तर प्रदेश व हाल निवास दिल्ली, दूसरे की पहचान राम आसरा मूल निवासी यूपी व हाल निवास कापसहेड़ा दिल्ली तीसरा गाजेन्द्र निवासी मूल बिहार के रुप में हुई है। तीनों आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ आरोपियों ने जिला नूंह का गांव घासेड़ा निवासी लुकमान से खरीदकर बेचने के लिए लाए।

## इनेलो सरकार बनने पर पुरानी पेंशन लागू करेंगे



**गुरुग्राम।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव एवं विधायक ऐलनाबाद अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो सरकार बनने पर हरियाणा प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नीति के आधार पर पेंशन दी जायेगी। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के संरक्षण में नशा का कारोबार चल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी अशोक जैन, जिला अध्यक्ष रोहताश खटाना, प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर, गुरुग्राम हल्का प्रधान शमशेर कटारिया, पपली सरपंच, अटलबीर कटारिया, नवनियुक्त जिला संयोजक (पिछड़ा वर्ग) आसिफ अली, नवीन जांगड़ा, अजीत अधाना, इंद्रसिंह, कर्मबीर सरपंच, एडवोकेट सुशील यादव, सचिन जांगड़ा, राजीव यादव, विकास शर्मा, भास्कर बलूनी उपस्थित रहे।

## वृद्ध महिला की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज

**सोहना।** पुलिस आयुक्त के आदेश पर जयपुर राजस्थान निवासी 65 वर्षीय वृद्ध महिला की शिकायत पर सोहना सिटी थाना पुलिस ने बैग में से नकदी और जेवरात चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने वृद्धा के बैग से चोरी हुई नकदी व जेवरात की जांच शुरू कर दी है। राजस्थान के शहर जयपुर निवासी 65 वर्षीय महिला सुरेश कुमारी ने गुरुग्राम पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में बताया कि वह 2 अक्तूबर 2021 को सोहना के गर्म पानी शिव कुंड पर स्नान करने के लिए आई थी। उसके शरीर पर कुछ सफेद दाग (एक प्रकार का चर्म रोग) है। जब वह कुंड की सीढ़ियां चढ़ रही थी। उसके कंधा पर लटका बैग की चैन खुल गई। बैग के अंदर रखा पर्स निकल गया। जिसमें 8 से 9 हजार रुपये की नकदी तथा 35 ग्राम सोना था। वह बैग खुलने के कारण चोरी हो गया। जिसके लिए उसने साढ़े तीन माह में शिकायतें लिखकर भेजीं।

# गुरुग्राम विवि ने तिगरा गांव में लगाया फिजियोथैरेपी शिविर


गुरुग्राम के गांव तिगरा के शिविर में जांच कराते ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को गांव तिगरा में निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर लगाया गया। इसमें गांव के 150 लोगों ने जांच कराई।

इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय से फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञों ने कैंप में पहुंचे विभिन्न बीमारियों के रोगियों का इलाज किया। चिकित्सकों की टीम ने जोड़ो के दर्द, मांसपेशियों का दर्द, गर्दन का दर्द, घुटनों का दर्द, डिस्क खिसकना, कंधे का जाम होना, एडी का दर्द, गठियाबाय, लकवा से पीड़ित, पोलियो के रोगी, कंधा जाम व्यक्तियों का फिजियोथेरेपी विधि से उपचार किया। इस मौके पर चिकित्सकों ने कैम्प में इलाज के लिए आए लोगों को इन बीमारियों से बचने के बारे में बताया।शिविर में 150 रोगियों का मुफ्त इलाज किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि फिजियोथैरेपी एक महत्वपूर्ण चिकित्सा विधि है। इसमें बेहतर विकल्प मौजूद हैं। आज की दिनचर्या से उत्पन्न रोगों में फिजियोथेरेपी एक कारगर चिकित्सा पद्धति है। इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच बलबीर, यशपाल, डॉ. श्वेता, डॉ. बिजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# सुंदर लाल ने मारुति की नई बलेनो गाड़ी का मॉडल किया लांच

**सुंदर लाल यादव ने कहा, कंपनियां अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के मानेसर में नक्शा शोरूम पर सुंदर लाल का स्वागत करते सदस्य।

**भाजपा** पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने शुक्रवार को मानेसर के सेक्टर-01 में नक्शा शोरूम पर मारुति की नई बलेनो गाड़ी के मॉडल को लांच किया। इस अवसर पर शशि यादव, श्रीभगवान, केशु नाहरपुर, मनोज नाहरपुर, हर्ष यादव, सतीश डागर, हिमानी यादव के अलावा महाप्रबंधक अमिताभ, अश्वनी मित्तल, ऋषि अरोड़ा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में सुंदर लाल यादव ने कहा कि किसी भी कंपनी द्वारा अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

मारुति ने अपनी मार्केट वेल्यू मजबूती से पकड़ बनाई है। देश के साधारण परिवारों के लिए मारुति के चारपहिया वाहनों की मांग रहती है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मारुति का सबसे पहला प्लांट हमारे जिले गुरुग्राम में ही लगा था। उसके बाद गुरुग्राम के विकास को पंख लगे। उन्होंने वाहन खरीदने आए लोगों से अपील की कि वाहनों को सुरक्षित चलाएं। यातायात के नियमों का पालन करें। जीवन बहुत कीमती होता है।

## हर फेज का अलग प्लान हो स्वीकृत

**गुरुग्राम।** हरियाणा रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अर्थॉरिटी के चेयरमैन डा. केके खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रेरा एक्ट के सेक्शन-3 के अनुसार डेवेलपर अपने किसी प्रोजेक्ट को फेज आधार पर हिस्सों में तैयार कर सकता है। इसके लिए सक्षम विभाग से अनुमति ले सकता है। वे यहां आयोजित अर्बन डेवेलपमेंट कॉन्क्लेव के पहले दिन एक सत्र में बोल रहे थे।

केके खंडेलवाल ने कहा कि सभी प्रोजेक्ट में अलग-अलग फेज का अलग प्लान स्वीकृत किया जाना चाहिए। अगर भूमि बढ़ती है तो उसके लिए रिवाइज आवेदन होना चाहिए। सत्र में उत्तर प्रदेश रेरा के चेयरमैन राजीव कुमार ने कहा कि इस एक्ट के आने के बाद सभी राज्यों के प्राधिकरण ने अच्छा काम किया है। अब प्रयास होना चाहिए कि ग्राहकों और डिवलेपर की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए एक्ट के अनुसार सीमा निश्चित की जाए।

# केआर मंगलम के पांच दिवसीय अंतर-विवि सांस्कृतिक महोत्सव का समापन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को पांच दिवसीय सांस्कृति समारोह के समापन अवसर पर विजेता प्रभागियों के नाम बोलते हुए।

**शुक्रवार** को केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी कल्चरल महोत्सव का धूमधाम से समापन हो गया। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण रांदेवू नृत्य प्रतियोगिता और वसंत वाइब्स फैशन शो रहे। जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रांदेवू प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) पुष्प लता त्रिपाठी ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, हर कोई अलग अलग क्षेत्र में बढ़िया होता है। सबके अंदर अलग अलग काबिलियत होती है। और आज इस नृत्य प्रतियोगिता में सब अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। नृत्य प्रतियोगिता में पहली प्रतिभागी प्रीती रही। जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य से खूबसूरत शुरुआत की। दूसरी प्रतिभागी सोनम श्रीवास्तव ने भी शानदार प्रदर्शन किया। ललित, कनिका मेहता, प्रियंका और पलक सबने एक से बढ़ कर अपनी नृत्य की प्रतिभा दिखाई।

स्कूल ऑफ़ मेडिकल एंड अलाइड साइंसेज के डीन डॉ. अरुण गर्ग और चाइनीज के प्रोफेसर राजीव रंजन ने भी बीच में अपने सुरीले आवाज से गाने की कुछ पंक्तियां सुना कर माहौल में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम को डॉ. कनुप्रिया और डॉ. मीना भंडारी ने जज किया।

फैशन शो की थीम सीजन ट्रेल्स थी। प्रतियोगिता को डॉ. किरण बाला और डॉ. तान्या गुप्ता ने जज की भूमिका निभाई। अंतिम दिन फोटोग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें एसजेएमसी के छात्रों ने खूब सुर्खियां बटोरी। एसजेएमसी के अमन सैनी ने पहला और धारा चावला ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## अर्बन प्लानिंग में हरियाणा है देश का अग्रणी राज्य

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को यहां अर्बन डेवेलपमेंट कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता करते हुए भारत सरकार के आवास तथा शहरी मामले मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कनक्लेव का ऐजेंडा बहुत ही व्यापक है, जिसमें शहरीकरण से जुड़े सभी पहलुओं को कवर किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर परिवार के सिर पर छत हो। वितमंत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए आम बजट में भी अर्बन प्लानिंग पर फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि आने वाले 20 वर्षों में शहरीकरण देश के विकास को गति देगा। परंतु इसमें हमें सोचना है कि हमें कैसा शहरी विकास चाहिए। उन्होंने छोटे शहरों में बिना प्लानिंग के हो रहे शहरीकरण पर चिंता जताई और कहा कि शहरीकरण योजनाबद्ध तरीके से हो।

# प्रॉपर्टी टैक्स की खामियां दूर करने को वार्डों में लगेंगे कैंप

**सोहना। नगर** परिषद के वार्डों में प्रॉपर्टी टैक्स नोटिस की खामियों को दूर करने के लिए कैंप लगाए जाएंगे। जिनकी शुरुआत शुक्रवार से वार्ड-15 से की गई है। 9 मार्च तक खामियों को दूर करने के लिए वार्डों में कैंप लगाने का कार्य चलेगा।

नगर परिषद सीमा क्षेत्र में याशी कंपनी द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में बरती गई लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। जिससे याशी कंपनी पर उठ रहे सवाल और आम नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए परिषद के सभी वार्डों में कैंप लगाने का फैसला लिया है। परिषद के वार्ड नंबर 12, 18 और 19 में प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को लेकर पहले ही कैंप लगाए जा चुके हैं। शेष सभी वार्डों में अलग-अलग दिन कैंप लगाने की समय सीमा जारी कर दी गई है।

**कब कहा लगेगा कैंप** : नगर परिषद द्वारा जारी की गई समय सीमा के अनुसार शनिवार को वार्ड 16-17 में, रविवार को वार्ड-14, 28 फरवरी को वार्ड20-21, एक मार्च को वार्ड 10-11, दो मार्च को 4-5 वार्ड में, तीन मार्च को 6-8 वार्ड में, चार मार्च को 13 वार्ड में, पांच मार्च को 7 वार्ड में, 7 मार्च को 9 वार्ड, 8 मार्च को 3 वार्ड में और 9 मार्च को वार्ड 1-2 में लगाया जाएगा।

### प्रॉपर्टी टैक्स दुरुस्तीकरण के लिए कागजात

**नगर** परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने बताया कि नागरिकों को अपने प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को दूर कराने के लिए मुख्य रूप से कैंप में मुखिया का आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जमीन की रजिस्ट्री या ब्लैड डीड, पूर्व में भरा गया टैक्स की रसीद और नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त अस्सैमेंट की कॉपी। कैंप लगाने का समय सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा। नागरिक कैंप में जाकर अपने प्रॉपर्टी टैक्स में पाए जाने वाली खामियों को दूर करा सकते है।

# तंत्र विकसित करने पर काम कर रही हरियाणा सरकार: संजीव कौशल

**दो दिवसीय अर्बन डेवेलपमेंट कनक्लेव गुरुग्राम में हुई शुरू**

**मुख्य सचिव ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में अर्बन डेवेलपमेंट कॉन्क्लेव का शुभारंभ करते हरियाणा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र सिंह।

**हरियाणा** में योजनाबद्ध शहरीकरण को बढावा देने के लिए यहां शुक्रवार को दो दिवसीय अर्बन डेवेलपमेंट कनक्लेव शुरू हुई। इस कनक्लेव का शुभारंभ हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने किया। यह कनक्लेव हरियाणा के नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा हरेरा गुरुग्राम व हरेरा पंचकुला के साथ मिलकर नरेडको हरियाणा तथा क्रेडाई के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

शुभारंभ के अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि निर्माण की गुणवत्ता को लेकर हरियाणा सरकार अलॉटियों को आश्वस्त करने के लिए एक तंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम रेगुलेशन के युग में रह रहे हैं जिसमें एनजीटी, उच्चतम न्यायालय, रेरा आदि ने पर्यावरण, शहरी विकास जैसे विषयों पर कई प्रावधान दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कनक्लेव में शहरीकरण सेक्टर से जुड़े अनुभवी व्यक्तियों के साथ योजनाबद्ध शहरी विकास तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम और फरीदाबाद हरियाणा प्रदेश के एनसीआर में पड़ने वाले महत्वपूर्ण शहर है, जिनमें शहरीकरण के मुद्दों को सुलझाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अलाटियों पर फोकस करते हुए शहरीकरण से जुड़े विषय जिनमें निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा बिजली व पेयजल आपूर्ति, ट्रांसपोर्टेशन महत्वपूर्ण हैं। हमें यह भी ध्यान रखना है कि क्या एनसीआर क्षेत्र का विकास लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप हो रहा है और जन सामान्य की संतुष्टि के लिए हमें और क्या कदम उठाने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि कई बार निर्माण कार्य बाधित भी होता है जो अलाटियों तथा डिवलेपर दोनो को प्रभावित करता है। वह केवल कोविड की वजह से नहीं, बल्कि वायु प्रदूषण को लेकर प्रतिबंद्ध लगाए जाने के कारण भी होता है। उन्होंने आशा जताई कि इस कनक्लेव में ऐसे सभी विषयों पर सकारात्मक चर्चा होगी और उनका समाधान निकलेगा।


## रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी एक्ट में बदलाव की जरूरत

**गुरुग्राम।** रीयल एस्टेट के प्रोजेक्ट में फेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन के लिए एक्ट में बदलाव की सख्त जरूरत है। इससे डेवेलपर व अलाटियों की लगभग सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं और समय पर प्रोजेक्ट डिलीवर किए जा सकते हैं। हरियाणा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र सिंह ने यहां लीला होटल में आयोजित अर्बन डेवेलपमेंट कॉन्क्लेव के पहले दिन एक सत्र में बोलते हुए ये बातें कहीं।

सत्र के दौरान विभिन्न राज्यों के रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के चेयरमैनों ने भी सुझाव दिए और उनके राज्यों में रीयल एस्टेट लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन को लेकर अपनाई जा रही प्रक्रिया के बारे में बताया। देवेंद्र सिंह ने कहा कि सत्र के दौरान कुछ बातें सामने आई हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि हरियाणा में रीयल एस्टेट प्रोजेक्ट को विकसित करने में डेवेलपर को परेशानियां हैं।

# अच्छी सेहत के लिए साफ हवा है जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



डॉ. ज्ञानेंद्र अग्रवाल, एम.डी.(मेडिसिन), डी.एम. (पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन), यूरोपियन डिप्लोमैट इन रेस्पिरेटरी मेडिसिन, एडिशनल डायरेक्टर एंड यूनिट इंचार्ज-रेस्पिरेटरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन, जेपी हॉस्पिटल, नॉएडा (दिल्ली-एनसीआर, इंडिया) ने बताया कि आज आप जिस हवा में सांस ले रहे हैं उसे लेकर न्यूज चैनलों पर बहस जारी है, और इस जहरीली हवा की समस्या को जल्द से जल्द हल करने की बात की जा रही है। न सिर्फ उत्तरी भारत में बल्कि देश भर में हवा प्रदूषित हो चुकी है। इसके चलते लोगों में चेस्ट कन्जेशन, खांसी, सांस फूलना और सांस की अन्य बीमारियों के मामले तेज़ी से बढ़े हैं।

ऐसा क्यों होता है? प्रदूषित हवा में सल्फर डाई ऑक्साईड, कार्बन मोनो ऑक्साईड जैसे जहरीले रसायन होते हैं, साथ ही इस हवा में ऐसे सूक्ष्म कण भी होते हैं जो हमारी सांस के साथ श्वसन तंत्र के अंदर तक चले जाते हैं। कई सालों तक ये कण भीतर जाकर जमते रहते हैं जिससे सांस की नलियां संकरी होती चली जाती हैं और धीरे-धीरे सांस लेने में परेशानी होने लगती है।

इसी के परिणामस्वरूप होने वाली बीमारियों को सीओपीडी-क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज कहते हैं। डॉ. ज्ञानेंद्र अग्रवाल, एम.डी.(मेडिसिन), डी.एम. (पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन), यूरोपियन डिप्लोमैट इन रेस्पिरेटरी मेडिसिन, एडिशनल डायरेक्टर एंड यूनिट इंचार्ज-रेस्पिरेटरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन, जेपी हॉस्पिटल, नॉएडा (दिल्ली एनसीआर, इंडिया) बताते हैं की 55 मिलियन भारतीय इन बीमारियों का शिकार हैं, जिनमें से तकरीबन 1 मिलियन लोगों की मृत्यु हर साल हो जाती है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि सीओपीडी के बहुत सारे मामलों का निदान तक नहीं हो पाता, क्योंकि अक्सर लोग इसके लक्षणों की अनदेखी करते हैं। हल्की खांसी और सांस लेने में परेशानी होने पर लोग इसे खांसी-जुकाम समझते हैं। अगर आपको लम्बे समय तक खांसी रहे, या ऐसे लक्षण बार-बार दिखाई दें तो आपको सीओपीडी की जांच करानी चाहिए।

# कमरे से बेदखल कर कर्मियों को बैठने के लिए दिया जर्जर वैक्सीन स्टोर

**कविता।** फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल में 14 फरवरी को तम्बाकू निषेध केन्द्र का उद्घाटन ओपीडी के कमरा नम्बर 23 में किया गया था, लेकिन अब इस केन्द्र को पुरानी इमारत में मौजूद कमरा नम्बर 11 में शिफ्ट करने के निर्देश जारी कर दिए गए।

जिस कारण कमरा नम्बर-11 में बैठे वैक्सीनेशन सेंटर की कागजी कार्रवाई करने वाले कर्मियों को वैक्सीनेशन स्टोर में बैठने की जगह दी है, लेकिन वैक्सीनेशन सेंटर में 22 फ्रीज हैं। जबकि यह कमरा बिल्कुल जर्जर है। जिससे कर्मचारियों को शिफ्ट करने में दिक्कत हो रही है। नियमों के मुताबिक वैक्सीनेशन स्टोर सेंटर में कोई नहीं बैठ सकता, लेकिन फिर भी

### एक ही कमरे में 22 स्टोरेज फ्रीज के साथ बैठने को मजबूर हो रहे कर्मचारी

कर्मचारियों को वहां बैठा दिया। कर्मचारियों का कहना है कि यहां छत का लैंटर पहले ही झड़ता है। वहीं वैक्सीन के फ्रीज से निकलने वाली रेडिएशन भी उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यहां तैनात मैनेजर को पिछले दिनों माईग्रेन की समस्या से ग्रस्त होना पड़ा था।

**यह है पूरा मामला:** वैक्सीन रखने के लिए इस कक्ष में 22 छोटे बड़े फ्रीज हैं। बृहस्पतिवार को कमरे के लेंटर का टुकड़ा गिर गया। जिसकी सूचना अधिकारियों को


वैक्सीन स्टोर में जर्जर लैंटर के नीचे काम करते कर्मी। छत के लैंटर का टुकड़ा जो फ्रीज और कुर्सी पर गिरा।

भी दी गई थी। लेकिन कर्मचारियों को इस कमरे में काम करने के आदेश जारी कर दिए गए। वहीं उनके कक्ष को तम्बाकू निषेध केन्द्र के लिए इस्तेमाल करने के आदेश आए हैं।

**कर्मियों का कथन:** वैक्सीनेशन स्टोर के मैनेजर हरवेश, वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर नवीन और आईए देशबंधु द्वारा जिले में मौजूद 55 वैक्सीनेशन केन्द्रों से आने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का रिकार्ड रखना होता है। 55 सेंटरों से आने वाले रोजाना 55 लोगों से डील करनी पड़ती है।

जिन्हें वैक्सीन देने के बाद रिकार्ड रखना पड़ता है। इसके लिए उन्हें 11 नम्बर कमरा दिया गया था और वैक्सीन स्टोर रूम नम्बर-6 में था। लेकिन अब अधिकारियों ने उन्हें रिकार्ड रूम से हटाकर स्टोर रूम में बैठने के आदेश दे दिए हैं।

हरवेश का कहना है कि उन्हें इस कक्ष में रखे फ्रीज के कारण माईग्रेन की समस्या हो गई थी। जिस कारण उन्हें कक्ष अलग से दिया गया था। वहीं स्टोर रूम में किसी को भी न बैठने के निर्देश मुख्यालय से भी आए हैं। ऐसे में नियमों को ताक पर रखकर उन्हें स्टोर रूम में जर्जर छत के नीचे काम करना पड़ रहा है।

# दसवीं कक्षा के छात्र ने 15वीं मंजिल से कूद कर की आत्महत्या

### मृतक ने सुसाइड नोट में बच्चों और स्कूल प्रशासन पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

### इसी स्कूल की अध्यापिका मृतक की मां के बयान पर हुआ मामला दर्ज


रोती बिलखती मृतक छात्र की मां।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद की डिस्कवरी सोसाइटी में अपनी मां के साथ रहने वाले डीपीएस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र ने बिल्डिंग के सबसे ऊपरी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें उसने स्कूल प्रशासन पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। थाना बीपीटीपी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डिस्कवरी सोसाइटी में आरती अपने बेटे आर्वी के साथ रहती थी। आरती डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद स्कूल में अध्यापिका है। मृतक आर्वी उसी स्कूल में दसवीं क्लास का छात्र था। पिछले साल स्कूल के दो बच्चों ने आर्वी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते थे।

इस बात की शिकायत आर्वी ने स्कूल प्रशासन से की। किन्तु डीपीएस प्रशासन ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस घटना से आहत होकर आर्वी डिप्रेशन में चल रहा था। आर्वी के मानसिक बीमारी का इलाज भी चल रहा था। लॉकडाउन होने की वजह से स्कूल बंद होने पर आर्वी स्कूल नहीं जा रहा था। स्कूल खुलने और मैट्रिक की परीक्षा नजदीक होने पर आर्वी ने स्कूल जाना शुरू कर दिया। आर्वी मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस करने के कारण विज्ञान विषय के न्यूमेरिकल में स्कूल की एक शिक्षिका से सहयोग करने का निवेदन कर रहा था, किन्तु शिक्षिका ने भी आर्वी से कोई सहानूभुति नहीं दिखाई और मां-बेटे दोनों पर फालतू परेशान करने का आरोप लगाया।

24 फरवरी की शाम को आरती घर से बाहर थी। उसी समय उसे फोन आया कि आर्वी सोसायटी के टॉप फ्लोर से कूद गया है। सोसायटी निवासी उसे एक निजी अस्पताल जा रहे हैं। अस्पताल पहुंचने पर आरती को पता चला कि डॉक्टर ने आर्वी को मृत घोषित कर दिया है। आर्वी ने घर पर एक सुसाइड नोट लिख कर छोड़ा था। जिसमें मृतक ने अपनी मां को बहादुर महिला बताते हुए बच्चों व डीपीएस स्कूल प्रशासन द्वारा उसे प्रताड़ित करने के कारण अपना जीवन समाप्त करना लिखा है।

#### स्कूल की प्रिंसीपल का कथन

**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना का कहना है कि हमें छात्र की मृत्यु का बहुत दुख है। स्कूल हमेशा विद्यार्थियों को सहयोग करता है। आर्वी का भी स्कूल ने हमेशा हौसला बढ़ाया है।

आर्वी के कुछ स्वास्थ्य संबंधी निजी कारण थे। जिनकी वजह से वह काफी तनावग्रस्त था। उसका मानसिक रूप से तनावग्रस्त होने के कारण इलाज भी चल रहा था, परंतु इस दुख की घड़ी में हम परिवार के साथ हैं। हम भी चाहते हैं कि निष्पक्ष तरीके से जांच हो और जो सच है, वह सामने आए। स्कूल हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार है।

# जेसी बोस में शोध और शोधकर्ताओं को दिया जाएगा प्रोत्साहन


जेसी बोस विश्व विद्यालय में एलुमिनाई एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते कुलपति सुशील कुमार तोमर और अन्य लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय में अनुसंधान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा शोधकर्ताओं को उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाएंगे।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय की एलुमिनाई एसोसिएशन 'मॉब' के अध्यक्ष सुखदेव सिंह के नेतृत्व में आये एक प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे, जिन्होंने आज उनसे शिष्टाचार भेंट की और कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण करने पर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर डीन, प्लेसमेंट, एलुमिनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर प्रो. विक्रम सिंह, कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और निदेशक, एलुमिनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर डॉ. संजीव गोयल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कुलपति ने 'मॉब' प्रतिनिधियों द्वारा विश्वविद्यालय एवं उद्योग के बीच जुड़ाव और उद्योग उन्मुख अनुसंधान को बढ़ावा देने को लेकर रखे गए विचार की सराहना की। कुलपति ने विवि के साथ पूर्व छात्रों के मजबूत जुड़ाव की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अनिल कुमार भारद्वाज, अशोक नेहरा, मोहित वोहरा, अभिषेक, सुनील शर्मा, डॉ. सोनिया बंसल और मनीष प्रधान भी शामिल रहे।

# मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी ने किया झाड़ू प्रदर्शन


जुलुस निकाल कर झाड़ू प्रदर्शन करते नगर निगम के कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** नगर निगम कर्मचारियों ने शुक्रवार को हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर प्रदर्शन करते हुए सरकार से पूर्व में किये गए समझौतों को लागू करने व मांगों को पूरा करने के नारे लगाए। कर्मचारी भोजन अवकाश के समय निगम मुख्यालय पर एकत्रित हुए जहां विशाल जनसभा का आयोजन नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान गुरुचरण खांडिया की अध्यक्षता में किया गया।

इसके बाद बीके चौक से नीलम चौक तक जोरदार झाड़ू प्रदर्शन किया। अब ये कर्मचारी आगामी 2 व 3 मार्च को सभी पालिकाओं, नगर परिषदों, नगर निगमों के समस्त कर्मचारी क्रमिक अनशन कर 6 मार्च को शहरी स्थानीय निकायों एवं अग्निशमन विभाग के हजारों कर्मचारी शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के हिसार स्थित आवास पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे और प्रदर्शन के मंच से करेंगे। प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलवीर सिंह बालगुहेर मौजूद रहे तथा सीवर मेन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया, इलेक्ट्रिशन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, वाटर सप्लाई के प्रधान देवी चरण, सचिव राम रतन, ड्राइवर यूनियन के प्रधान परशराम अधाना, वेद भड़ाना, बेलदार यूनियन के प्रधान साहबुद्दीन खान, सैनिटेशन यूनियन के प्रधान शिवकुमार, वरिष्ठ नेता दलीप बोहत आदि नेता उपस्थित रहे।

# रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 109 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली के में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और आरके क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने आरके क्रिकेट अकादमी को 109 रन से हराया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 7 विकेट पर 241 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए मिरदुल ने 65 रन, वसीह ने 36 रन, सागर ने 30 रन बनाए। आरके क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए उदय नहर ने 3 विकेट, मोहम्मद अयान ने 2 विकेट, शिव रत्न ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए आरके क्रिकेट अकादमी ने 37.1 ओवर में 10 विकेट में 132 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

# कार लूट के मामले में कौशल गैंग के गुर्गे समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

### सुपारी लेकर हत्या करने के लिए लूटी थी बदमाशों ने कार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार की टीम ने मांगर चौकी के एरिया में हुई स्विफ्ट डिजायर कार की लूट के मामले में तीन आरोपियो को हरियाणा के कैथल जिले के गांव कलायत से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विजय उर्फ अमित उर्फ ईश्वर गुरुग्राम के गांधी नगर, मोनू उर्फ मोंटू उत्तर प्रदेश के जिले राजगढ़ के गांव माधोपुर का और अजीत उत्तर प्रदेश के जिले राजगढ़ के गांव दुर्गापुर का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पिछले महीने जनवरी माह में दशहरा ग्राउंड टैक्सी स्टैंड से तीन आरोपियों द्वारा एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को गुड़गांव यूनिवर्सिटी जाने के लिए बुक किया गया था। तीन आरोपियों ने योजना के मुताबिक गाड़ी ड्राइवर को


कार लूट के आरोप में गिरफ्तार युवक विजय, अमित और मोनू।

रास्ते में ही गाड़ी रोककर बंदी बना लिया और अवैध हथियार से हवाई फायरिंग करते हुए गाड़ी ड्राइवर को डरा धमका कर उसे गाड़ी से नीचे फेंक दिया और उसकी गाड़ी को लेकर फरार हो गए थे। गाड़ी ड्राइवर की शिकायात पर थाना धौज में लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कैथल के कलायत से तीनों आरोपियो को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों से 4 दिन की पुलिस रिमांड के बाद स्विफ्ट गाड़ी, देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में मुख्य आरोपी विजय से पता चला की आरोपी लूट और अवैध हथियार के मामले में तिहाड़ जेल दिल्ली से जमानत पर बाहर आया था उधर कैथल में दर्द मुकदमा मे भी जमानत पर चल रहा था। आरोपी अपने आपको कौशल गैंग के गुर्गे अमित डागर जो कि जेल में बंद है, का सदस्य बताता है। आरोपी विजय की मुलाकात कैथल के कलायत निवासी एक व्यक्ति से हुई जिसकी कुरुक्षेत्र में एक पेट्रोल मालिक के साथ मारपीट हो गई थी। जिसका बदला लेने के लिए व्यक्ति ने विजय को पेट्रोल पंप के मालिक व उसके भाई के मारने की सुपारी दी थी। विजय पंडित ने अपने साथियों मोंटू के साथ मिलकर फरीदाबाद के क्षेत्र में गाड़ी लूटने की योजना बनाई और मुताबिक योजना गाड़ी लूटकर ले जाने से पहले ही क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने आरोपियो को योजना में कामयाब होने से पहले ने गिरफ्तार कर लिया है।

# 100 से ज्यादा वारदातों में शामिल बंटी-बबली गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान क्राइम के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी निरीक्षक सेठी मालिक की टीम ने फरीदाबाद क्षेत्र में साइबर ठगी ड्रॉ निकलने का झांसा देने वाले गिरोह के दीपक झा व दीक्षा को 20 फरवरी को एनएचपीसी मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था। गिरोह के दो आरोपियों दीपक व सुहैल को भी गिरफ्तर कर लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी दीपक झा फरीदाबाद के धीरज नगर आरोपी पहले अपनी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता था, दीक्षा दिल्ली के जीवन नगर आश्रम, सुहैल उत्तर प्रदेश के जिले बिजनोर के गांव हमानंगली हाल उत्तर प्रदेश के नोएडा के खजुरी कॉलोनी सेक्टर 44 का रहने वाला है। दीपक सिंह निवासी दिल्ली के जैतपुर का रहने वाला है।


साइबर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार युवक और महिला।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियो ने 20 फरवरी को थाना सेक्टर 31 डीएलएफ एरिया से गाड़ी स्कार्पियो पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मोबाइल नंबर बदलकर लोगो के पास कॉल करके साइबर ठगी करने के लिए दीपक झा व दीक्षा को क्राइम ब्रांच टीम ने काबू किया है। आरोपी कस्टमर को नम्बर बदल बदल कर कॉल करते है। अपने झांसे देकर लोगों को ठगने का काम करते है। आरोपी लोगों को लकी ड्रॉ निकलने में स्मार्ट वाच खरीदने, बाइक या कार निकलने का झांसा देकर ग्राहकों को लालच में लेकर अपने नंबर पर पैसे डल वा लेते हैं। फिर उसको दूसरे नम्बर से कॉल करके बोला जाता है, कि आपका नम्बर शोर्ट लिस्ट हो गया है फिर कस्टमर से बोलते हैं। आपको गाड़ी तभी मिलेगी जब आप 18 प्रतिशत जीएसटी पे करना होगा। उसके बाद कस्टमर लालच में आकर उनके खाते में पैसे डालता है। क्राइम ब्रांच टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना सेक्टर-31 में ठगी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अदलत में पेश कर मामले की जानकारी के लिए दोनों आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस रिमांड पर आरोपियो ने अपने अन्य दो साथी दीपक और सुहैल जो डाटा लाकर देते हैं, के बारे में बताया जिनको क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से गाडी स्कार्पिओ व फर्जी नम्बर प्लेट, चार मोबाइल फोन व फर्जी सिम कार्ड और एक पेन ड्राइव बरामद किए गए है।

# सीरियल किलर सिंहराज के खिलाफ एसआइटी ने पेश की चार्ज सीट

### करीब 90 गवाह एवं एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर सीरियल किलर के आरोपी सिंह राज को दिलवाई जाएगी कड़ी सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा द्वारा एसीपी मुजेसर दलबीर सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच डीएलएफ के प्रभारी अनिल सिंह व महिला थाना, सेक्टर-16 प्रभारी इंस्पेक्टर गीता सहित एसआईटी टीम गठित की गई थी। जिसमें वैज्ञानिक पहलू पहलू व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट तैयार करने करने के निर्देश दिए गए थे। आरोपी सिंह राज को 22 वर्षीय युवती की हत्या व छेड़छाड़, दुष्कर्म की कोशिश के अन्य 2 मामलों में जांच पूरी करते हुए न्यायिक दंडाधिकारी जस्मीन शर्मा की अदालत में 450 पन्नों का विस्तृत आरोप-पत्र दायर कर दिया।

पुलिस रिमांड में पूछताछ करने पर फरीदाबाद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में हत्या, चोरी और फ्रॉड की 7 घटनाओं में आरोपी के संलिप्त होने की बात सामने आई है। संबंधित थानों में इन मामलों का शिकायत दर्ज कर लिया था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की आरोपी सिंहराज की क्राइम कुंडली को देखते हुए पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा ने एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी टीम ने जांच के दौरान आरोपी पर हत्या,चोरी और फ्रॉड की घटनाओं के 7 मुकदमों का खुलासा किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 16 हजार मास्क और पांच हजार सैनिटाइजर किए डोनेट



**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी में जहां एक तरफ सरकार की तरफ से सभी पाबंदियां हटा दी हैं। वहीं दूसरी तरफ कोरोना के लगातार मामले सामने आते देखकर समाजसेवी आज भी स्वास्थ्य कर्मियों यानी कोरोना योद्धाओं को इस बीमारी के बीच काम करते देखकर उनके स्वास्थ्य की चिंता करते है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला संयोजक सुशासन विभाग भाजपा के रमेश भारद्वाज व सचिव प्रदीप कपूर ने बीके अस्पताल में पहुंचकर जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता और एसएमओ डॉ. मान सिंह को पांच हजार सैनिटाइजर व सोलह हजार मास्क दिए। इस मौके पर सीएमओ विनय गुप्ता व एसएमओ मान सिंह के अलावा ऋषिराज व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। जिला संयोजक रमेश भारद्वाज ने कहा कि हमें कोरोना से बचाव के सभी नियमों और सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर एडवोकेट दीपक भारद्वाज, डॉक्टर तरुण, अमन गोयल, अमन वर्मा, गौरव पूरी मौजूद रहे।

### यूक्रेन में भारतीय लोगों की सुरक्षा को लेकर सरकार गम्भीर

**फरीदाबाद।** प्रदेश के परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि यूक्रेन पढ़ाई करने वाले व अन्य कार्यो से रहे भारतीय लोगों की सुरक्षा को लेकर सरकार गम्भीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सभी को दूसरे देश के रास्ते अपने देश और प्रदेश में लाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपातकालीन नम्बरों पर अपनी डिटेल जमा कराए ताकि भारत सरकार उन्हें सही सलामत अपने वतन ला सके। परिवहन मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़/फरीदाबाद से भी काफी बच्चे यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे हैं। इस बारे आज उन्होंने जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव से भी बात की है कि वे यूक्रेन में फंसे नागरिकों के परिजनों का मार्गदर्शन कर उनका आपातकालीन नंबरों पर रजिस्ट्रेशन यथाशीघ्र करवाएं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज शुक्रवार सुबह उनके कार्यालय पर शाहपुरा से आए एक व्यक्ति ने अपने बच्चे की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका बेटा कृष्ण तेवतिया यूक्रेन से पढ़ाई कर रहा।

### सरकारी विद्यालय में रोल मॉडल कार्यक्रम आयोजित


सरकारी स्कूल में आयोजित रोल मॉडल कार्यक्रम में भाग लेते अध्यापक।

**बल्लभगढ़।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय डीग में विभाग के समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा चलाई जा रही गतिविधि के अंतर्गत रोल मॉडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोल मॉडल के रूप में डॉक्टर समीक्षा उपस्थित हुई, जोकि लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से पीएचडी में अध्ययनरत हैं। जिन्होंने विद्यालय में पहुंच कर बच्चों के सामने अपने जीवन और शिक्षा महत्व के विषय में छात्रों को जागरूक कर लगन के साथ अध्ययन करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि लगन से की गई शिक्षा निःशुल्क के साथ-साथ स्कॉलरशिप का लाभ भी देती है। जिससे छात्र अपने अभिभावकों को आर्थिक बोझ से बचाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एएनएम डॉक्टर सोनू उपस्थित रहीं जिन्होंने छात्राओं को लड़कियों से संबंधित बिमारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक रवि कांत गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। भवी चन्द, रघु वत्स, दयानंद शर्मा, भूपेंद्र कुमार, अनिल, माया शर्मा, सीमा, बबीता, रीटा व एसएमसी अध्यक्षा अनीता उपस्थित रही।

### मंत्री के दफ्तर पर किया आंगनबाड़ी वर्कर्स ने प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की संयुक्त तालमेल कमेटी के बैनर तले शुक्रवार को फरीदाबाद जिले की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के सेक्टर 8 स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया और पड़ाव डाला। इसकी अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान दविंदेरी शर्मा ने जबकि संचालन जिला कमेटी की सेक्रेटरी मलवती ने किया। इस अवसर पर सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, जिला के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल, बैंक कर्मचारी नेता ओमप्रकाश, कामरेड शिवप्रसाद विशेष तौर पर उपस्थित रहे। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीटू के महासचिव जय भगवान ने राज्य सरकार पर हड़ताली कर्मचारियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने जैसा बर्ताव किसान आंदोलन के साथ किया था। वही हमारे हाथ किया जा रहा है। कई जिलों में 400 के करीब वर्कर व हेल्पर के विरुद्ध झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं। अब तक 200 के करीब वर्कर्स और हेल्पर की सेवाएं समाप्त कर दी है। और यह प्रक्रिया अभी भी लगातार जारी है। महिला हितैषी और नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाली वर्तमान भाजपा सरकार महिलाओं के साथ बहुत ही निर्दयता के साथ पेश आ रही है। भयंकर सर्दी ठंड और बारिश के बावजूद सरकार का महिलाओं के साथ यह व्यवहार क्या सही कहा जा सकता है। हजारों महिलाएं राज्य के तमाम जिलों में सड़कों पर बैठी है। 14 फरबरी से करनाल में मुख्यमंत्री की विधानसभा क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे रात दिन डटी हुई हैं।लेकिन आज बीजेपी सरकार में इतना ज्यादा घमंड है कि वह है उन मांगों को पूरा नहीं कर रही है। जो स्वयं उसने 2018 में घोषित करके लागू भी कर दी थी।सरकार का यह रुख न केवल हमारे साथ है। बल्कि अन्य परियोजना वर्करों और कर्मचारियों और राज्य की मजदूर किसान आबादी के साथ भी है।

### विद्यालय में 10वीं और 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं आरंभ

**फरीदाबाद।** बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद में कक्षा दसवीं और बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षा करवाई जा रही हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि एस एम सी अध्यक्ष ज्योति गुलाटी और सभी एस एम सी सदस्यों एवम अध्यापकों द्वारा बुलाई गई मीटिंग में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाए ताकि छात्राओं को बोर्ड के नवीनतम पैटर्न के अनुसार प्रश्नों के उत्तर देने का अनुभव प्राप्त हो सके। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि सभी विषयों गणित, कॉमर्स, अर्थशास्त्र, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बिजनेस स्टडीज, सोशल स्टडी, बायोलॉजी, अंग्रेजी एवम हिंदी के अध्यापकों ने बोर्ड द्वारा निर्धारित स्टाइल से प्रश्न पत्र तैयार किए हैं। छात्राएं भी इस प्रकार से सभी विषयों का रिवीजन कर तैयारी कर रही है। छात्राओं की परीक्षा से पूर्व संबंधित विषय के डाउट्स का निवारण कर प्रमुख प्रमुख टॉपिक्स को पुनः रिवाइज करवाया जा रहा है। छात्राओं को यह भी बताया जा रहा है कि प्री बोर्ड परीक्षा के उपरांत जिस विषय में उन्हें लगता है कि अधिक परिश्रम की आवश्यकता है, उन्ही विषयों पर अधिक फोकस करें। प्री बोर्ड परीक्षा में लो परफॉर्मेंस वाली छात्राओं के अभिभावकों की बैठक भी आयोजित की जाएगी ताकि उन्हें भी बच्चों की अच्छी तैयारी के लिए मोटीवेट किया जा सके। प्राचार्य मनचंदा ने सभी अध्यापकों ललिता, सतबीर पवार, सोनिया, जसनीत कौर, पूनम, हेमा, शिवानी, आशा, सविता, निशा, प्रियंका, सोनिया, कविता, शीतू, मोनिका, गीता, शिवम और ममता सहित सभी अध्यापकों का अभिनंदन करते हुए आह्वान किया कि सभी छात्राओं को बोर्ड के सैंपल पेपर्स का निरंतर अभ्यास करवाएं जिस से सभी बच्चों में आत्मविश्वास में वृद्धि हो और वे वार्षिक परीक्षाओं में अच्छी तैयारी के साथ प्रश्न पत्रों का उत्तर दें।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 26 फरवरी, 2022



## रूस का हमला

### यूक्रेन के हित प्रभावित

**रूस** ने यूक्रेन पर हमला कर दिया है और अब दुनिया को देखना है कि यूक्रेन के हितों की रक्षा कैसे की जाए। कई दिनों तक आशंका बनी रहने तथा बार-बार ऐसी 'अफवाहों' के खंडन के बाद आखिरकार रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन उत्तर कोरिया व चीन जैसे दुष्ट व विस्तारवादी देशों की कतार में शामिल हो गए। यूक्रेन के अनेक शहरों पर हवाई हमलों, मिसाइलों तथा जमीन पर सैनिकों के हमलों को अधिकृत करने वाले राष्ट्रपति पुतिन ने एक 'विशेष सैनिक कार्रवाई' की अनुमति दी थी जिसका उद्देश्य अपने निकटतम पड़ोसी का 'वि-सैन्यीकरण' तथा 'वि-नाजीकरण' था। यह एक बड़े गतिरोध तथा यूरोपीय महाद्वीप में पूर्ण युद्ध का कारण बन सकता है। खबरों के अनुसार, रूसी सेना ने यूक्रेन की 74 सैनिक सुविधायें तथा 11 हवाई अड्डे नष्ट कर दिए। रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने दुनिया के लाभ के लिए घोषणा की कि यूक्रेन के सैनिकों के साथ 'सम्मान' का व्यवहार किया जाएगा और जो लोग अपने हथियार डाल देंगे, उनके लिए सुरक्षित गलियारों की व्यवस्था की जाएगी। लेकिन चेर्नोबल तथा पूर्व सोवियत संघ के हिस्से रहे कुछ भागों में लड़ाई तेज हो गई है। आर्थिक प्रतिबंध लगने, रूसी परिसंपत्तियां जब्त होने तथा वित्तीय बाजारों तक रूस की पहुंच प्रतिबंधित करने की धमकियों से निर्भय पुतिन ने विदेशी हस्तक्षेप की स्थिति में 'त्वरित प्रतिक्रिया' तथा 'ऐसे परिणामों' की धमकी दी है 'जिनको मानव इतिहास ने पहले कभी नहीं देखा है।' युद्ध के परिणाम अभी से दिखने लगे हैं। गुरुवार को यूक्रेन पर हमले के बाद भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई, बीएसई सेंसेक्स में 2,702 प्वाइंट की गिरावट आई और वह 54,530 पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी भी 815 प्वाइंट गिर कर 16,248 पर बंद हुआ। दोनों संकेतकों में लगातार सातवें दिन गिरावट आई जो मार्च, 2020 के बाद सबसे बुरी स्थिति है। कच्चे तेल के दाम भी उछल कर 104 डालर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गए हैं।




इस बीच यूक्रेन के राजदूत की गंभीर प्रार्थनाओं के बावजूद भारत ने संकट को कमजोर करने में सहायता का कोई खास प्रयास नहीं किया। उन्होंने हमारे देश को 'एक बहुत प्रभावशाली वैश्विक पक्ष' कहा है। हालांकि, अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों ने यूक्रेन के पक्ष में अपनी आवाज उठाई है, पर सभी यूरोपीय देशों ने ऐसा नहीं किया है। निश्चित रूप से उनके अपने बिजनेस हित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संकट पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। लेकिन भारत अब तक केवल अच्छे लगने वाले शब्दों में बयान जारी करता रहा है। उसने तनाव घटाने का आह्वान करते हुए कहा है कि यदि ऐसा न हुआ तो यह 'बड़े संकट का कारण बन सकता है' जिससे क्षेत्र में अस्थिरता फैलेगी। हालांकि सरकार को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने यूक्रेन में भारतीय को तीन बार सलाह दी तथा वहां फंसे भारतीय नागरिकों को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन गुरुवार को सवेरे कीव से विशेष उड़ानें रद्द होने तथा यूक्रेन द्वारा हवाई स्पेस बंद करने से इस अभियान में बाधा आई है। यह स्थिति भयावह है, हालांकि यह भी सच है कि मानवजाति के पास अपने विनाश के काफी साधन हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रतिज्ञा की है कि दुनिया उसकी कार्रवाइयों के लिए रूस को जवाबदेह ठहराएगी। हालांकि, पुतिन ने कहा है कि रूस का यूक्रेन के क्षेत्र पर कब्जा करने का कोई इरादा नहीं है और उसका लक्ष्य केवल 'यूक्रेन की सैनिक क्षमता समाप्त' करना है। इससे उनकी इच्छा पूरी होगी कि वे यूक्रेन को नाटो में नहीं शामिल होने देना चाहते थे। समय आ गया है कि भारत अपनी दृढ़ता प्रदर्शित करे।

# पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था व नैतिकता

हमें नीतिगत उपकरणों व शैक्षिक कार्यक्रम जैसी हस्तक्षेप रणनीतियों की जरूरत है ताकि व्यवहार में परिवर्तन से संरक्षण को प्रोत्साहन मिले।

**बीकेपी सिन्हा**
(लेखक सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी हैं)




पारिस्थितिकीय तंत्रों समेत जटिल व्यवस्थाओं की हमारी बढ़ती समझदारी ने उत्पादन व उपभोग के बंद चक्रीय प्रवाह वाले वर्तमान आर्थिक माडल को चुनौती दी है। इस माडल को बाजार शक्तियों में संतुलन के 'प्राकृतिक कानूनों' के रूप में परिभाषित किया जाता है। खासकर सीमित संसाधनों की दुनिया में स्पष्ट हो गया है कि नव-शास्त्रीय अर्थशास्त्र सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय आयामों को अभिव्यक्त नहीं कर पाता है। नवशास्त्रीय अर्थशास्त्र में चक्रीय प्रवाह चित्र केवल अर्थव्यवस्था का एक अमूर्तन है जो दिखाता है कि बिना किसी अतिरिक्त निवेश के उत्पादन लगातार जारी रहेगा। लेकिन इस चक्रीय प्रवाह को बनाए रखने वाले सभी नवीकरणीय व गैर-नवीकरणीय संसाधन पर्यावरण से आते हैं। इसके साथ ही फर्मों व परिवारों द्वारा लगातार पैदा किया जाने वाला कचरा भी अपरिहार्य रूप से पर्यावरण में आता है। ऐसे में प्राकृतिक परिस्थितिकी पर आर्थिक व्यवस्था की निर्भरता इतनी संपूर्ण होती है कि मानव अर्थव्यवस्था को धरती के परिस्थितिकी तंत्र का एक हिस्सा समझा जाना चाहिए। वर्तमान पर्यावरणीय समस्याओं पर गौर करें तो उनमें वैश्विक वातावरणीय क्षरण, पर्यावरण में विषाक्तता, वनों का कटना तथा प्रजातियों का व्यापक विलोपन शामिल हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण है कि हम परिस्थितिकी तंत्र तथा आर्थिक व्यवस्था व उसके पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को समझें। इसके साथ ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझना भी जरूरी है।

वैदिक युग से हमें प्रकृति के साथ शांति व सामंजस्य से रहने तथा उसके संरक्षण की शिक्षा दी गई है। लेकिन सभ्यता की प्रगति के साथ अर्थव्यवस्था व परिस्थितिकी अलग-अलग हो गए और उसके नैतिक प्रभावों को आमतौर से भुला दिया गया। इसका कारण शहरीकरण की लहर व पूंजीवादी लालच, एकपक्षीय व्यक्तिवाद तथा अहंकेन्द्रीयता है। आज सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि के प्रति लगाव बढ़ते जीवन मानकों का पयार्यवाची मान लिया गया है। लेकिन यथार्थ में कुछ लोगों को दूसरों की तुलना में वृद्धि का ज्यादा लाभ मिला है। इसके साथ ही दुनिया भर में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है जो मूल आवश्यकताओं, जैसे भोजन, स्वच्छ जल, स्वास्थ्य देखभाल, आदि की कमी का सामना कर रहे हैं तथा भूख व निरक्षरता में जीवित हैं। पिछले अनेक दशकों में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में असमानता बढ़ी है, लेकिन उसे अनदेखा किया गया। इसके बावजूद ग्लोबल वार्मिंग की भयावहता के खतरे ने वृद्धि तथा कार्बन उत्सर्जन के बीच संबंधों के बारे में गंभीर चिन्ता पैदा की है। जीडीपी के साथ समस्या है कि यह गुणात्मक विकास व मात्रात्मक विकास को एकसाथ जोड़ देता है तथा सामाजिक आयामों, पर्यावरणीय प्रभावों व प्राकृतिक पूंजी को अनदेखा कर आर्थिक वृद्धि का गलत प्रतिनिधित्व करता है। उदाहरणार्थ, कृषि के विस्तार को शुद्ध आर्थिक लाभ के रूप में दिखाया जा सकता है, जबकि इसके कारण परिस्थितिकी सेवाओं का क्षरण हो सकता है।

प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव के कारण वैश्विक गरीबी उन्मूलन एक बड़ी चुनौती बन गया है। बढ़ती जनसंख्या ने पहले ही इस ग्रह को चार ग्रहीय सीमाओं-जलवायु परिवर्तन, भूमि प्रयोग में बदलाव, उर्वरक प्रयोग तथा जैवविविधता में कमी की ओर धकेल दिया है। ऐसे में एक समग्र दृष्टिकोण की जरूरत है जो सामाजिक, परिस्थितिकीय व आर्थिक संकेतकों को मनुष्य की बेहतरी, देश में बिजनेस के टिकाऊ विकास तथा नुकसानों के आंकलन मापने में एकसाथ जोड़ सके। इससे बेहतर नीतियां बनाई जा सकती हैं तथा ऐसे व्यवहार तय किए जा सकते हैं जो नुकसान को न्यूनतम कर सकें। इसके साथ ही ऐसी एकाउंटिंग व्यवस्था की जरूरत है जो मुनाफे और घाटे के सभी आयामों, जैसे, वित्तीय लाभ, प्रदूषण, कचरा व अन्य सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभावों को शामिल कर सके। हमारे ग्रह की सीमाओं को देखते हुए हम हमेशा के लिए टिकाऊ विकास सुनिश्चित नहीं कर सकते हैं। इससे एक बहुत महत्वपूर्ण सवाल पैदा होता है जो अत्यधिक विवादास्पद भी है। क्या आर्थिक वृद्धि की कोई सीमा है?

वर्तमान परिदृश्य में हर्मन डेली की स्थिर राज्य अर्थव्यवस्था की अवधारणा टिकाऊ विकास के विपरीत है और इसे अक्सर आर्थिक प्रगति तथा उसके परिस्थितिकीय दृढ़ता, पर्यावरणीय संरक्षण तथा आर्थिक टिकाऊपन के साथ रख कर देखा जाता है। इस अवधारणा में 'स्थिर जनसंख्या तथा ऐसे प्रति व्यक्ति उपभोग को शामिल किया गया है जो परिस्थितिकी तंत्र की भार वहन क्षमता से अधिक न हो।' इस तथ्य पर गौर करते हुए कि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, हमें मात्रात्मक आर्थिक वृद्धि प्राप्त करने के बजाय खोज तथा गुणात्मक सुधार पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि टैक्सों को आमदनी के बजाय संसाधन प्रयोग पर केन्द्रित होना चाहिए।

इससे लोगों को संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए प्रेरित करने में आसानी होगी, पर्यावरण हितैषी तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा तथा इसके साथ ही रोजगार व परिस्थितिकीय टिकाऊपन में सहायता मिलेगी। हमारी वर्तमान आर्थिक व्यवस्था ग्रह पर असाधारण दबाव डाल रही है जिससे बिजनेस के पंरापरागत तरीके जल्द ही ध्वस्त हो जाएंगे। इससे कंपनियों को नए समाधान खोजने पर मजबूर होना पड़ेगा। आगे बढ़ने का रास्ता निर्धारित कर कंपनियां समय बचा सकती हैं, खर्च बचा सकती हैं, क्षमता बढ़ा सकती हैं तथा प्रतियोगी लाभ की स्थिति में आ सकती हैं। यह बिजनेस में बने रहने तथा सफलता के लिए जरूरी है। स्वच्छ तकनीकों की खोज व उनको लागू करने से वे प्रदूषण स्तर घटा सकती हैं, संसाधनों का बेहतर व टिकाऊ उपयोग कर सकती हैं तथा कचरे व उत्पादों को रिसाइकिल कर लाभ उठा सकती हैं। वे छीजन का पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित उपयोग भी कर सकती हैं। इसके साथ ही कंपनियों को अपनी कमाई का पुन: निवेश ग्रह के संसाधनों की बहाली, संरक्षण तथा विस्तार के लिए करना चाहिए। ऐसा करने में विफल रहने पर उनके राजस्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सहकारिताओं को ऐसा नया दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जो वृद्धि तथा सामाजिक कल्याण में संतुलन स्थापित करे।

वास्तव में प्रकृति के खिलाफ काम करने के बजाय उसके साथ काम करना ज्यादा लाभदायक है। लेकिन हमने केवल संसाधनों पर ध्यान दिया है जिनका शोषण धरती के परिस्थितिकी तंत्र से किया जा सकता है और हमने इनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं पर गौर नहीं किया है। जीडीपी ने उन गैर-टिकाऊ व्यवहारों को जन्म दिया है जो जलवायु व जैवविविधता संकट का कारण बने हैं। पिछले दो दशकों में वनों की स्थिति काफी खराब हुई है। इसका कारण भूमि प्रयोग में परिवर्तन, खनन, ढांचागत परियोजनायें, वाणिज्यिक कटाई, अत्यधिक चराई, आदि हैं। हालांकि, देश का कुल वनाच्छादित क्षेत्र बढ़ा है, पर यह वृद्धि मुख्यत: निजी जमीनों पर बागवानी, मोनोकल्चर, आदि खुले वन श्रेणी में हुई है जिसका अर्थ प्राकृतिक वनों का क्षरण भी है। इसके साथ ही घने जंगल कम हुए हैं तथा सरकार-प्रबंधित वनों में भी क्षरण हुआ है। भारत में वनों की स्थिति रिपोर्ट, 2021 के अनुसार यदि कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन में थोड़ी भी वृद्धि हुई तो भारत के 45 प्रतिशत वनों को 2030 तक जलवायु परिवर्तन का खतरा है। अधिक उत्सर्जन होने पर यह आंकड़ा बढ़ कर 65 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इसके साथ ही वनों में पेड़ों की संख्या में 8 प्रतिशत कमी आई है तथा कार्बन स्टाक केवल 7,204 मिलियन टन रह गया है। व्यापक व खासकर मोनोकल्चर प्रजातियों की बागवानी तथा सबट्रापिकल व ट्रापिकल वर्षा वनों में निर्वनीकरण से जैवविविधता व परिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है। इसके साथ ही कृषि में रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के भारी प्रयोग से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ रहा है। इसके साथ ही वर्षा सिंचित भूमि में भूक्षरण के कारण भारतीय कृषि के लिए गंभीर संकट पैदा हुआ है। हमारे देश में कृषि जीडीपी में काफी योगदान करती है जिस पर किसानों तथा वनवासियों का जीवन व आजीविका निर्भर है।

वनों की कमी तथा प्रजातियों के विलुप्त होने से हम महत्वपूर्ण संसाधनों व सेवाओं, जैसे, टिम्बर, बीजों, फलों व औषधियों से वंचित हो सकते हैं तथा भू क्षरण पर रोक न लगने से बाढ़ व सूखा, जल प्रदूषण और मछलियों, परागण व परागकर्ताओं की संख्या में कमी हो सकती है। वनों के ये काम खासतौर से प्राकृतिक संसाधनों पर रहने वाले लोगों के दिन-प्रतिदिन जीवन के लिए जरूरी हैं। इस तथ्य पर गौर करें कि प्राकृतिक रूप से पुनर्जीवित जंगल 32 प्रतिशत अधिक कार्बनडाईआक्साइड शोषित करते हैं, इसलिए पेड़ लगाने की तुलना में वन संरक्षण पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए। यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि अर्थव्यवस्था परिस्थितिकी का एक हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि प्रकृति के प्रति मानव व्यवहार को परिवर्तित कर ठीक किया जाए। इसके लिए परिस्थितिकी व नैतिकता को एकसाथ काम करना चाहिए।

परिस्थितिकी हमें प्राकृतिक परिस्थितिकी तंत्र में देखने का मौका देती है जिसका नियंत्रण कानूनों और नियमों से होता है, जबकि नैतिकता हमें प्रकृति के अत्यधिक दोहन से आंतरिक रूप से रोकती है। ऐसे में टिकाऊ विकास के लिए अर्थव्यवस्था, परिस्थितिकी व नैतिकता के बीच टूटी श्रृंखला पुन: जोड़ने की जरूरत है। हमें ऐसे नीतिगत उपकरणों व हस्तक्षेप रणनीतियों की जरूरत है जो संरक्षण के लिए प्रोत्साहन दे सकें। शिक्षा कार्यक्रमों तथा भूमि प्रयोग मंत्रालय, आदि के माध्यम से ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने हमे दिखा दिया है कि जब सरकारें देश में कुछ करने का निर्णय कर लेती हैं तो नीतियां रातोंरात कारगर भूमिका निभाती हैं। इससे स्पष्ट है कि कुछ चीजें बदलना संभव है, लेकिन ऐसा तभी होगा जब हम राजनीतिक मूल्य, सोच व विचारधारा बदलते हैं।


# पड़ोसी देशों से संबंध मजबूत बनाना आवश्यक

"भारत को आसियान के साथ मिलकर काम करने और व्यापार समझौतों की निष्पक्ष और पारदर्शी शर्तों को सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता होगी।"



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

संयुक्त राज्य अमेरिका ने हाल ही में इस क्षेत्र में पर्याप्त रूप से शामिल होने के लिए एक औपचारिक इंडो-पैसिफिक रणनीति जारी की। दुनिया की लगभग आधी आबादी वाले इस घनी आबादी वाले क्षेत्र में कुछ वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो-तिहाई हिस्से को चलाने की क्षमता है। यह प्रभाव की अंतिम सीमा है और वैश्विक शक्ति द्वारा प्रभाव और ताकत के किसी भी प्रदर्शन के लिए एक आदर्श खेल का मैदान है। रणनीति चीन के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को स्वीकार करती है, जो अपनी आर्थिक, तकनीकी, सैन्य ताकत को इस क्षेत्र को प्रभुत्व स्वीकार करने के लिए मजबूर कर रहा है और वहां अमेरिकी सीमाओं तक अपने प्रभाव भाग का विस्तार कर रहा है। इस क्षेत्र में चीनी आक्रमण की ओर विशेष रूप से इंगित की गई रणनीति के एक अंश में कहा गया है : ''ऑस्ट्रेलिया के आर्थिक दबाव से लेकर भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष से लेकर ताइवान पर बढ़ते दबाव और पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में पड़ोसियों को डराने-धमकाने तक। इस क्षेत्र में हमारे सहयोगी और भागीदार पीआरसी के हानिकारक व्यवहार की बहुत अधिक कीमत वहन करते हैं। इस प्रक्रिया में, पीआरसी मानव अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय कानून को भी कमजोर कर रहा है, जिसमें नेविगेशन की स्वतंत्रता के साथ-साथ अन्य सिद्धांत भी शामिल हैं जो इंडो-पैसिफिक में स्थिरता और समृद्धि लाए हैं।''



इसलिए संक्षिप्त रणनीति हिंद-प्रशांत में सहयोगियों और भागीदारों के साथ जुड़ना है ताकि उन्हें मजबूत किया जा सके और शांति समृद्धि, सुरक्षा, मानवाधिकारों को बनाए रखते हुए, स्वतंत्र और खुले संप्रभुता और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था का सम्मान किया जा सके। एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को आगे बढ़ाने, क्षेत्र और उससे आगे के संबंध बनाने, क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने, क्षेत्र में और क्षेत्र के लिए सुरक्षा कवच को बढ़ाने और खतरों के लिए एक क्षेत्रीय लचीलापन बनाने के पांच स्तंभ सभी प्राप्त करने योग्य हैं। यह एक चुनौती होने जा रहा है क्योंकि कई अन्य क्षेत्रों के विपरीत, इंडो-पैसिफिक मानवता का एक समरूप ताना-बाना नहीं है। यह शायद कई धर्मों और मान्यताओं का जन्मस्थान है और इसलिए सांस्कृतिक विविधता का एक अनूठा जाल जमीन और समुद्र से जुड़ा हुआ है। चीन आता है, कोई औपनिवेशिक अतीत न होने के बावजूद प्रमुख विघटनकारी, इस क्षेत्र को अपने शाही खेल के मैदान के रूप में मानने पर स्थिर है। कई लोगों को राहत देने के लिए, भारत रणनीति पेपर में प्रमुखता से शामिल है, जिसके तहत संयुक्त राज्य अमेरिका ने कम से कम कागज पर अपना वजन भारत के पीछे रखा है, एक क्षेत्रीय नेता के रूप में उभरने और अपनी आर्थिक शक्ति का विस्तार जारी रखने के लिए। यह वैश्विक व्यवस्था के लिए एक मजबूत संकेत है, जो इस क्षेत्र पर नजर गड़ाए हुए है। भारत ने क्वाड के साथ अपने हालिया पुनर्गठन में अच्छी तरह से प्रबंधन किया है। भारत के विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलिया में क्वाड विदेश मामलों के सम्मेलन में चीन के साथ सीमा मुद्दों के बारे में बयान दे रहे थे, जब यह दस्तावेज़ जारी किया गया था।

पृष्ठभूमि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत (रणनीतिक सहयोगियों) द्वारा अपने संबंधों को विकास के अगले स्तर तक ले जाने के लिए एक समन्वित प्रयास का सुझाव देती है। यह भारत को प्रमुख क्षेत्रीय खिलाड़ी के रूप में स्वीकार करने का भी सुझाव देता है जो अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ अपने प्रभाव का उपयोग कर सकता है और ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर और वियतनाम के साथ नए निर्माण कर सकता है। भारत ने हाल ही में प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं में लचीलापन बनाने के लिए प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से अपनी घरेलू निवेश नीतियों को उन्नत किया है, जो उन क्षेत्रों में फैले हुए हैं जो कोविड महामारी के दौरान चीन (दुनिया के कारखाने के रूप में) के प्रभुत्व से खराब हो गए थे। भारत के लिए उद्देश्य वास्तव में अपने पड़ोसियों के साथ एक करीबी भरोसेमंद भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को बहाल करना शुरू करना है, क्योंकि चीन से आने वाले महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए ऋण जैसी चुपके और समझौता योजनाओं के प्रभुत्व का विरोध किया गया है। इनमें से कई संप्रभु देश के अपने संसाधनों पर स्वामित्व अधिकारों को चीनी सरकार को हस्तांतरित करने में अनुवाद करते हैं।

इसके लिए भारत को आसियान के साथ मिलकर काम करने और व्यापार समझौतों की निष्पक्ष और पारदर्शी शर्तों को सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता होगी।

## आप की बात

### शानदार जीत

**श्रीलंका** और भारत के बीच खेली जा रही टी 20 श्रृंखला के पहले मैंच में मेजबान टीम ने श्रीलंका टीम को 62 रनों से हराकर लगातर दस टी ट्वेंटी मैच में जीत हासिल किया।अटल विहारी वाजपेयी स्टेडियम लखनऊ में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन किया। ईशान किशन, रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुये 199 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जिसका पीछा करते हुये श्री लंका टीम 20 ओवर में 7विकेट पर137 रन ही बना सकी। रोहित शर्मा इस मैच में खेल कर अंतरराष्ट्रीय टी ट्वेंटी मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में वेस्टइंडीज टीम को भी एक दिवसीय और टी ट्वेंटी मैच की श्रंखला को जीत लिया था।आगामी टी ट्वेंटी विश्वकप के लिये भारतीय टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों का चयन उनके कलात्मक खेल को ध्यान में रखकर करना चाहिये। भुवनेश्वर ,शमी, बुमराह, वेंकटेश ,जडेजा ,अश्वनी जैसे गेंदबाज और विराट, रोहित, पंत, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाजों से भरी टीम को विश्व विजेता बनने से कोई नही रोक सकता।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

### आवारा पशुओं का मुद्दा

**इस** बार के उत्तर प्रदेश के चुनाव में किसान तो सबसे बड़ा मुद्दा है ही। मगर किसानों के खेत खलिहान से जुड़ा एक और भयावह समस्या भी योगी सरकार के लिए चिंता का सबब बन गया है। वो है आवारा मवेशियों का खुलेआम जोताई को तहस नहस कर देना। सड़कों एवं बाज़ारों को रौंद देना। सत्ता के पक्षधर लोग इसे सामान्य बात कहकर भले ही दबाने की कोशिस कर रहे हैं। वे कह रहे हैं पशु कब नहीं थे ? ये 2017 के पहले भी थे। लेकिन ये लोग सरकार की उस निति के बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं जिसके कारण आज आवारा पशु लोगों का सिरदर्द बन गया है। जी हाँ योगी सरकार ने धार्मिक आस्था को तूल देकर गो-वध रोकने के नाम पर, बूढी एवं गैर दूधारू गायों एवं सांड़ों का ट्रांसपोर्ट बंद करवा दिया है । पहले ये किसानों के लिए पशुधन हुआ करते थे क्योंकि इन्हे बूचड़खानों को बेच दिया जाता था जिससे उन्हें कुछ आमदनी हो जाय करती थी। अब इन सब पर मौजूदा सरकार प्रतिबंध लगा चुकी है। परिणाम स्वरुप लोग इन्हे आवारा छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। बीजेपी को लगा था, इस निति से वे समाज को भीतर तक ध्रुवीकरण कर लेंगे।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### पंजाब में नशाखोरी

**यह** पत्र पंजाब में नशाखोरी से संबंधित है। नशे की समस्या और पंजाब का चोली-दामन का साथ है। और इस समस्या ने हजारों युवाओं की जिंदगी तबाह कर दी है। 2017 में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करके जो राज्य में छापेमारी करी उससे ऐसा लगा कि अब यह राज्य इस समस्या से मुक्त हो जायेगा। परंतु ऐसा नहीं हुआ और कुछ समय बाद युवा और राज्य दोनों पुराने ढर्रे पर चलने लगे। इसलिए आये दिन नशे के सामान की भारी मात्रा में मिलना कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। चुनाव में यह मुद्दा फिर से गर्म रहा और फिर चुनाव के नतीजे आने के कुछ दिन बाद फिर सब भूल जायेंगे। मगर सबसे गंभीर बात यह है कि पंजाब पाकिस्तान की सीमा से लगा हुआ प्रदेश है और बेहद संवेदनशील है तो ऐसी परिस्थिति में तो और ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत है। आशा करेंगे कि अगली सरकार कड़ाई से नकेल कसेगी और नशे और खनन दोनों समस्या जो नासूर बन चुकी हैं उन पर विजय पायेगी।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**यह** (ओमीक्रोन) मूक हत्यारा है। 25 दिन हो गए और मैं अभी भी कष्ट में हूं।

– **एनवी रमण**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**यदि** यूक्रेन संघर्ष का विस्तार होता है, तो दुनिया देख सकती है ... वर्षों से अनदेखी की गई आवश्यकता की गंभीरता।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**मैंने** कुछ भी गलत नहीं किया है। मेरे सभी लेनदेन वैध हैं।

– **नवाब मलिक**
महाराष्ट्र के मंत्री

पायनियर
उत्तर प्रदेश चुनाव





# पांचवें चरण की एक दर्जन सीटें कांग्रेस के लिए अहम

● 2017 के विधानसभा चुनाव में एक सीट पर जीत और 11 पर हासिल हुई थी दूसरी पोजीशन

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ





**उत्तर प्रदेश** की खोई हुई सियासी जमीन पर एक बार फिर अपने पांव जमाने के लिए कांग्रेस पार्टी भी मौजूदा विधानसभा चुनाव में पसीना बहा रही है। यूपी में भले ही कांग्रेस के लिए कुछ खास सफलता हाथ लगने की संभावना न दिख रही हो बावजूद इसके पांचवे चरण की एक दर्जन सीटों पर कांग्रेस को बड़ी उम्मीद है। यह वही सीटें हैं जिन पर 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने विरोधी प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर दी थी। 12 जिलों की जिन 61 सीटों पर 27 फरवरी को प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद होने जा रहा है उनमें से एक सीट पर जीत हासिल करने के साथ ही 11 सीटों पर पिछले चुनाव में कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही थी।

भाजपा के पक्ष चली प्रचंड लहर के बावजूद कांग्रेस ने पिछले चुनाव में जिस एकमात्र सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा था वह है प्रतापगढ़ जिले की रामपुर खास सीट। इस सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमोद तिवारी की राजनीतिक विरासत संभाल रहीं उनकी बेटी और कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भाजपा के नागेश प्रताप सिंह उर्फ छोटे सरकार को धूल चटायी थी। इस बार फिर कांग्रेस की ओर से आराधना मिश्रा मोना और भाजपा के नागेश प्रताप सिंह के बीच मुख्य मुकाबला है।

कांग्रेस ने पिछले चुनाव में जिन 11 सीटों पर दूसरी पोजीशन

हासिल की थी उनमें पाटी के गढ़ रहे रायबरेली की सलोन सीट पर कांग्रेस के सुरेश चौधरी ने बीजेपी के दल बहादुर को कड़ी टक्कर दी थी। वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट से जीते बीजेपी के दल बहादुर को 78028 और सुरेश चौधरी को 61973 वोट हासिल हुए थे। इस बार कांग्रेस ने इस सीट से अर्जुन पासी को उतारा है। रायबरेली की जगदीशपुर सीट पर कांग्रेस के राधेश्याम ने बीजेपी के सुरेश कुमार से कड़ा मुकबला किया और दूसरे नंबर पर रहे। राधेश्याम को 67619 वोट मिले जबकि सुरेश कुमार 84219 वोट पाकर विजयी रहे थे। इस बार कांग्रेस ने इस सीट से विजय पासी को उतारा है।

कांग्रेस के दूसरे मजबूत गढ़ रहे अमेठी जिले में पार्टी को पिछले चुनाव में कोई सीट हासिल नहीं हुई थी। यहां की गौरीगंज सीट पर कांग्रेस के मो. नईम ने सपा के राकेश प्रताप सिंह को कड़ी टक्कर दी थी। मो.नईम को 51496 वोट मिले थे जबकि राकेश प्रताप सिंह 77915 वोट पाकर जीत दर्ज कराने में सफल रहे थे। इस बार कांग्रेस ने गौरीगंज से फतेह बहादुर को प्रत्याशी बनाया है।

बाराबंकी जिले की जैदपुर सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया ने अपने प्रतिद्वंदी बीजेपी के उपेंद्र सिंह को कड़ी टक्कर दी थी। इस सीट पर जीते उपेंद्र को 111064 वोट मिले थे जबकि तनुज को 81883 वोट हासिल हुए थे। हालांकि 2019 में हुए उपचुनाव में तुनज पुनिया तीसरे नंबर पर चले गए थे और इस सीट पर सपा के गौरव जीते थे। कांग्रेस ने इस बार फिर तनुज पुनिया पर भरोसा जताया है।

बहराइच की नानपारा सीट पर कांग्रेस के वारिस अली ने बीजेपी की माधुरी वर्मा को कड़ी टक्कर दी थी। उन्हें 67643 वोट जबकि विजयी प्रत्याशी माधुरी को 86312 वोट हासिल हुए थे। इस बार कांग्रेस ने नानपारा सीट पर डॉ.एएम सिद्दीकी को प्रत्याशी बनाया है। महसी सीट पर कांग्रेस के अली अकबर और बीजेपी के सुरेश्वर सिंह के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। अली अकबर 45685 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रहे थे जबकि विजयी हुए सुरेश्वर सिंह को 104654 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने महसी सीट पर डॉ.राजेश तिवारी को चुनाव लड़ाया है।

प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज सीट पर कांग्रेस के संजय पांडे ने अपना दल (सोनेलाल पटेल) राकेश कुमार वर्मा को टक्कर दी थी। संजय को 58531 वोट और राकेश को 81899 वोट हासिल हुए थे। इस बार कांग्रेस ने प्रशांत सिंह को उतारा है।

कौशांबी की चायल सीट पर कांग्रेस के तलत अजीम और बीजेपी के संजय कुमार के बीच कड़ा मुकबला हुआ था। जिसमें दूसरे नंबर पर रहे तलत अजीम को 45597 वोट और विजयी हुए संजय को 85713 वोट हासिल हुए थे। कांग्रेस ने एक बार फिर तलत अजीम पर भरोसा जताया है।

प्रयागराज की इलाहाबाद उत्तर सीट पर कांग्रेस के बड़े नेता अनुग्रह नारायण सिंह और बीजेपी के हर्ष वर्धन वाजपेयी के बीच कड़ी टक्कर हुई थी। दूसरे नंबर पर रहे अनुग्रह को 54166 वोट और जीत हासिल करने वाले हर्ष वर्धन को 89191 वोट मिले थे। इस बार फिर से कांग्रेस ने अनुग्रह नारायण सिंह को इलाहाबाद उत्तर से मैदान में उतारा है।

इलाहाबाद की कोरांव सीट पर कांग्रेस के राम कृपाल और बीजेपी के राजमणि के बीच मुख्य मुकाबला था। दूसरे नंबर पर रहे राम कृपाल को 46731 वोट मिले थे जबकि राजमणि ने 100472 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस ने एक बार फिर रामकृपाल पर भरोसा जताया है।

चित्रकूट की मानिकपुर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरी गुलाबी गैंग की संपत पाल ने बीजेपी के आरके सिंह पटेल को कड़ी टक्कर दी थी। उन्हें 40524 वोट और जीत दर्ज कराने वाले आरके सिंह पटेल को 84988 वोट हासिल हुए थे। आरके सिंह पटेल के 2019 में सांसद बन जाने के बाद इस सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने रंजना बराती लाल पटेल को उतारा और वह चौथे नंबर पर चली गईं थीं। इस सीट पर बीजेपी के आनंद शुक्ला ने जीत दर्ज की औ सपा के डॉ.निर्भय सिंह पटेल दूसरे व बसपा के राजनारायन तीसरे स्थान पर रहे। इस बार कांग्रेस ने एक बार फिर रंजना बराती लाल को इस सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।

# बीजेपी के सामने इतिहास दोहराने की चुनौती

● पांचवे चरण में 48 विधायकों की साख दांव पर

**सतीश सिंह।** लखनऊ





**पांचवे** चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार का शोरगुल शुक्रवार को थम गया। पांचवे चरण के अंतर्गत 12 जिलों की 61 सीटों पर 25 फरवरी को होने वाले चुनाव में राम जन्मभूमि से लेकर प्रयागराज, चित्रकूट में सियासी जंग होनी है। यहां बीजेपी के सामने जहां इतिहास दोहराने की चुनौती है वहीं बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को सत्ता में वापस आने की उम्मीद बंधी हुई है। बसपा का इस बार के चुनाव में नया प्रयोग नये चेहरों को अवसर देने का मौका कितना कारगर साबित होगा यह तो परिणाम आने के बाद ही पता चल सकेगा फिलहाल, पार्टी को इस चरण से उम्मीदें काफी है।

पांचवें चरण में अयोध्या, अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर, बाराबंकी जिलों की सीटों पर राजनीतिक दलों के बीच जबरदस्त घमासान के साथ कड़ी चुनौती है। ये सभी अवध के जिले हैं। पूर्वांचल के तहत आने वाले बहराइच, गोंडा और श्रावस्ती जैसे अहम जिले की सीटें है। इसके अलावा प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशांबी जिलों की सीटों के साथ-साथ बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले की भी दो सीटें शामिल हैं, जहां मुकाबला कड़ा है।

## 48 मौजूदा विधायक मैदान में, दलबदलुओं से बदले समीकरण

पांचवें चरण में 61 सीटों पर विभिन्न दलों के 48 मौजूदा विधायक मैदान में हैं। जबकि बाकी 13 सीट पर टिकट काट दिए गए हैं। जिनके टिकट काटे गये हैं, उनको पार्टी की तरफ से दूसरों के प्रचार में लगाया गया है। पर प्रचार करना तो दूर पार्टी के अंदर भीतरघात की आशंका ज्यादा बढ़ गयी है। वहीं, कई दलबदलू नेता भी चुनावी मैदान में उतरे हैं। जिनसे अन्य के साथ लड़ने के साथ ही पार्टी को अपनों से भी लड़ना पड़ रहा है। इन सबके चलते समीकरण भी स्थानीय स्तर पर बदल गये हैं। हंडिया से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हाकिम लाल असल 2017 में बसपा विधायक बने थे। हाकिम सिंह ने चुनाव से पहले पाला बदल लिया। इसी तरह बसपा में रहते हुए भिनगा से पिछली बार जीते असलम राईनी इस बार सपा में आकर श्रावस्ती से प्रत्याशी हो गए हैं। बारा सीट से 2017 में भाजपा के टिकट पर जीते डा. अजय कुमार इस बार बसपा के टिकट पर ताल ठोंक रहे हैं। रूदौली से पिछली बार सपा से लड़े अब्बास अली जैदी इस बार बसपा से मैदान में हैं।

## डेढ़ दशक बाद सपा ने उतारा राजा भैया के खिलाफ प्रत्याशी

प्रतापगढ़ के कुंडा से निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया इस बार अपनी जनसत्ता पार्टी से चुनावी मैदान में हैं। राजा भैया और बगल की बाबागंज सुरक्षित सीट से विनोद सरोज भी जनसत्ता दल से चुनाव लड़ रहे हैं। राजा भैया के खिलाफ डेढ़ दशक के बाद समाजवादी पार्टी ने पहली बार अपना उम्मीदवार गुलशन यादव को मैदान में उतारा है। हालांकि इन सीटों पर राजा का वर्चस्व होने से चुनाव जीतना तो तय माना जा रहा है पर टक्कर बनी हुई है। पिछली बार राजा भैया एक लाख वोटों के अंतर से जीते थे। यहां पर भाजपा के जानकीसरन महज को 32950 वोटों से ही संतोष करना पड़ा था। जबकि राजा को 1,36,597 वोट मिले थे।

## पति-पत्नी दोनों चुनावी मैदान में उतरे जीते तो एक घर में दो विधायक

बहराइच की दो सीटों पर पति-पत्नी चुनाव लड़ रहे हैं और दोनों एक ही पार्टी से हैं। ऐसे में दोनों जीतेंगे तो एक ही घर से दो विधायक होंगे। बहराइच की मटेरा सीट से सपा ने अपने विधायक यासिर शाह की पत्नी मारिया शाह को उतारा है। पिछली बार इसी सीट से जीते यासिर शाह बहराइच सदर से चुनाव लड़ रहे हैं।

## लगातार दो चुनाव हारने के चलते यशभद्र सिंह मोनू की साख दांव पर

सुल्तानपुर की इसौली सीट, जिसने प्रदेश को श्रीपति मिश्र जैसा प्रदेश को मुख्यमंत्री दिया, वहां से इस बार बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे यशभद्र सिंह मोनू की प्रतिष्ठा दावं पर लगी हुई है। पूर्व विधायक इंद्रभद्र सिंह के पुत्र एवं पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के भाई यशभद्र सिंह पहली बार धनपतगंज के ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुए थे। वर्तमान में भी वह इसी ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख हैं। 2015 से 2020 तक मोनू जिला पंचायत सदस्य भी रहे। 2012 में पीस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके मोनू को चुनाव में होर तो मिली मगर वह दूसरे नंबर पर रहे। 2017 का चुनाव मोनू ने आरएलडी के टिकट पर लड़ा और तीसरे स्थान पर रहे। ऐसे में लगातार दो चुनावों से मिली हार के चलते इस सीट को लेकर प्रतिष्ठा फंस गयी है। यहां पर भाजपा से ओम प्रकाश पाण्डेय और सपा से मो ताहिर खान और कांग्रेस से बृजमोहन यादव चुनावी मैदान में हैं।

## योगी के इन मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

पांचवें चरण के चुनाव में 61 सीटों में से 90 फीसदी सीटों पर अभी बीजेपी का कब्जा है। वहीं योगी सरकार के कई मंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। पांचवें चरण के चुनाव में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सिराथू सीट से चुनाव लड़ रहे हैं तो कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह पट्टी सीट से उतरे हैं। कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, इलाहबाद पश्चिम से प्रत्याशी हैं तो नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल नंदी इलाहाबाद दक्षिण, समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री मनकापुर सुरक्षित सीट से और राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय चित्रकूट सदर से चुनाव लड़ रहे हैं। योगी सरकार के मंत्री रहे मुकुट बिहारी की जगह उनके बेटे चुनावी मैदान में हैं।

## इनकी भी साख दांव पर

पांचवें चरण में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मां कृष्णा पटेल प्रतापगढ़ सदर और बहन पल्लवी पटेल सिराथू सीट से चुनावी मैदान में उतरी है। मां और बहन दोनों ही सपा गठबंधन से चुनाव लड़ रही हैं। जबकि अनुप्रिया पटेल बीजेपी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में है। अयोध्या सीट पर सपा के दिग्गज नेता तेजनारायण पांडेय उर्फ पवन पांडेय की किस्मत दांव पर लगी है तो रामपुर खास सीट पर कांग्रेस से आराधना मिश्रा हैं, जो प्रमोद तिवारी की बेटी हैं और दो बार से विधायक हैं।

## बसपा को समीकरण से उम्मीदें

बसपा को इस बार समीकरण से काफी उम्मीदें हैं। विधानसभा चुनाव में इस बार टिकट बंटवारे में बसपा ने अपने दलित-मुस्लिम-ब्राह्मण समीकरण को ध्यान में रखते हुए 15 सीटों पर अनुसूचित जाति के और 9 सीटों पर मुस्लिम चेहरे को उम्मीदवारों के तौर पर उतारा है। बसपा की कोशिश 2007 के नतीजे दोहराने की है। 2012 के चुनाव में भी बसपा को यहां से सिर्फ 7 सीटें मिली थी। जबकि पार्टी 35 सीटों पर रनर की भूमिका में दूसरे नंबर पर रही। जहां तक पिछले चुनाव की बात है तो पार्टी के खाते में महज प्रतापपुर-हंडिया-भिनगा सीट ही आई थी। इस बार पार्टी पूरी तरह से दूसरे नंबर पर आई सीटों पर मजबूती से लड़ रही है। अब यह मजबूती वोटों में कितना तब्दील हो पाती है, इसका सही आंकलन नतीजे आने के बाद पता चल सकेंगे।

# अयोध्या में विपक्षी दल उठा रहे रोजगार और विकास का मुद्दा

**भाषा।** अयोध्या

**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण का मुद्दा इस बार के विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दों में न होकर अन्य मुद्दों में से एक प्रतीत हो रहा है और इसकी वजह यह है कि विपक्षी दल अब विकास और रोजगार के मुद्दों को उठा रहे हैं।

अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में दस उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां 27 मार्च को मतदान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या से चुनाव लड़ने की चर्चा थमने और गोरखपुर से उम्मीदवार घोषित होने के बाद भाजपा ने अयोध्या के मौजूदा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता पर ही भरोसा जताया है जबकि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री तेज नारायण उर्फ पवन पांडे को मैदान में उतारा है। इस मुकाबले को बहुकोणीय बनाने के लिए बसपा, कांग्रेस और आप ने भी अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी और राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के बीच करीबी मुकाबला दिख रहा है।

अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ने पीटीआई-भाषा को बताया, जहां तक अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे का सवाल है तो भाजपा शुरू में इस चुनाव में इसका अधिकतम लाभ नहीं उठा पाई थी लेकिन तीसरे चरण के बाद ही यह मुद्दा उठना शुरू हो गया था। उन्होंने कहा, गरीबों को दिए जाने वाले राशन से ग्रामीण इलाकों में लोगों को फायदा हुआ है।

अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी तेज नारायण उर्फ पवन पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, भगवान राम और राम मंदिर भाजपा की जागीर नहीं है। प्रभु श्री राम हम सब के हैं। जब भाजपा नहीं थी उससे बहुत पहले से भगवान राम अस्तित्व में थे। यह पूछे जाने पर कि क्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली है, पांडे ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, अयोध्या में भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उम्मीदवार बना दिया जाए, पूरी भाजपा तो भगवान राम के नाम पर ही वोट मांगती है, क्योंकि उनके पास कोई और मुद्दा नहीं है। इसलिए योगी आदित्यनाथ आते या नरेंद्र मोदी इससे शायद ही कोई फर्क पड़ता। गौरतलब है कि लखनऊविश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से उभरे तेज नारायण पांडे ने 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के स्थानीय दिग्गज और अयोध्या से वर्तमान सांसद लल्लू सिंह को हरा दिया था। हालांकि पांडेय 2017 में गुप्ता से हार गए थे।

पांडे ने कहा , भाजपा ने किसानों का शोषण किया है, व्यापारियों को परेशान किया है और अयोध्या नगर निगम ने भी कर में काफी वृद्धि की है। कर वृद्धि वापस लेने के वादे के साथ पांडे ने कहा कि अयोध्या और यहां के लोगों को प्रगति करनी चाहिए। इस बीच, अयोध्या से भाजपा उम्मीदवार वेद प्रकाश गुप्ता ने यह पूछे जाने पर कि कुछ लोग उनसे नाराज हैं और उनके प्रति उदासीनता महसूस कर रहे हैं, गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, आप राजनीति में प्रत्एक व्यक्ति को संतुष्ट नहीं कर सकते, मैं अपने परिवार को संतुष्ट नहीं कर पाया, हालांकि, मैं कह सकता हूं कि लोगों के लिए काम किया गया है और विकास भी हुआ है, योगी ने तो अयोध्या का बहुत विकास किया है। आकलन है कि सपा ने यहां ब्राह्मण उम्मीदवार मैदान में उतारकर योगी सरकार से सवर्णों खासकर ब्राह्मणों की कथित नाराजगी का फायदा उठाने की कोशिश की है। अयोध्या क्षेत्र में कुल लगभग 3.81 लाख मतदाताओं में से ब्राह्मणों की संख्या 62,000 से अधिक है जबकि वैश्य मतदाताओं की संख्या 51,000, मुस्लिमों की संख्या 55,000 और यादव मतदाताओं की संख्या 37,000 है।

अयोध्या के राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद विवाद में एक स्वतंत्र वादी रहे इकबाल अंसारी के पुत्र मोहम्मद हाशिम अंसारी ने पीटीआई-भाषा से कहा , लोग अब विकास और नौकरी चाहते हैं। अयोध्या के लोग अब मंदिर-मस्जिद मुद्दे से दूर जा रहे हैं और वे अब विकास और केवल विकास के बारे में बात कर रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय को अपना फैसला दिए दो साल हो चुके हैं। हालांकि, कुछ लोग मंदिर-मस्जिद को एक चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश करते हैं। अंसारी ने कहा कि मंदिर-मस्जिद इस चुनाव में एक मुद्दा हो सकता है लेकिन चुनावी मुद्दों में सबसे बड़ा नहीं है। बसपा के उम्मीदवार रवि प्रकाश ने कहा कि इस चुनाव में मुख्य मुद्दे रोजगार और विकास हैं। आम आदमी पार्टी के शुभम श्रीवास्तव ने रोजगार और विकास के मुद्दे पर ही जोर दिया। अयोध्या के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय से जब पूछा गया कि क्या राम मंदिर एक चुनावी मुद्दा है तो उन्होंने कहा, राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा नहीं था (हमारे लिए), यह हमारे लिए आस्था का विषय है।

# आराधना मिश्रा को रामपुर खास सीट से जीतने का पूरा भरोसा

**भाषा।** प्रतापगढ़



**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में रामपुर खास सीट को बचाए रखने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार आराधना मिश्रा जी तोड़ कोशिश कर रही हैं और उन्हें इस सीट से चुनाव जीतने का पूरा भरोसा है। लेकिन इस बार लड़ाई कठिन है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 42 साल बाद कांग्रेस के किले को गिराने की जी तोड़ कोशिश करते हुए दिखाई दे रही है।

आराधना के पिता प्रमोद तिवारी रामपुर से 1980 में पहली बार विधानसभा का चुनाव जीते और इसके बाद लगातार नौ बार चुनाव जीते। 2013 में राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद तिवारी की बेटी आराधना मिश्रा मोना इस क्षेत्र में 2014 में हुए उपचुनाव में जीतीं और 2017 में भी उन्होंने अपनी जीत बरकरार रखी। भारतीय जनता पार्टी इस बार उनकी राह रोकने के लिए उम्मीद से भरी है, लेकिन कांग्रेस विधायक दल की नेता ने अपनी जीत का भरोसा जताया। मोना ने कहा, यह मेरा घर है और सबसे कठिन समय में भी यह हमारे साथ रहा है। जब मेरे पिता ने 1980 में पहला चुनाव लड़ा था तो मैंने उनके लिए स्थानीय लोगों का हाथ पकड़कर वोट मांगा था और उनसे मैं आज भी निर्वाचन क्षेत्र में अक्सर मिलती हूं। रामपुर खास में 27 फरवरी को मतदान होना है और आराधना अपनी चुनावी तैयार में व्यस्त हैं। लगभग 46,000 ब्राह्मणों, 40,000 क्षत्रिय, 44,000 यादवों, 40,000 कुर्मी, 24,000 मुस्लिम और 50,000 दलितों के साथ 2.78 लाख से अधिक मतदाताओं वाली इस सीट पर कांग्रेस और भाजपा में सीधे मुकाबले के आसार दिख रहे हैं। भाजपा इस सीट पर पिछली बार केवल 17 हजार मतों के अंतर से पराजित हुई थी। भाजपा ने नागेश प्रताप सिंह उर्फ छोटे सरकार को उम्मीदवार बनाया है लेकिन यहां समाजवादी पार्टी ने मिश्रा के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। कुर्मी वोट बैंक पर नजर रखते हुए बसपा ने बांके लाल पटेल को इस सीट से उतारा है।

आराधना मिश्रा के कार्यालय प्रभारी बृजेश द्विवेदी ने कहा, 2017 के विधानसभा चुनाव में मोदी लहर थी, लेकिन इस बार स्थिति अलग है, यहां चुनाव नेताजी (प्रमोद तिवारी) के नाम पर लड़ा जाता है। भाजपा उम्मीदवार के चुनावी प्रचार को परिवारवाद के आरोपों के इर्द-गिर्द केंद्रित करने से वाकिफ आराधना मिश्रा ने हाल ही में भटनी में एक चुनावी सभा में टिप्पणी की थी कि उन्होंने और उनके पिता दोनों ने शासन नहीं किया बल्कि लोगों की सेवा की है। आरोपों से बेफिक्र होकर उन्होंने अपने बेटे राघव मिश्रा को भी लोगों की सेवा में उतारा। मोना ने कहा, मेरे विरोधियों का आरोप है कि मेरे पिता ने 37 वर्षों तक रामपुर खास पर शासन किया है लेकिन हमने शासन नहीं किया, हमने सेवा की है। मैं अब अगली पीढ़ी को भी आप सभी की सेवा के लिए लाई हूं। मैंने अपनी अगली पीढ़ी अपने बेटे राघव मिश्रा को आपके आशीर्वाद और रामपुर खास की सेवा में समर्पित कर दिया है।

# बहराइच के पयागपुर क्षेत्र में सपा और भाजपा समर्थकों के बीच भिड़ंत, दोनों तरफ से मामला दर्ज

**बहराइच (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के पयागपुर विधानसभा क्षेत्र के थाना विशेश्वरगंज के गोधना बेलभरिया गांव में भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी के समर्थकों के बीच शुक्रवार सुबह गाड़ी खड़ी करने के विवाद में भिड़ंत हो गई जिसमें कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सपा जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव ने दावा किया है कि इस घटना में सपा के कई समर्थक घायल हुए हैं।

बहराइच के अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि गोधना बेलभरिया गांव में एक दल के लोग रास्ते में गाड़ी खड़ी कर चुनाव प्रचार कर रहे थे और इसी बीच दूसरे दल के कार्यकर्ताओं द्वारा रास्ता खाली कराने की बात कहने पर विवाद बढ़ गया, फलस्वरूप दोनों पक्षों के बीच आपस में गाली गलौज और पथराव शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई है और दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कराया है। एएसपी ने बताया कि समाजवादी पार्टी की ओर से भाजपा विधायक एवं उम्मीदवार सुभाष त्रिपाठी के पुत्र निशंक त्रिपाठी सहित तीन नामजद और एक दर्जन से अधिक अन्य के खिलाफ तथा भाजपा पक्ष की ओर से पूर्व विधायक रहे सपा प्रत्याशी मुकेश श्रीवास्तव के भाई बालेन्द्र श्रीवास्तव सहित दो नामजद व एक दर्जन अन्य के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विवेचना व जांच के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की भी कार्यवाही होगी, फिलहाल घटना की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान कर यथाशीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। प्रतिष्ठापक पयागपुर विधानसभा सीट बहराइच की अकेली ऐसी सीट है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव तथा बसपा अध्यक्ष मायावती जैसे सभी प्रमुख दलों के स्टार प्रचारकों ने जनसभाएं की हैं। आज की घटना के तुरंत बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा इसी क्षेत्र में थी। आज के अपने भाषण में अखिलेश ने उक्त हिंसक झड़प का उल्लेख करते हुए भाजपा नेताओं को हार से भयभीत होकर हिंसा पर उतारू होने के आरोप लगाए हैं। पयागपुर क्षेत्र में 27 फरवरी को मतदान होना है।

# 14 साल या अधिक सजा काट चुके अपराधी जमानत के हकदार : उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश में शुक्रवार को कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय उन दोषियों को जमानत मंजूर करने पर विचार कर सकता है, जिन्होंने बार-बार अपराध नहीं किया है और जो 14 वर्ष या उससे अधिक की जेल की सजा काट चुके हों, क्योंकि इससे लंबित मामले घटेंगे।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जिन अपराधियों ने 10 से 14 साल तक की जेल की सजा काट ली हैं, उनकी उच्च न्यायालय के खिलाफ अपील लंबित होने के दौरान जमानत याचिका पर विचार किया जा सकता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और इसकी लखनऊ पीठ में अगस्त 2021 तक लंबित आपाराधिक अपीलों की कुल संख्या एक लाख 83 हजार थी। उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में 7,214 अपराधी ऐसे हैं, जो 10 साल से अधिक सजा काट चुके हैं और उनकी आपराधिक अपीलें उच्च न्यायालय में लंबित है।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन दोषियों को जमानत के मुद्दे से निपटने के सामान्य निर्देशों के अनुपालन न किए जाने को लेकर नाराज थी, जिन्होंने सजा की काफी अवधि की काट ली है और निकट भविष्य में उनकी अपील पर सुनवाई की कोई संभावना नजर नहीं है। इसके बाद पीठ ने उच्च न्यायालय द्वारा दोषियों को जमानत देने से इनकार करने के खिलाफ दायर ऐसे 21 मामलों में जमानत दे दी। पीठ ने कहा कि तथ्य मौजूद हैं। यदि एक दोषी व्यक्ति ने 14 वर्ष या उससे अधिक की सजा काट ली है तो उसके मामले पर सजा में छूट की संभावना है। अदालत को चाहिए कि वह या तो जिला अधिकारियों को शेष सजा माफ करने की अर्जी पर तीन माह के भीतर विचार को लेकर निर्देश दे या तो उसे जमानत पर रिहा कर दे।

पीठ ने उच्च न्यायालय और राज्य सरकार की ओर से पेश वकील को अपना वह निर्देश मानने को कहा कि ऐसे दोषियों की जमानत मंजूर की जानी चाहिए। न्यायालय ने कहा कि हमने वकील को बता दिया है। उन सभी मामलों की एक सूची बननी चाहिए, जिसमें दोषियों ने 14 साल की सजा काट ली है और वे बार-बार अपराध करने वाले नहीं हैं। पीठ ने कहा कि इन सभी मामलों में जमानत एक बार में ही दे देना चाहिए।

**● उप्र की विभिन्न जेलों में 7,214 अपराधी ऐसे है, जो 10 साल से अधिक सजा काट चुके है**




गुवाहाटी में एलजीबीआई हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का स्वागत करते असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

## प्रदर्शन के दौरान वामपंथी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हाथापाई

**अनीस खान मौत प्रकरण**

भाषा। कोलकाता

**सामाजिक** कार्यकर्ता अनीस खान की कथित हत्या की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर वामपंथी छात्र तथा युवा संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दक्षिण कोलकाता में पुलिस के साथ हाथापाई की और इस दौरान उनमें से करीब 100 कार्यकर्ताओं को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया।

कालीघाट मेट्रो स्टेशन के पास रासबिहारी एवेन्यू और आशुतोष मुखर्जी रोड चौराहे पर विरोध प्रदर्शन के दौरान एसएफआई के प्रदेश महासचिव सृजन भट्टाचार्य को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस वाहन में ले जाते समय भट्टाचार्य ने कहा, पुलिस एक हफ्ते बाद भी अनीस के असली हत्यारों का पता नहीं लगा सकी है लेकिन छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने में एक पल भी नहीं गंवाती। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी रासबिहारी चौराहे पर जमा होने के बाद शांतिपूर्वक भबनी भवन स्थित सीआईडी मुख्यालय जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने इलाके को घेर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 100 वामपंथी कार्यकर्ताओं को वाहनों की आवाजाही में बाधा डालने और कई बार कहने के बावजूद चौराहे से नहीं हटने के लिए हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए न्यूनतम बल प्रयोग किया।

अलिया विवि के पूर्व छात्र खान की मौत की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर नोनापुकुर इलाके में कांग्रेस के छात्र विंग के लगभग 100 सदस्यों ने एजेसी बोस रोड पर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। गौरतलब है कि 19 फरवरी की आधी रात को छात्र नेता की अमता स्थित उनके घर पर रहस्यमई मौत के बाद से छात्र संगठन पूरे शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के कथित भ्रष्टाचार और अमता के कुछ पुलिसकर्मियों के साथ उनकी सांठगांठ के खिलाफ निरंतर विरोध प्रदर्शन के लिए पुलिस के एक वर्ग ने खान की हत्या कर दी।

## हरियाणा में भ्रष्टाचार के आरोपी जेल अधिकारी ने की आत्महत्या

**गुरुग्राम**। हरियाणा की नारनौल जेल के उपाधीक्षक ने बृहस्पतिवार शाम को, कथित तौर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान रोहतक के पोलंगी गांव के कुलदीप हुड्डा (45) के रूप में की गई है जिस पर भ्रष्टाचार के दो मुकदमे चल रहे थे और वह फरार था।

पुलिस ने बताया कि कुलदीप अपने एक रिश्तेदार से मिलने बृहस्पतिवार को राजेंद्र पार्क थाना क्षेत्र के मकरोला गांव पहुंचा था, जहां उसने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद कुलदीप को एसजीटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

कुलदीप के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के दो मामलों में से एक, नारनौल में पुलिस ने दर्ज किया था जबकि दूसरा राज्य सतर्कता ब्यूरो ने दर्ज किया था। इससे पहले, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## क्या मंदिरों को सरकार के ही अधीन रहना चाहिए : मद्रास उच्च न्यायालय ने पूछा

भाषा। मदुरै (तमिलनाडु)

**मद्रास** उच्च न्यायालय ने पूछा है कि क्या सरकार को सभी धार्मिक संस्थानों के साथ समान व्यवहार नहीं करना चाहिए और क्या मंदिरों को उसके अधीन ही रहना चाहिए। न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने यहां कहा है कि तमिलनाडु मंदिरों की भूमि है जहां मंदिरों ने हमारी संस्कृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि उनके रखरखाव के लिए दी गई भूमि को निजी हितों द्वारा हथिया लिया गया है। प्राचीन मूर्तियों की चोरी और विदेशों में तस्करी की गई है। मंदिर के कर्मचारियों को एक मामूली भुगतान किया जाता है।

हजारों मंदिर पूरी तरह से उपेक्षा का सामना कर रहे हैं यहां तक कि पूजा-अर्चना भी नहीं हो रही है। उनके गौरव को वापस लाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है।

न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को तिरुचिरापल्ली में श्रीरंगम के याचिकाकर्ता, कार्यकर्ता रंगराजन नरसिम्हन के खिलाफ दायर दो प्राथमिकी को खारिज करते हुए टिप्पणी की। नरसिम्हन पर मानहानि और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए मामला दर्ज किया गया था। प्रतिवादियों में उद्योगपति वेणु श्रीनिवासन, पूर्व अध्यक्ष, श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर, श्रीरंगम के न्यासी बोर्ड और मंदिर के तत्कालीन कार्यकारी अधिकारी शामिल थे। न्यायाधीश ने पूछा कि मंदिरों के प्रशासन से संबंधित एक मौलिक मुद्दा भी है। क्या उन्हें सरकार के अधीन रहना चाहिए? क्या धर्मनिरपेक्ष होने का दावा करने वाली सरकार को सभी धार्मिक संस्थानों के साथ समान व्यवहार नहीं करना चाहिए?

### अदालत ने फिल्म में अश्लीलता से जुड़े मामले में मांजरेकर को राहत देने से किया इंकार

**मुंबई**। बंबई उच्च न्यायालय ने एक मराठी फिल्म में नाबालिगों से जुड़े अश्लील दृश्य के मामले में फिल्मकार महेश मांजरेकर को गिरफ्तारी या किसी दंडात्मक कार्वाई से कोई राहत देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। मुंबई पुलिस ने इस सप्ताह की शुरुआत में मांजरेकर और फिल्म नाय वरनभात लोन्चा कोन नाय कोन्चा के अन्य निर्माताओं के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। मांजरेकर ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर मामले को खारिज करने और गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कोई आदेश देने से इनकार कर दिया और याचिका पर सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। हाल में रिलीज हुई इस फिल्म में कथित तौर पर नाबालिगों से संबंधित अश्लील सामग्री है।

## मिजोरम में भाजपा ने राष्ट्रपति शासन की मांग उठाई

भाषा। आइजोल

**भाजपा** की मिजोरम इकाई ने शुक्रवार को एमएनएफ सरकार पर अराजकता का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की और राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति को एक ज्ञापन सौंपा। एमएनएफ भाजपा के नेतृत्व वाले नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) का सदस्य है, और केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का एक हिस्सा है। हालांकि मिजोरम में दोनों पार्टियां एक साथ काम नहीं करती हैं।

अपने ज्ञापन में, भाजपा ने आरोप लगाया कि राज्य में सुशासन का पूर्ण अभाव है, जिसके परिणामस्वरूप जनता के धन का दुरुपयोग होता है। भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रशासन के हर स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है और मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के विभिन्न संदिग्ध व्यापारिक सौदों में शामिल होने का संदेह है। भाजपा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने नवंबर 2019 में राज्य सरकार को म्यांमार से सूखी सुपारी और उर्वरकों के सीमा पार अवैध व्यापार की जांच करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया है, इस मद में बड़ी मात्रा में इस तरह के अवैध व्यापार के मौजूद होने के बावजूद और केंद्र के निर्देशों की पूरी तरह से अवहेलना मिजोरम सरकार ने अपनी आंखों के सामने एक अपराध पर मूकदर्शक बनने का विकल्प चुना।

### मुम्बई में बैंककर्मी ने 16वें तल से छलांग लगाकर खुदकुशी की

**मुम्बई**। मध्य मुम्बई के पारेल इलाके में शुक्रवार को किसी बैंक के एक वरिष्ठ कर्मी ने एक भवन के 16 वें मंजिल से कथित रूप से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। भोईवाडा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि श्लोक शशिकांत कपूर (42) सुमितोमो मित्सूई बैंक के उपाध्यक्ष थे और यह घटना अशोका टावर्स के डी विंग में पूर्वाह्न साढे दस बजे घटी।

## दो वर्षों में 59 लाख ग्रामीण घरों को नल से जलापूर्ति सुनिश्चित होगी : राज्यपाल

भाषा। रांची

**झारखंड** के राज्यपाल रमेश बैस ने आज यहां कहा कि उनकी सरकार राज्य में वर्ष 2024 तक कुल 5923320 ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रही है और अब तक 1089904 घरों तक ग्रामीण घरों में यह सुविधा पहुंचा दी गई है।

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा, उनकी सरकार झारखंड के ग्रामीण घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए तत्परता से काम कर रही है और 2024 तक कुल 59,23,320 ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 10,89,904 घरों में यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने करीब 45 मिनट के अपने अभिभाषण में कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण टोला में जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 4374 पंचायतों में पांच नलकूप प्रति पंचायत स्थापित करने की कार्रवाई की जा रही है। शहरों और गांवों के बीच की दूरी को कम करने के लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक 4533 ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर केबल की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के दौरान अपनी सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने कृषि ऋण माफी योजना के तहत अब तक दो लाख से ज्यादा किसानों के खातों में 836.57 करोड़ रुपए स्थानांतरित कर चुकी है। रमेश ने बताया कि राज्य में युवक-युवतियों को सॉफ्ट स्किल की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है और इस साल से राज्य के बेरोजगार अध्ययनरत युवकों और युवतियों के लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना शुरू की जा रही है। राज्यपाल ने बताया कि उनकी सरकार झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत श्रमिकों के कल्याण के लिए पांच योजनाएं चला रही है।

रेशम उत्पादन से जुड़े बुनकरों और शिल्पकारों को उन्नत प्रशिक्षण दिया जा रहा है और रांची में एनआईडी, अहमदाबाद के सहयोग से झारखंड इंस्टीट्यूट आफ क्राफ्ट एंड डिजाइन संस्थान की स्थापना की जा रही है। राज्यपाल ने बताया कि झारखंड माल और सेवा कर अधिनियम 2017 के अधीन दिसंबर 2021 तक कुल 16,850 नए करदाता निबंधित हुए हैं और वित्तीय वर्ष 21-22 में जनवरी 22 तक कुल 16611.80 करोड़ का राजस्व संग्रहण हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर परिसीमन पैनल ने संशोधित मसौदा रिपोर्ट साझा की

**नई दिल्ली**। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण करने वाले परिसीमन आयोग ने शुक्रवार को अपने सहयोगी सदस्यों को उनके द्वारा सुझाए गए कुछ बदलावों को शामिल करते हुए एक संशोधित मसौदा रिपोर्ट साझा की। जम्मू-कश्मीर से पांच लोकसभा सदस्य- नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, मोहम्मद अकबर लोन और हसनैन मसूदी और भाजपा के जुगल किशोर शर्मा और जितेंद्र सिंह, पैनल के सहयोगी सदस्य हैं।

उन्होंने पैनल की पिछली मसौदा रिपोर्ट में कई बदलावों का सुझाव दिया था। समिति ने गुरुवार को बैठक की थी और विचार के बाद अधिकांश सुझावों को स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि सुझावों को शामिल करते हुए फिर से तैयार किए गए मसौदे को शुक्रवार को पांच सहयोगी सदस्यों को सौंपा गया। अपनी आपत्तियों और सुझावों में, सदस्यों ने पैनल से कुछ विधानसभा सीटों को फिर से तैयार करने का आग्रह किया।

## महाराष्ट्र सरकार को दो हफ्ते में रिपोर्ट मंत्रिमंडल के सामने रखने का निर्देश

भाषा। मुम्बई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के कर्मियों की मांगों को लेकर बनाई गई तीन सदस्ईय समिति की रिपोर्ट को अनुमोदन हेतु मंत्रिमंडल के सामने रखने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्त और न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की खंडपीठ एमएसआरटीसी की याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें निगम ने अदालत के आदेश के बाद भी हड़ताल जारी रखने पर अपने कर्मियों के विरूद्ध अवममानना की कार्वाई का अनुरोध किया है। एमएसआरटीसी के हजारों कर्मी इस मांग को लेकर नवंबर, 2021 से हड़ताल पर हैं कि उन्हें राज्य सरकार के कर्मचारियों के समतुल्य समझा जाए। उच्च न्यायालय के निर्देश पर सभी पक्षों को सुनने एवं रिपोर्ट देने के लिए तीन सदस्ईय समिति बनाई गई थी। यह रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश की गई है जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की राय एवं विचार हैं।

राज्य सरकार का पक्ष रख रहे वकील एस सी नायडू ने हड़ताली कर्मियों के वकील गुनारतन सदावर्ते द्वारा इस रिपोर्ट की प्रति देने का किया गया अनुरोध ठुकरा दिया। सदावर्ते ने कहा कि यदि कर्मियों को उनकी मांग मान लिए जाने की सूचना दे दी जाए तो वे तत्काल काम पर लौट आएंगे।

हालांकि नायडू ने कहा कि सरकार को पहले यह रिपोर्ट मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के सामने रखनी होगी।



जालंधर में महा शिवरात्रि उत्सव से पहले एक धार्मिक जुलूस के दौरान भगवान शिव के रूप में तैयार एक कलाकार।

### शिक्षा मंत्रालय ने भाषा सर्टिफिकेट सेल्फी अभियान का शुरूआत की

**नई दिल्ली**। शिक्षा मंत्रालय ने सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहित करने, बहु भाषावाद को बढ़ावा देने और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के प्रसार के लिए भाषा सर्टिफिकेट सेल्फी अभियान की शुक्रवार को शुरूआत की। मंत्रालय के बयान के अनुसार भाषा सर्टिफिकेट सेल्फी का उद्देश्य शिक्षा मंत्रालय और माई गॉव इंडिया द्वारा विकसित भाषा संगम मोबाइल ऐप को बढ़ावा देना है। लोग इस ऐप का उपयोग करके 22 अधिसूचित भारतीय भाषाओं में दैनिक उपयोग के 100 से अधिक वाक्य सीख सकते हैं।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा अधिकृत यह प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए, एक उपयोगकर्ता को एंड्रॉइड और आईओएस संस्करणों में उपलब्ध इस मोबाइल ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद उन्हें 22 अधिसूचित भारतीय भाषाओं में से किसी भी भाषा का चयन करना होगा, उससे संबंधित सभी स्तरों को पूरा करना होगा।

## एअर इंडिया यूक्रेन में फंसे भारतीयों को लाने के लिए दो उड़ानें बुखारेस्ट भेजेगा

भाषा। नई दिल्ली

**एअर** इंडिया रूस के आक्रमण के चलते यूक्रेन में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए अपनी दो उड़ानें शुक्रवार रात रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट भेजेगा। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जो भी भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से यूक्रेन-रोमानिया सीमा पर पहुंच गए हैं, उन्हें भारत सरकार के अधिकारी बुखारेस्ट ले जाएंगे ताकि उन्हें एअर इंडिया की इन दो उड़ानों के जरिए स्वदेश लाया जा सके।

बृहस्पतिवार को यूक्रेन के अधिकारियों ने यात्री विमानों के परिचालन के लिए अपने देश का वायु क्षेत्र बंद कर दिया था, इसलिए भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए ए उड़ानें बुखारेस्ट से परिचालित की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि एअर इंडिया की एक उड़ान शुक्रवार को दिल्ली से रात के करीब नौ बजे रवाना होगी, जबकि दूसरी उड़ान रात करीब 10 बजकर 25 मिनट पर रवाना होगी। अधिकारियों ने बताया कि एअर इंडिया की दोनों ही उड़ानें शनिवार को बुखारेस्ट से भारत रवाना होंगी। हालांकि एअर इंडिया ने इस संबंध में टिप्पणी करने के अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया।




### पांच राज्यों के विस चुनाव के दौरान 1000 करोड़ से अधिक की नकदी जब्त

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनावों में अब तक 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी, मादक पदार्थ, शराब और मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान जब्त किए हैं। 2017 में हुए चुनावों की तुलना में इस तरह की बरामदगी में लगभग चार गुना वृद्धि हुई है। चुनाव आयोग के एक बयान के अनुसार, जब्ती के मामले में पंजाब सभी राज्यों में ऊपर है जहां 510.91 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश (307.92 करोड़ रुपए), मणिपुर (167.83 करोड़ रुपए), उत्तराखंड (18.81 करोड़ रुपए) और गोवा (12.73 करोड़ रुपए) हैं। पांच राज्यों में कुल जब्ती 1,018 करोड़ रुपए से अधिक की है। इसके तहत इन राज्यों में 2017 के विधानसभा चुनावों के दौरान हुई कुल 299.84 करोड़ रुपए की जब्ती से यह लगभग चार गुना की बढ़ोतरी है।

## अभ्यास के लिए मित्र देशों की नौसेनाओं के पोत विशाखापत्तनम पहुंचे

भाषा। विशाखापत्तनम

**द्विवार्षिक** बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास एमआईएलएएन-2022 के लिए विभिन्न मित्र देशों की नौसेनाओं के पोतों का बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम पहुंचना शुरू हो गया है। एमआईएलएएन दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इसमें से बंदरगाह चरण 26-28 फरवरी के बीच और समुद्री चरण एक से चार मार्च तक चलेगा।

यह एमआईएलएएन का 11वां संस्करण है जिसकी मेजबानी पहली बार विशाखापत्तनम द्वारा की जा रही है। पूर्वी नौसेना कमान ने शुक्रवार को कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम का उद्देश्य युद्धपोत पर हमारे ऑपरेटर, अनुरक्षकों, योजनाकारों और अन्य के कौशल को बढ़ाना है। एमआईएलएएन-22 युवा अधिकारियों को पोत-संचालन और डैमेज कंट्रोल सिमुलेटर पर कौशल सीखने का एक मंच प्रदान करता है।

### शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मुंबई में हुई बैठक

**मुंबई**। भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना के शीर्ष कमांडरों ने एकीकृत समुद्री थिएटर कमान की स्थापना के विभिन्न पहलुओं के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया।

मंत्रालय ने कहा कि एकीकृत थिएटर कमान की स्थापना के तौर-तरीकों और संरचनात्मक ढांचे के संबंध में तीनों सेनाओं की चर्चा पश्चिमी नौसेना कमान के तत्वावधान में मुंबई में आयोजित की गई। यह बैठक 24 और 25 फरवरी को हुई। मंत्रालय ने कहा कि यह तीनों सेवाओं के बीच संगठनात्मक समन्वय को बढ़ाने की दिशा में एक और मील का पत्थर है। भारतीय थल सेना, नौसेना, वायु सेना और एएनसी के कुल नौ शीर्ष कमांडरों ने एकीकृत समुद्री थिएटर कमान के गठन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

### बारुदी सुरंग विस्फोट में सहायक कमांडेंट सहित दो लोग जख्मी

गया (**बिहार**)। जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के पचरुखिया जंगल में तलाशी अभियान के दौरान शुक्रवार की शाम नक्सलियों द्वारा बिछाए गए एक बारुदी सुरंग में अचानक विस्फोट होने से सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन 205 के एक सहायक कमांडेंट और एक रेडियो ऑपरेटर गंभीर रूप से घायल हो गए।

मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (सदर) राकेश कुमार के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल को घटनास्थल की ओर रवाना किया गया है। घायल सहायक कमांडेंट और हवलदार के बेहतर इलाज के लिए मेडिकल टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। जिला पुलिस, विशेष कार्यबल और सीआरपीएफ की उक्त कोबरा बटालियन द्वारा प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के विरुद्ध पिछले कई दिनों से उक्त इलाके में अभियान चलाए जा रहे हैं।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1,329 अंक उछला

**भाषा। मुंबई**

**घरेलू** शेयर बाजारों में सात दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी। दोनों मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 2.5 प्रतिशत तक बढ़त में रहे। यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस पर अमेरिका तथा उसके सहयोगी देशों की तरफ से लगाई गई कड़ी पाबंदियों के साथ वैश्विक बाजारों में आई तेजी का सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। कारोबारियों के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और शेयरों के दाम निचले स्तर पर आने से कारोबारियों की लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में एक दिन में दो साल की सबसे बड़ी गिरावट आई थी।

बीएसई सेंसेक्स I,328.61 यानी 2.44 प्रतिशत उछलकर 55,858.52 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 410.45 अंक यानी 2.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,658.40 अंक पर बंद हुआ।

एचयूएल और नेस्ले को छोड़कर सेंसेक्स के सभी शेयर लाभ में रहे। टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी और टेक महिंद्रा में 6.54 प्रतिशत तक की तेजी रही। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 2,700 अंक से अधिक लुढ़क गया था। दो साल में किसी एक दिन की यह सबसे बड़ी गिरावट थी। निफ्टी में भी 815 अंक की भारी गिरावट आई थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौटी। पिछले कारोबारी सत्र में भारी बिकवाली के बाद शेयरों के दाम काफी नीचे आ गए थे, इससे लिवाली को समर्थन मिला। उन्होंने कहा, रूस पर लगे प्रतिबंधों को लेकर भी वैश्विक बाजारों ने राहत की सांस ली। अमेरिकी सरकार की नई पाबंदियों में रूस से



तेल निर्यात या स्विफ्ट (सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन) वैश्विक भुगतान नेटवर्क को निशाना नहीं बनाया गया है। हालांकि रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर गतिविधियों से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स इस हफ्ते I,974 अंक यानी 3.41 प्रतिशत और निफ्टी 618 अंक यानी 3.57 प्रतिशत नीचे आया।जुलिएस बेअर के कार्यकारी निदेशक नितिन रहेजा ने कहा, ...यह साफ हो गया है कि नाटो देशों की युद्ध में शामिल होने की कोई इच्छा नहीं है और इसकी जगह वे पाबंदियों का सहारा लेंगे। इससे वैश्विक स्तर पर जोखिम को लेकर धारणा कम हुई है। उन्होंने कहा, भारत के नजरिए से भू-राजनीतिक तनाव का कच्चे तेल और जिंसों के दामों पर पड़ने वाला असर है। अगर कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल पर बना रहता है तो मुद्रास्फीति दबाव और चालू खाते के घाटे में वृद्धि के रूप में नकारात्मक आर्थिक प्रभाव होगा। रूस पर पाबंदियों की घोषणा के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी के साथ एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में भी मजबूती आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा।इस बीच, अमेरिका, यूरोपीय संघ और जापान ने यूक्रेन की मदद का संकल्प जताया है। साथ ही रूस पर और आर्थिक तथा वित्तीय पाबंदियां लगाने पर सहमति जताई है। इन सबके बावजूद रूसी सेना लगातार यूक्रेन की राजधानी की ओर बढ़ रही है। उधर, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.67 प्रतिशत बढ़कर 100.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे चढ़कर 75.33 पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार यूक्रेन संकट के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 6,448.24 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# रूस-यूक्रेन संकट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई सीधा असर नहीं: रिपोर्ट

**भाषा। नई दिल्ली**

**रूस-यूक्रेन** संकट से द्विपक्षीय कारोबार के मामले में भारत पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा लेकिन तेल के दाम में तेजी आने से अर्थव्यवस्था के समक्ष जोखिम पैदा हो सकता है।

शुक्रवार को जारी बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) अर्थशास्त्रीय शोध रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई। इसमें कहा गया है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गए हैं। इससे बाह्य स्तर पर स्थिरता तथा रुपए की गतिविधियों को लेकर जोखिम है।

रूस ने यूक्रेन पर सैन्य धावा बोला है। इससे जनजीवन प्रभावित होने के साथ क्षेत्र में विभिन्न समस्याएं बढ़ेंगी। पश्चिमी देश रूस के कदम के विरोध में उस पर वित्तीय पाबंदियां लगा रहे हैं। दुनिया के अन्य भागों में आर्थिक प्रभाव जिंसों के ऊंचे दाम, मुद्रास्फीति में तेजी और वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव यानी गतिहीन मुद्रास्फीति (स्टैगफ्लेशन) के रूप में देखने को मिल सकता है। इनवेस्को ने एक रिपोर्ट में कहा, अगर यह संकट बढ़ता है और ईरान की तरह रूस को पश्चिमी भुगतान और त्वरित संदेश प्रणाली (स्विफ्ट) से बेदखल किया जाता है तो ऊर्जा आपूर्ति में बाधा से गंभीर गतिहीन मुद्रास्फीति की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। रूस, यूरोप को 40 प्रतिशत गैस की आपूर्ति करता है जबकि कोयला समेत ठोस ईंधन की आपूर्ति में उसकी हिस्सेदारी आधी है। साथ ही एक तिहाई तेल की भी आपूर्ति करता है। अब तक अमेरिका ने रूस को वैश्विक भुगतान प्रणाली के उपयोग से प्रतिबंधित नहीं किया है।

बीओबी आर्थिक शोध रिपोर्ट के अनुसार, रूस-यूक्रेन संकट से द्विपक्षीय कारोबार को लेकर भारत पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा लेकिन तेल के दाम में तेजी से अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा जोखिम है। वित्त वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट और आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति दोनों इस संकट से पहले पेश की गई और उसमें कच्चे तेल की ऊंची कीमत के प्रभाव को शामिल नहीं किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बजट और आरबीआई की मौद्रिक नीति में कच्चे तेल की कीमत 75 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान रखा गया है। हालांकि यह कीमत स्तर आने वाले समय में चुनौतीपूर्ण हो सकता है। भारत अपनी तेल जरूरतों का 80 प्रतिशत आयात करता है। वित्त वर्ष 2020-21 में भारत ने 82.7 अरब डॉलर का तेल आयात किया था। जबकि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान 125.5 अरब डॉलर का तेल आयात किया गया है। हालांकि अब तेल की कीमत 8 साल के उच्च स्तर पर है, ऐसे में तेल आयात बिल ऊंचा रह सकता है।

# यूक्रेन संकट से भारत के विकास के सामने चुनौती खड़ी हुई: सीतारमण

## ● दूसरे विश्व युद्ध के बाद वैश्विक शांति के लिए फिर से उत्पन्न हो गया खतरा

**भाषा। मुंबई**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूक्रेन पर रूस के हमले से उपजे हालात को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक शांति के लिए उत्पन्न सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए शुक्रवार को कहा कि हालिया घटनाक्रम ने भारत के विकास के सामने बाधा खड़ी कर दी है। सीतारमण ने एशिया इकोनॉमिक डायलॉग को संबोधित करते हुए कहा कि मानवीय कल्याण के लिए किसी तरह की अड़चन या अशांति के बगैर एक अनुकूल परिवेश की जरूरत है ताकि कोविड-19 महामारी के बाद आर्थिक पुनरुद्धार को टिकाऊ बनाया जा सके। उन्होंने कहा, भारत के विकास के समक्ष दुनिया में उत्पन्न हो रही नई चुनौतियों से बाधाएं खड़ी होने वाली हैं। शांति को खतरा पैदा हुआ है और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया ने इस स्तर के और ऐसे असर वाले किसी युद्ध का अनुभव शायद नहीं किया है। सीतारमण ने विदेश मंत्रालय और पुणे इंटरनेशनल सेंटर की तरफ से आयोजित इस सम्मेलन में कहा, 'उम्मीद है कि जल्द-से-जल्द शांति बहाली होगी जिसके आधार पर आर्थिक पुनरुद्धार टिकाऊ हो सकता है। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी इस जंग से भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के आर्थिक पुनरुद्धार पर गहरा असर पड़ने की आशंका जताते हुए कहा कि मानवता के कल्याण के लिए पुनरुद्धार का टिकाऊहोना जरूरी है जो किसी तरह की बाधा से भी मुक्त हो। वित्त मंत्री ने यह बात यूक्रेन पर रूस के सैन्य हमले के एक दिन बाद कही है। इसकी वजह से समूची दुनिया के बाजारों में उठापटक देखी जा रही है।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का इस्तेमाल घटा: सचिव

**नई दिल्ली।** आवास एवं शहरी मामलों के सचिव मनोज जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदमों से संपत्तियों की लेनदेन में गलत तरीके से प्राप्त राशि का उपयोग घटा है। जोशी ने रियल एस्टेट क्षेत्र पर आयोजित उद्योग संगठन नारेडको-माही (एसोसएिशन का महिला प्रकोष्ठ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संपत्ति लेनदेन में लगने वाले स्टांप शुल्क में कमी हुई है और इसमें आगे चलकर और भी कटौती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संपत्ति की खरीद-बिक्री में ईमानदारी या कालेधन के इस्तेमाल को तय करने में स्टांप शुल्क एक अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र के साफ होने के संकेत पहले ही दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस क्षेत्र को साफ करने के लिए काफी कुछ किया है।

# सौदों की लिवाली से ग्वारसीड वायदा कीमतों में आई तेजी

**भाषा। नई दिल्ली**

**हाजिर** बाजार में मजबूती के रुख के कारण सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को ग्वारसीड की कीमत 118 रुपए की तेजी के साथ 5,853 रुपए प्रति 10 क्विन्टल हो गई। एनसीडीईएक्स में ग्वारसीड के मार्च माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 118 रुपए अथवा 2.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,853 रुपए प्रति 10 क्विन्टल हो गई जिसमें 53,415 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कमजोर हाजिर मांग के कारण चांदी वायदा कीमतों में गिरावटनई दिल्ली, 25 फरवरी (भाषा) कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया, जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को चांदी की कीमत I,175 रुपए की गिरावट के साथ 64,856 रुपए प्रति किलो रह गई।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मार्च महीने में डिलिवरी वाले वायदा अनुबंध का भाव I,175 रुपए यानी 1.78 प्रतिशत गिरावट के साथ 64,856 रुपए प्रति किलो रह गया। इसमें 4,326 लॉट के लिए सौदे किए गए।

**एफडीआई इक्विटी प्रवाह अप्रैल-दिसंबर 2021 के दौरान 16 प्रतिशत घटा: डीपीआईआईटी**

नई दिल्ली। देश में चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इक्विटी प्रवाह 16 प्रतिशत घटकर 43.17 अरब डॉलर रहा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने शुक्रवार को जारी अपने आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान देश में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 51.47 अरब डॉलर था।

# उड़ान ने 1000 शहरों में भेजे 26 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स

**बेंगलुरु।** फरवरी 23ए 2022रू भारत के सबसे बड़े बिजनेस.टू.बिजनेस ;बी2बीद्ध ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्मए उड़ान ने आज घोषणा की कि उन्होंने ̧5 करोड़ ऑर्डर्स की आपूर्ति करते हुए भारत के 1000 कस्बों और शहरों में 20 लाख टन से अधिक एसेंशियल्स ;फ्रेशए एफएमसीजीए स्टेपल्सए फार्माद्ध और 26 करोड़ प्रोडक्ट्स नॉन.एसेंशियल्स ;इलेक्ट्रॉनिक्सए जनरल मर्चेंडाइस और लाइफस्टाइलद्ध श्रेणियों के तहत रवाना किया है। 2021 में प्लेटफॉर्म 5 लाख से अधिक नए दुकानदार ध् किराना दुकानदार को जोड़ने में सफल रहा है। इस अवधि के दौरानए प्लेटफॉर्म पर 625 से अधिक विक्रेताओं ने 1 करोड़ रूपए प्रत्येक की बिक्री हासिल की।वैभव गुप्ताए को.फाउंडर तथा सीईओए उड़ान ने कहाए ष्जबकि भारत सहित पूरी दुनिया महामारी की दूसरी और तीसरी लहर से प्रभावित थीए उड़ान अपनी ई.कॉमर्स क्षमताओं का लाभ उठाकर आर्थिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करता रहा।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे मजबूत

**भाषा। मुंबई**

**कच्चे** तेल की कीमतों में कमी और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के साथ विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 27 पैसे मजबूत होकर 75.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.31 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 75.18 के उच्च स्तर और 75.46 के निम्न स्तर को छूने के बाद अंत में 27 पैसे की तेजी के साथ 75.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 99 पैसे की गिरावट के साथ 75.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। यूक्रेन के खिलाफ रूस के सैन्य अभियान शुरु होने के बाद जोखिम वाली संपत्तियों को लेकर धारणा प्रभावित हुई। इस बीच, यूरोपीय संघ के नेतृत्व में विभिन्न देश साझा मोर्चा बनाते हुए रूस के खिलाफ आर्थिक एवं वित्तीय प्रतिबंधों के दूसरे पैकेज के लिए सहमत हुए हैं। छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 97.14 पर जा पहुंचा। वैश्विक मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.07 प्रतिशत बढ़कर 100.14 डॉलर प्रति बैरल हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने कहा, विदेशी मुद्रा बाजारों में शांति लौट आई क्योंकि प्रतिभागियों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के नतीजों का आकलन कर लिया है और अब उनका ध्यान फिर से फेडरल रिजर्व पर वापस लौट आया है। रूस पर उम्मीद से कहीं कमजोर अमेरिकी प्रतिबंधों से बाजार की धारणा को समर्थन मिला ..।

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने स्मॉलकैप 50 लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत की प्रमुख परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स फंड निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स को ट्रैक करने वाला ओपन एंडेड इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की। जिनेश गोपानी हेड.इक्विटी द्वारा प्रबंधित यह फंड निफ्टी स्मॉलकैप 50 टीआरआई इंडेक्स को ट्रैक करेगा। यह एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 21 फरवरी 2022 को खुलेगा और 7 मार्चए 2022 को बंद होगा। न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 रु है और उसके बाद निवेशक 1 रु् के गुणकों में निवेश कर सकते हैं। एक्जिट लोड शून्य है। इंडेक्स, निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स शीर्ष 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जिन्हें निफ्टी स्मॉल कैप 250 इंडेक्स में पूर्ण बाजार पूंजीकरण के आधार पर चयनित शीर्ष 100 कंपनियों से औसत दैनिक टर्नओवर के आधार पर चयनित किया गया है।

# सेबी ने जिंस वायदा बाजार मे एफपीआई को मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा

**भाषा। नई दिल्ली**

**बाजार** नियामक सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को एक्सचेंज ट्रेडेड जिंस वायदा (ईटीसीडी) बाजार में शिरकत करने की मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा है।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परामर्श पत्र में यह प्रस्ताव रखा है कि एफपीआई को सभी गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव (वायदा और विकल्प) में कारोबार की मंजूरी दी जानी चाहिए। इसकी शुरुआत कुछ चुने हुए व्यापक कृषि जिंस डेरिवेटिव के साथ की जा सकती है। सेबी के मुताबिक इस पहल का मकसद जिंस डेरिवेटिव बाजारों में तरलता एवं गहराई लाने का है। इस परामर्श पत्र के मुताबिक, 'तरलता बढ़ने से क्रमिक रूप से भारतीय जिंस डेरिवेटिव बाजार विभिन्न जिंसों के लिए वैश्विक मानक के तौर पर काम कर सकते हैं। इससे भारत की भूमिका कीमत लेने वाले से बदलकर कीमत तय करने की हो जाएगी। इसके अलावा एफपीआई की भागीदारी बढ़ने से जिंस वायदा खंड में लेनदेन की लागत में भी कमी आ सकती है। फिलहाल भारतीय जिंस बाजार तक पहुंच रखने वाली पात्र विदेशी इकाइयों (ईएफई) को ही भारतीय जिंस डेरिवेटिव बाजार में शामिल होने की मंजूरी मिली हुई है। तगड़ी खरीद क्षमता वाले वित्तीय निवेशक एफपीआई को अभी तक ईटीसीडी में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं है। सेबी ने यह परामर्श पत्र अपनी जिंस डेरिवेटिव सलाहकार समिति की नवंबर बैठक के बाद जारी किया है। उस बैठक में ईटीसीडी में ईएफई की तरफ से सक्रिय हिस्सेदारी नहीं किए जाने पर विचार करने के साथ ही एफपीआई को मंजूरी देने का सुझाव भी दिया गया था।

# रुद्रा शेयर्स का आईपीओ

**कानपुर।** रुद्रा शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड ने अपने आफिस रुद्रा हाउस 3तक फ्लोर 15,63 सिविल लाइन्स कानपुर में आईपीओ हेतु अपने यहाँ डीमैट और ट्रेडिंग एकाउंट खोलने की योजनाओं की घोषणा की द्य इस अवसर पर रुद्रा शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड के चेयरमैन किशोर वकील, एमडी सुनील बंसल तथा अजय कुमार गुप्ता निदेशक गुप्ता इंश्योरेंस एंड इन्वेस्टमेंट कंसलटेंट मौजूद रहे । रुद्रा शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड के चेयरमैन किशोर वकील ने कहा कि रुद्रा शेयर्स में इस ऐतिहासिक और सबसे बड़े आईपीओ के लिए वर्तमान में प्देजंदज 15 मिनट में खाते खोलने की व्यवस्था हैए जिसमें बिना कागज़ी कार्यवाही के आपका खाता खोला जा रहा है । रुद्रा शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड के एमडी सुनील बंसल ने बताया कि रुद्रा शेयर्स 18 राज्यों में फैले हुए अपने 225 व्यावसायिक केंद्रों के माध्यम से इक्विटी, कमोडिटी, करेंसी, डेरिवेटिव, आईए् पी ओ म्यूच्यूअल फण्ड तथा डेपॉज़िटरी सर्विसेस की सुविधाएँ ए ऑन-लाइन ट्रेडिंग ऑन.लाइन बैक ऑफिस तथा ऑनलाइन पेमेंट के साथ अपने लगभग 40,000 निवेशकों को उपलब्ध करा रही है ।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 632.95 अरब डॉलर पर

**भाषा। मुंबई**

**देश का** विदेशी मुद्रा भंडार 18 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.762 अरब डॉलर बढ़कर 632.95 अरब डॉलर हो गया। मुख्य रूप से आरक्षित स्वर्ण भंडार के मूल्य तथा मुख्य मुद्रा आस्तियों में वृद्धि के कारण मुद्रा भंडार बढ़ा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.763 अरब डॉलर घटकर 630.19 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि, विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) के बढ़ने के कारण दर्ज की गई। एफसीए समग्र भंडार और स्वर्ण भंडार का एक प्रमुख घटक है। आंकड़ों के अनुसार 18 फरवरी को समाप्त सप्ताह में एफसीए 1.496 अरब डॉलर बढ़कर 567.06 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और एन जैसे गैर अमेरिकी मुद्रा के मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। इसके अलावा आलोच्य सप्ताह में सोने का भंडार 1.274 अरब डॉलर बढ़कर 41.509 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 19.162 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार 40 लाख डॉलर बढ़कर 5.221 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और एन जैसे गैर अमेरिकी मुद्रा के मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है।

## शेयर बाजार में उछाल से निवेशकों की संपत्ति 7.72 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** रूस के यूक्रेन पर सैन्य हमले के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लौटी रौनक से निवेशकों की संपत्ति 7.72 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गई। अमेरिका और उसके सहयोगियों देशों द्वारा रूस पर सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने के साथ शुक्रवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स I,328.61 यानी 2.44 प्रतिशत उछलकर 55,858.52 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,72,873.6 करोड़ रुपए बढ़कर 2,49,97,053.39 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को इन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,42,24,179.79 करोड़ रुपए था।

# श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस ने बांड जारी कर 900 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी (एसटीएफसी) ने निजी नियोजन आधार पर बांड जारी कर 900 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी इस राशि का इस्तेमाल ऋण देने और अन्य व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करेगी। श्रीराम ट्रांसपोर्ट ने शुक्रवार को शेयर बाजार दी जानकारी में कहा कि आवंटन समिति ने शुक्रवार को अपनी बैठक में निजी नियोजन आधार पर दस लाख रुपए अंकित मूल्य के सूचीबद्ध, विमोच्य और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करने को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि 9,000 करोड़ रुपए के कुल 9,000 एनसीडी आवंटित किए गए थे। इनमे प्रत्एक एनसीडी का अंकित मूल्य 10 लाख रुपए है।

# पेज एक का शेष

## यूक्रेन की...

अपनी पसंद की सरकार थोपना चाहते हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने वैश्विक नेताओं से पूर्व में लगाए गए प्रतिबंधों की तुलना में रूस के खिलाफ अधिक कठोर पाबंदी लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, यदि आप अभी हमारी मदद नहीं करते हैं, यदि आप यूक्रेन को मजबूत सहायता प्रदान करने में नाकाम रहते हैं तो कल युद्ध आपके दरवाजे पर दस्तक देगा। जेलेंस्की ने रूस की सरकार से बातचीत करने का अनुरोध किया है और पश्चिमी शक्तियों से यूक्रेन को सैन्य सहायता प्रदान करने के लिए तेजी से काम करने को कहा है। उन्होंने कहा, जब बम कीव पर गिरते हैं, तो वह यूरोप में गिरता है, न कि केवल यूक्रेन में जब मिसाइलें हमारे लोगों को मारती हैं, तो वे सभी यूरोपीय लोगों को मारती हैं।

## यूक्रेन समपर्ण...

यूक्रेन के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल बेलारूस भेजने को तैयार हैं। यह प्रतिक्रिया ऐसे वक्त आई जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह यूक्रेन के लिए एक गुटनिरपेक्ष स्थिति पर चर्चा करने के इच्छुक हैं। रूस की मांग है कि यूक्रेन नाटो का सदस्य बनने का इरादा त्याग दे। अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों और संकट को खत्म करने के आह्वान के बीच पुतिन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर सैन्य हमले के आदेश दिए। पुतिन ने अन्य देशों को भी चेतावनी दी कि हस्तक्षेप करने के किसी भी प्रयास के ऐसे परिणाम होंगे जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे।

## रूस ने...

कहा था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य होने के नाते और ऐसा देश होने के नाते, जिसका उस क्षेत्र में काफी कुछ दांव पर लगा है, जिसके अनेक नागरिक संवेदनशील क्षेत्रों में हैं, हम सभी संबंधित पक्षों के निकट संपर्क में हैं। दूसरी ओर रूस के चार्ज द अफेयर्स बाबुश्किन ने कहा कि यूक्रेन से जुड़े घटनाक्रम को लेकर रूस, भारत के साथ सम्पर्क में है। इधर, यूक्रेन पर रूसी हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में महत्वपूर्ण मतदान से पहले इस पूर्वी यूरोपीय देश के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से फोन पर बात की और यूक्रेन की वर्तमान स्थिति को लेकर अपना आकलन साझा किया।

## यूक्रेन में ...

करीब 20,000 भारतीय फंसे हुए हैं जिनमें ज्यादातर विद्यार्थी हैं। दूतावास ने भारतीयों को अपना पासपोर्ट, नकदी (प्राथमिक रूप से डॉलर में), अन्य आवश्यक वस्तुएं और कोविड टीकाकरण प्रमाणपत्र सीमा जांच चौकियों पर अपने पास रखने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि भारतीय ध्वज का (कागज पर) प्रिंट निकाल लें और यात्रा के दौरान वाहनों तथा बसों पर उन्हें चिपका दें। यूक्रेन की राजधानी कीव और रोमानिया की सीमा के बीच करीब 600 किलोमीटर का फासला है और सड़क मार्ग से यह दूरी तय करने में साढ़े आठ से 11 घंटे लगते हैं। रोमानियाई सीमा जांच चौकी से बुखारेस्ट करीब 500 किलोमीटर की दूरी पर है तथा सड़क मार्ग से उसे तय करने में करीब सात से नौ घंटे लगते हैं।

## विश्व के...

नेताओं को सबक सिखाने की बात कही है। फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों ने शुक्रवार को कहा कि फ्रांस और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने 'मॉस्को पर बहुत गंभीर प्रहार करने' का फैसला किया है। इसके तहत रूसी लोगों पर और प्रतिबंध लगाने के अलावा वित्त, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों पर जुर्माना लगाना शामिल है। पाबंदियां लगाने से जुड़े कानूनी दस्तावेजों को अंतिम रूप देकर शुक्रवार को ही मंजूरी के लिए ईयू के विदेश मंत्रियों के पास भेजा जाएगा।

## हमले का...

रूस को व्यापक आर्थिक एवं रणनीतिक नुकसान होगा। उन्होंने आगाह किया, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुतिन अलग-थलग पड़ जाएं। बाइडन ने एक सवाल के जवाब में कहा कि रूस के मसले पर अमेरिका, भारत के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच मतभेदों को स्वीकार किया। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत, रूस पर अमेरिका के साथ पूरी तरह से सहमत है। बाइडन ने कहा कि इस पर अभी तक पूरी तरह सहमति नहीं बन पाई है। वहीं, बाइडन ने कहा कि पुतिन ने अनावश्यक संघर्ष से बचने के लिए बातचीत के माध्यम से आपसी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के अमेरिका और उसके सहयोगियों के सभी प्रयासों को ठुकरा दिया।

## बातचीत से...

ट्वीट में कहा कि अमेरिकी एंटनी ब्लिंकन के साथ यूक्रेन में चल रहे घटनाक्रम और उसके प्रभावों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि ब्लिंकन से फोन पर हुई बातचीत की सराहना करता हूं। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ब्लिंकन ने जयशंकर से रूस द्वारा यूक्रेन पर बिना सोचे-समझे, बिना उकसावे के और अनुचित हमला किए जाने के बारे में चर्चा की। इससे पहले जयशंकर ने यूक्रेन में उभरती स्थिति पर यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल और ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज़ ट्रूस से भी बात की। जयशंकर ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने को लेकर रोमानिया, हंगरी और स्लोवाकिया के अपने समकक्षों से भी बात की। यूक्रेन ने रूसी सैन्य हमले के बाद अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है, जिसके बाद भारत रोमानिया, हंगरी, स्लोवाक गणराज्य और पोलैंड की थल सीमा के माध्यम से यूक्रेन से लगभग 16,000 भारतीयों को निकालने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## दक्षिण निगम...

कोड निर्धारित किया गया है और छात्र-छात्राओं को इसका पालन करना चाहिए। हम हर साल बच्चों को स्कूल ड्रेस मुफ्त में देते हैं, ताकि वे स्कूल में सिर्फ इसे पहनें। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्र-छात्राएं स्कूलों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता या त्योहारों के दौरान धार्मिक पोशाक पहन सकते हैं।

## हिजाब केस...

संबंधित याचिकाओं की रोजाना आधार पर सुनवाई की। कुछ लड़कियों ने याचिकाओं में कहा था कि जिन शैक्षणिक संस्थानों में यूनिफॉर्म लागू हैं, उनमें उन्हें हिजाब पहनकर जाने की अनुमति दी जाए। दूसरी ओर, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने हिजाब विवाद के पीछे कट्टरपंथी संगठनों की भूमिका के बारे में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

## उप्र. में...

लिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। पांचवें चरण में 692 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनकी राजनीतिक तकदीर का फैसला करीब 2.24 करोड़ मतदाता करेंगे। मतदान रविवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। पांचवें चरण में आने वाले जिलों में सुलतानपुर, चित्रकूट, प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयागराज, बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, श्रावस्ती एवं गोंडा जिले के अलावा अमेठी और रायबरेली जिला भी शामिल है जिन्हें कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। उल्लेखनीय है कि पांचवें चरण में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपने गृह जिले कौशांबी के सिराथू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं जिनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल को मैदान में उतारा है।

## यहां पड़ेंगे...

इलाहाबाद उत्तर, इलाहाबाद दक्षिण, बारा, कोरावं, कुर्सी, रामनगर, बाराबंकी, जैदपुर, दरियाबाद, रूदौली, हैदरगढ़, मिल्कीपुर, बीकापुर, अयोध्या, गोसाईगंज, बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी, बहराइच, पयागपुर, कैसरगंज, भिनगा, श्रावस्ती, मेहनौन, गोण्डा, कटरा बाजार, कर्नलगंज, तरबगंज, मनकापुर, गौरा।

## कोरोना संक्रमण...

हाल में दिए गए परामर्श के अनुरुप आर्थिक गतिविधियों को शुरु करने के दौरान संक्रमण के खतरे का भी आंकलन करते रहना होगा। एक संवाद में कहा गया, इसी प्रकार स्थानीय स्थिति की ध्यान से समीक्षा करते हुए विभिन्न गतिविधियों में मसलन, सामाजिक, खेल, मनोरंजन, अकादमिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, त्योहार संबंधी जमघट, रात्रिकालीन कर्फ्यू, सार्वजनिक परिवहन माध्यमों का परिचालन, खरीददारी के परिसरों, सिनेमा हॉल, जिम, स्पा, रेस्टोरेंट और बार, स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और अन्य व्यवसायिक गतिविधियों को शुरु करने में छूट देने पर विचार किया जा सकता है।




यूक्रेन से संघर्ष से भागे लोग पोलैंड के प्रेज़ेमिस्ल ट्रेन स्टेशन पर पहुंचे , हमले में ध्वस्त मकान के बाहर एक महिला रोते हुए

## क्विक न्यूज

### रूस ने फेसबुक के इस्तेमाल पर आंशिक पाबंदी लगाई

**ब्रसेल्स।** रूस के अधिकारियों ने शुक्रवार को फेसबुक के इस्तेमाल पर आंशिक पाबंदी लगा दी। यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर फेसबुक द्वारा रूस समर्थित मीडिया संस्थानों के विभिन्न अकाउंट पर रोक लगाए जाने के बदले यह पाबंदी लगाई गई है। रूस की सरकारी संचार एजेंसी रोसकोमनादजोर ने शुक्रवार को कहा कि उसने फेसबुक से सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती , सरकारी टीवी चैनल ज्वेज्दा और सरकार समर्थक समाचार वेबसाइटों लेंटा डॉट आरयू तथा गाजेटा डॉट आरयू पर बृहस्पतिवार को लगाई गई रोक हटाने की मांग की थी। एजेंसी ने कहा कि फेसबुक ने मीडिया संस्थानों के अकाउंट बहाल नहीं किए। एजेंसी ने कहा कि आंशिक पाबंदी शुक्रवार को प्रभावी हो गई। उसने अपने इस कदम को रूसी मीडिया की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया।

### अमेरिका को मिली पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन शुक्रवार को केतांजी ब्राउन जैकसन को उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश मनोनीत करेंगे। इस मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी। जैकसन उच्चतम न्यायालय की पहली काली महिला न्यायाधीश होंगी। बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान वादा किया था कि वह शीर्ष अदालत में ऐतिहासिक नियुक्ति करके उसे और अधिक विविधता देंगे। जैकसन फिलहाल संघीय अपीलीय अदालत में न्यायाधीश हैं। वह इस अदालत में न्यायमूर्ति क्लेरेंस थॉमस के बाद दूसरी काली न्यायाधीश हैं।

### पाकिस्तान में दो हिंदू अधकारियों को सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में पदोन्नत किया गया

**सज्जाद हुसैन।** पाकिस्तानी सेना में पहली बार दो हिंदू अधिकारियों को लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक की पदोन्नति दी गई है। पाकिस्तानी मीडिया में आई इस खबर के प्रति इस कट्टरपंथी मुस्लिम बहुल देश में सोशल मीडिया में विशेष रूचि देखी जा रही है। खबरों के अनुसार मेजर डॉ. कैलाश कुमार और मेजर डॉ. अनिल कुमार को पदोन्नत कर लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया गया है। पाकिस्तानी सेना के प्रोन्नति बोर्ड ने उनकी पदोन्नति को मंजूरी दी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सिंध प्रांत के तारपारकार जिले के कैलाश कुमार 2019 में हिंदू समुदाय से देश के पहले मेजर बने थे। वह 1981 में पैदा हुए थे और लियाकत विश्वविद्यालय से एमबीबीएस करने के बाद 2008 में कैप्टन के रूप में सेना में शामिल हुए थे। अनिल कुमार कैलाश कुमार से एक साल छोटे हैं। वह भी सिंध प्रात के बादिन के रहने वाले हैं। वह 2007 में सेना में आए थे।

### लड़कियों को स्कूल भेजने के लिए प्रतिबद्ध है तालिबान : यूनिसेफ प्रमुख

**काबुल।** यूनिसेफ के नव-नियुक्त प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि तालिबान देश भर में लड़कियों को अगले महीने से स्कूल जाने की अनुमति देने की प्रतिबद्धता दर्शा रहा है। गौरतलब है कि काबुल सहित पूरे अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद तमाम आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने लड़कियों की शिक्षा सहित तमाम शर्तें तालिबान के समक्ष रखी थीं। निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि यह देखना अभी शेष है कि 21 मार्च से लड़कियों और महिलाओं के लिए स्कूल खोलने का तालिबान की प्रतिबद्धता अन्य पाबंदियों और शर्तों पर क्या प्रभाव डालता है। इस महीने की शुरूआत में नियुक्त रसेल ने कहा, वास्तविक प्रशासन ने हमें संकेत दिया है कि उनकी यही मंशा है और हमें आशा है कि ऐसा होने वाला है। हमारा मानना है कि ऐसा होना चाहिए। अफगानिस्तान पर करीब छह महीने पहले तालिबान का पूर्ण कब्जा होने के बाद औपचारिक पाबंदी नहीं होने के बावजूद सातवीं और उससे ऊपरी कक्षा की छात्राओं के लिए स्कूल जाने पर प्रभावी मनाही की स्थिति है।

## रूस के हमले के बाद कुछ ऐसे हैं यूक्रेन में जमीनी हालात

**कीव।** रूस के आक्रमण के बाद एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकार यूक्रेन और इसके आसपास जमीनी हालत पर नजर बनाए हैं। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और सैन्य दावों-प्रतिदावों के बीच यह निर्धारित करना मुश्किल हो गया है कि वास्तव में क्या हो रहा है। इस बीच, शुक्रवार को जो हालात देखे गए वे इस प्रकार हैं:

- मध्य कीव में राष्ट्रपति के मुख्यालय से लगभग 800 मीटर दूर धमाकों की आवाज सुनी गई है।
- कीव में दिनप्रो नदी के पूर्वी हिस्से में स्थित बहुमंजिला इमारत पर गोलाबारी से भारी नुकसान हुआ है।
- मध्य कीव की ओर जा रहे मुख्य मार्ग के निकट गोलीबारी हुई है।
- यूक्रेन के सैनिक कीव में ओबोलोन जिले में गोलीबारी से क्षतिग्रस्त हुए सैन्य वाहन को बचाने की कोशिश कर रहे है।
- यूक्रेन के सैनिक कीव के आसपास पुलों पर बचाव चौकियां स्थापित करने में जुटे है। कीव की सड़कों पर सैनिकों के बख्तरबंद वाहन घूम रहे है।
- कीव से लगभग 60 किलोमीटर दूर इवानकीव में एक पुल क्षतिग्रस्त हुआ है।
- इस बीच, यूक्रेन और रूसी अधिकारियो व अन्य ने कुछ बयान दिए है, जो इस प्रकार हैः
- यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा नियामक ने कहा है कि चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र और इसके आसपास विकिरण का स्तर सामान्य से अधिक हो गया है। दुनिया की सबसे बदतर परमाणु त्रासदी के लिए जाने जाने वाले संयंत्र पर रूसी सेना ने कब्जा कर लिया है। हालांकि रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र मे विकिरण का स्तर सामान्य है।
- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अब तक 10 सैन्य अधिकारियों समेत 137 लोग मारे गए है। राष्ट्रपति के एक सलाहकार ने कहा कि लगभग 400 रूसी सैनिकों की मौत हुई है। रूस ने हताहतों की संख्या नहीं बताई है। किसी भी दावे को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नही किया जा सका है।
- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त ने कहा कि संगठन के कर्मचारियो ने अब तक कम से कम 127 लोगों के हताहत होने की पुष्टि की है। इनमे से 25 लोग मारे गए और 102 घायल हुए है। ज्यादातर की मौत गोलाबारी और हवाई हमलों से हुई।
- रूसी सेना ने कहा कि उसने यूक्रेन की राजधानी के बाहर एक हवाई अड्डे पर नियंत्रण कर लिया है। यह हवाई अड्डा कीव से 7 किलोमीटर दूर होस्टोमेल कस्बे मे स्थित है और इसपर बड़े मालवाहक विमानो समेत सभी प्रकार के विमान उतरते है। इस हवाई अड्डे पर कब्जा करने से रूस को कीव के बाहरी हिस्सो मे प्रत्यक्ष रूप से हवाई मार्ग के जरिए रूसी सैनिकों को उतारने का रास्ता मिल गया है।

# भयभीत लड़की ने कहा, मैं मरना नहीं चाहती

भाषा। कीव

**रूसी बलों के** यूक्रेन पर हमले के दूसरे दिन तड़के, यूरी ज्याहानोव अपनी मां के चीखने-चिल्लाने से जाग गया और उसने खुद को धूल से ढंका पाया। रूसी बलों ने राजधानी कीव के बाहरी इलाके में उनकी आवासीय इमारत पर गोलाबारी की। मारियुपोल शहर में, व्लादा नाम की एक लड़की युद्ध को रोके जाने की प्रार्थना करती नजर आई। व्लादा ने कहा, मैं मरना नहीं चाहती। मैं चाहती हूं कि यह सब जल्द से जल्द खत्म हो। ज्याहानोव और अन्य नागरिक अपनी जान जोखिम में होने से डरे सहमे थे, और कई लोगों ने भागना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को तड़के

### ● यूक्रेन पर रूसी आक्रमण तेज होने की आशंका से सहमे लोग

कीव में हवाई हमले के सायरन बजने के बीच ज्याहानोव और उसके परिवार ने भी वहां से जाने की तैयारी कर ली है। उन्होंने क्षतिग्रस्त इमारत की ओर इशारा करते हुए रूस से कहा, तुम यह क्या कर रहे हो ? यह क्या है ? उन्होंने कहा, यदि आप सैन्य कर्मियों पर हमला करना चाहते हैं, तो सैन्य कर्मियों पर हमला करें। मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं। रूस ने कहा है कि वह शहरों को निशाना नहीं बना रहा है, लेकिन वह शहरों के बहुत करीब पहुंच गया है। बख्तरबंद





गाड़ियां शहर की सड़कों पर देखी गईं। निवासी बेचैनी से अपार्टमेंट के, इमारतों के दरवाजों पर खड़े होकर इस नजारे को देख रहे थे। होर्लिवका शहर में एक घर के बाहर कंबल से ढका एक शव जमीन पर पड़ा हुआ था। जिस व्यक्ति का यह शव था वह गोलाबारी की चपेट में आ गया था। इस शव के निकट खड़ा एक व्यक्ति फोन पर बात कर रहा था। वह फोन पर कह रहा था, हां, माँ चली गई। कुछ लोग यूक्रेन छोड़ने से हिचकिचा रहे थे और वे रेलवे प्लेटफॉर्म पर खड़े थे। इस बीच संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा कि उसे नागरिकों के हताहत होने की खबर मिल रही है और कम से कम 25 मौतों की पुष्टि हुई है। इनमें से ज्यादातर लोग गोलाबारी और हवाई हमलों में मारे गए है। मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने कहा, हमें आशंका है कि हताहतों की संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती हैं। कोसोन में अपना घर छोड़ने को मजबूर हुई मारिका सिपोस ने भावुक होते हुए कहा, कुछ नागरिक अपना सामान लेकर पैदल ही सीमाओं के पास पहुंचे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम बुढ़ापे में युद्ध का सामना करते हुए यहां आए।

## चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र पर कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है : रूस

**मॉस्को।** रूस के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को दावा किया कि यूक्रेन में स्थित चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र पर कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है और स्टेशन पर विकिरण स्थिति की निगरानी की जा रही है। इससे एक दिन पहले संयंत्र पर तैनात यूक्रेनी सैनिकों के साथ भीषण संघर्ष के बाद रूसी सैनिकों ने इसपर कब्जा कर लिया था। इस संयंत्र में 1986 में हुई दुनिया की सबसे बदतर परमाणु त्रासदी के बाद से ही परमाणु विकिरण लीक हो रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर पूर्ण रूप से आक्रमण कर दिया था। यूक्रेन की थलसेना के कमांडर के सलाहकार एलीओना शेव्तसोवा ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि रूसी सैनिकों ने ऊर्जा स्टेशन पर कब्जा करके कर्मचारियों को बंधक बना लिया है। वहीं, समाचार एजेंसी तास ने रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेंको के हवाले से कहा, 24 फरवरी को, रूस के सैनिकों ने चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास के क्षेत्र को नियंत्रण में कर लिया। इस संबंध में एनपीपी की सुरक्षा में तैनात यूक्रेन की एक बटालियन के साथ समझौता हुआ था ताकि परमाणु रिएक्टरों और परमाणु आश्रय स्थलों की संयुक्त रूप से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कोनाशेंको ने कहा कि एनपीपी के कर्मचारी सामान्य रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और स्टेशन पर विकिरण स्थिति की निगरानी की जा रही है।

## पुतिन ने चिनफिंग से कहा- उच्चस्तरीय वार्ता के लिए तैयार है रूस

भाषा। बीजिंग




**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से फोन पर हुई बातचीत के दौरान कहा कि वह यूक्रेन मामले पर उच्चस्तरीय वार्ता के लिए तैयार है। वहीं चिनफिंग ने कहा कि रूस और यूक्रेन को बातचीत के जरिए संकट का समाधान निकालना चाहिए। बीजिंग में चीन की सरकारी मीडिया ने पुतिन के हवाले से कहा कि उन्होंने चिनफिंग को बताया है कि रूसी पक्ष यूक्रेनी पक्ष के साथ उच्चस्तरीय वार्ताओं के लिए तैयार है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी शुक्रवार को युद्ध को रोकने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत की बात दोहराई है। चीन की सरकारी मीडिया एजेंसी शिन्हुआ ने यूक्रेन की समाचार एजेंसी इंटरफैक्स की खबर का हवाला दिया, जिसमें जेलेंस्की को उद्धृत करते हुए कहा गया है, पूरे यूक्रेन में युद्ध जारी है। आईए वार्ता की मेज पर बैठें। चीन की सरकार द्वारा संचालित सीजीटीएन की खबर के अनुसार चिनफिंग ने शांति वार्ताकार की भूमिका निभाने की पेशकश करते की और कहा कि चीन वार्ता के जरिए मुद्दे के समाधान के लिए रूस और यूक्रेन का समर्थन करता है। चिनफिंग ने पुतिन से कहा कि पूर्वी यूक्रेन में हालात नाटकीय ढंग से बदलने से अंतरराष्ट्रीय समुदाय काफी चिंतित है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन मुद्दे पर चीन का रुख संबंधित मामले के नफे-नुकसान पर आधारित है। चिनफिंग ने अमेरिका और यूरोपीय संघ की आलोचना करते हुए सभी पक्षों से शीत युद्ध की मानसिकता को पूरी तरह से त्यागने, एक-दूसरे की वैध सुरक्षा चिंताओं को सम्मान और महत्व देने तथा संवाद के माध्यम से एक संतुलित, प्रभावी और टिकाऊयूरोपीय सुरक्षा तंत्र स्थापित करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। चिनफिंग ने दोहराया कि सभी देशों की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों व सिद्धांतों का पालन करने का चीन का रुख सुसंगत रहा है। वहीं, पुतिन ने चिनफिंग को यूक्रेन मुद्दे पर ऐतिहासिक संदर्भ के और पूर्वी यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान शुरू करने को लेकर रूस की स्थिति से अवगत कराया।

## इंडोनेशिया के सुमात्रा में 6.2 तीव्रता का भूकंप

भाषा। जकार्ता

**इंडोनेशिया** का सुमात्रा द्वीप शुक्रवार को भूकंप के तेज झटकों से दहल उठा। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.2 आंकी गई और इसके झटके पड़ोसी मलेशिया और सिंगापुर में भी महसूस किए गए। वहीं, इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है।

PUBLIC NOTICE
TAKE NOTICE THAT the Sellers: Sh. Rajesh Kumar Sehgal and Smt. Deepak Sehgal are intending to sell and my Client Smt. NEHA AGGARWAL is intending to purchase the SCHEDULED PROPERTY free from all encumbrances. Any person having any claim or objection regarding said property is hereby asked to intimate the Undersigned within 5 days from the date of publication of this Notice, with all supporting documents, failing which any such claim shall be considered as waived.
SCHEDULE
Entire Ground Floor At A-650, Ansal's Palam Vihar, Gurugram, Haryana.
For, Law Jurix
(Yash Agrawal) Advocate
for the BUYER (+91-9871453392)

PUBLIC NOTICE
This is to bring to the notice of the General Public that following documents in respect of Entire Third Floor with roof rights **(Said Floor)** built on Property bearing No. 03 in Block & Pocket No. E-3, area measuring 150 sq. mtrs in Sector-07 situated at Rohini Residential Scheme, Rohini Delhi owned by **Mrs. Payal Gupta w/o Mr. Vijjay Gupta & Mrs. Shikha Gupta** w/o Shiv Shanker Gupta both R/o E- 4/115, SF, Sector 07, Rohini, Delhi have been lost. In case the same is found, it may be returned immediately to the undersigned:

**Original** Sale Deed dated 26/02/2002 executed by Mr. Gurbachan Singh & Mr. Harjeet Singh Chopra in favour of Mr. Yash Pal Anand in respect of **said floor** of the said property. (Doc. No. 16613, Vol. No. 2577 on Page No. 141-146)

**Original** Sale Deed dated 16/02/2004 executed by Mr. Yash Pal Anand in favour of Mrs. Usha Kumari in respect of **said floor** of the said property. (Doc. No. 13717, Vol. No. 4599 on Page No. 191-198)

All persons claiming an interest in the said property or any part thereof by way of sale, gift, lease, inheritance, exchange, mortgage, charge, lien, trust, possession, easement, attachment or otherwise howsoever are hereby required to make the same known to the undersigned at his office within 10 days from the date hereof, failing which the property would be considered as unencumbered and no objections will be entertained thereafter.
Adv. K. L. Bhardwaj
Progressive Law Group,
9/14, Third Floor,
East Patel Nagar,
Delhi - 110008
9871430462

# यूरोपीय संघ ने पुतिन और लावरोव की सम्पत्तियां फ्रीज करने को मंजूरी दी

भाषा। ब्रसेल्स

यूरोपीय संघ ने पुतिन और लावरोव की संपत्तियां फ्रीज करने को मंजूरी दी ब्रसेल्स, 25 फरवरी (एपी) यूरोपीय संघ (ईयू)ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संपत्तियों को जब्त (फ्रीज) करने तथा अन्य प्रतिबंध लगाने पर सहमति जताई है। लातविया के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। पुतिन और लावरोव की संपत्तियों को जब्त करने के निर्णय का अर्थ है कि पश्चिमी देश यूक्रेन पर रूस के हमले और यूरोप में एक बड़े युद्ध को रोकने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाने की ओर बढ़ रहे हैं। लातविया के विदेश मंत्री एड्गर्स




रिनकेविक्स ने शुक्रवार को ट्वीट कर बताया कि ईयू के विदेश मंत्रियों ने प्रतिबंध लगाने के दूसरे पैकेज को मंजूरी दी है और जिन संपत्तियों को फ्रीज किया गया उनमें रूस के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री की संपत्ति शामिल है। उन्होंने कहा कि ईयू प्रतिबंधों के अन्य पैकेज की भी तैयारी कर रहा है। इससे पहले लक्जमबर्ग के विदेश मंत्री जीन एस्सेलबॉर्न ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर यूरोपीय संघ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संपत्ति पर रोक लगाने के लिए समझौते के बहुत करीब है। जीन एस्सेलबॉर्न रूसी प्रतिबंधों पर चर्चा के लिए 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले बोल रहे थे। एस्सेलबॉर्न ने कहा, मुझे लगता है कि हम एक समझौते के बहुत करीब हैं, हम यहां एक समझौता कर लेंगे। एक चर्चा होगी, लेकिन मुझे लगता है कि हम इस बात से सहमत हैं कि जहां तक पुतिन और लावरोव की संपत्ति पर रोक लगाने का सवाल है।

## यूक्रेन संकट के बीच इमरान के रूस दौरे को विदेश मंत्री कुरैशी ने सही ठहराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने यूक्रेन संकट के बीच प्रधानमंत्री इमरान खान की पहली रूस यात्रा को शुक्रवार को उचित ठहराते हुए कहा कि संकट की शुरूआत होने से पहले ही इस द्विपक्षीय यात्रा का कार्यक्रम तय हो गया था। गौरतलब है कि पूर्वी यूरोप में रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया है जिसे लेकर हालात बहुत तनावपूर्ण हैं। खान बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर रूस पहुंचे। पिछले दो दशक से ज्यादा समय में यह किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की पहली रूस यात्रा है। साथ ही बृहस्पतिवार को यूक्रेन के खिलाफ विशेष सैन्य अभियान का आदेश देने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की किसी विदेशी नेता से यह पहली मुलाकात थी।

PUBLIC NOTICE
My client, Gayatri Thakur, who is a registered owner of property bearing address Prop No 19, Ph -2, Kh.No.18/12,18/18,Village Qutubpur, Badusarai, QutubVihar, South-West Delhi-110071, INDIA vide Registered Authorization Slip registered by POI through DDA via document number 9297 on 17/09/2021 and before through GPA,ATS, WILL executed by Suresh Kumar in favour of Gayatri Thakur via document number Notaraized on 21/06/2021. The said property is under sale which is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited by the purchaser. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम कौर पत्नी श्री त्रिलोक सिंह ने गांव ख्याला दिल्ली, राज्य दिल्ली, अब कॉलोनी विष्णु गार्डन, नई दिल्ली के नाम से जाना जाता है, में स्थित छत के अधिकार के बिना संपूर्ण भूतल, फ्रीहोल्ड संपति संख्या जे-194-बी का हिस्सा, भूमि क्षेत्र परिमाप 52.3/4 वर्ग गज, खसरा नंबर 39/11/1 का हिस्सा, पंजीकृत ब्रिकी विलेख दिनांक 23.07.2021 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री जमील खान और श्रीमती गुलशन बेगम इस संपत्ति को श्रीमती नीलम कौर पत्नी श्री त्रिलोक सिंह से एक पंजीकृत ब्रिकी विलेख के माध्यम से खरीद रहें हैं और उसी के लिए ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

NATIONAL CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION
Under the Consumer Protection Act,1986
Upbhokta Nyay Bhawan 'F'-Block, General Pool Office Complex, INA, NEW DELHI-110023
Telephone No.: 011-24608801-04
Fax No. : 011-24651505
Consumer Case No. 1836/2019
ASHUTOSH KUMAR VERMA
...Petitioner/Appellant
Versus
M/S NINEX DEVELOPERS LTD. & ANR.
... Opposite Party/Respondent(S)
To
1. M/S. NINEX DEVELOPERS LTD THROUGH ITS MANAGING DIRECTOR, HAVING ITS REGISTERED OFFICE AT: GOPI RAM BUILDING KH. NO. 300, SULTANPUR VILLAGE, NEW DELHI-110030
1.a M/S. NINEX DEVELOPERS LTD THROUGH ITS MANAGING DIRECTOR, CORPORATE OFFICE AT: SF-05, NINEX CITY MART, SOHANA ROAD, SECTOR-49, GURUGRAM-122018, HARYANA.
NOTICE
(Service By way of Publication of Notice)
Whereas, a Consumer Complaint No. 1836/2019 has been filed before the Hon'ble National Consumer Disputes Redressal Commission, New Delhi, wherein, you have been arraigned as opposite party No. 1 in the above case and, it has been brought to the notice of the Hon'ble Commission that despite service of Notice, you have not attended the hearing(s) in the case.
Whereas, the Hon'ble National Commission vide its order dated 20.01.2022 has inter alia, posted the case for hearing on 09.03.2022 directing the service of the hearing notice to the opposite party No. 1 by way of publication in two Local Newspapers.
Accordingly, take Notice of this Publication that the Managing Director M/s Ninex Developers Ltd is to attend the hearing in the above case on **07.03.2022 at 10:30 AM**, either in-person or through an authorized counsel or representative, failing which, the case will be heard and determined ex-parte by the Hon'ble National Commission.
Dated on this 04 February, 2022
Seal
By Order
(RAJESH NATH)
ASSISTANT REGISTRAR


# पोप फ्रांसिस ने दूतावास जाकर हमले पर चिंता जाहिर की

भाषा। वेटिकन सिटी

**पोप फ्रांसिस** शुक्रवार को रोम में रूसी दूतावास गए और यूक्रेन में युद्ध के बारे में व्यक्तिगत रूप से अपनी चिंता व्यक्त की। पोप के रुख को असाधारण कदम के तौर पर देखा गया है। आमतौर पर राजदूत और राष्ट्राध्यक्ष वेटिकन में पोप से मिलने जाते जाते हैं तथा राजनयिक प्रोटोकॉल के तहत वेटिकन के विदेश मंत्री, राजदूत को लेकर पोप के पास जाते हैं। वेटिकन के राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर फ्रांसिस का रूसी दूतावास तक जाना, यूक्रेन पर मास्को के हमले के प्रति उनके आक्रोश और युद्ध को समाप्त करने के लिए उनकी निजी अपील को दर्शाता

### ● असाधारण कदम के तौर पर देखा जा रहा

है। वेटिकन के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें पोप के इस कदम के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी ने पुष्टि की कि फ्रांसस युद्ध के बारे में अपनी चिंता स्पष्ट रूप से व्यक्त करना चाहते हैं। ब्रूनी ने कहा कि पोप फ्रांसिस वहां आधे घंटे से अधिक समय तक रहे। फ्रांसिस ने संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत का आह्वान किया है और ईसाई मतावलंबियों से अगले बुधवार को यूक्रेन में शांति के लिए उपवास और प्रार्थना करने का आग्रह किया है।



जिनेवा : संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा है कि उसे रूस के सैन्य आक्रमण के मद्देनजर यूक्रेन में नागरिकों के हताहत होने की रिपोर्ट मिल रही है। उच्चायुक्त कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने कहा कि उसके कर्मचारियों ने अब तक कम से कम 127 नागरिकों के हताहत होने की पुष्टि की है। इनमें 25 लोग मारे गए और 102 घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग गोलाबारी और हवाई हमले में हताहत हुए। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी, यूएनएचसीआर की प्रवक्ता शाबिया मंटू ने कहा कि अद्यतन सूचना के मुताबिक 1,00,000 से अधिक लोगों ने यूक्रेन में अपने घरों को छोड़ दिया है। एजेंसी का अनुमान है कि यदि स्थिति बिगड़ती है तो 40 लाख लोग दूसरे देशों में भाग सकते हैं। लंदन: लातविया के रक्षा मंत्री आर्टिस पाब्रिक्स ने रूस को वैश्विक बैंक भुगतान नेटवर्क से अलग करने में नाकाम रहने और यूक्रेन को अपनी रक्षा में मदद करने के लिए हथियार उपलब्ध कराने से इनकार करने पर यूरोपीय देशों की आलोचना की है।

## दक्षिण अफ्रीका ने रूस से यूक्रेन से तुरंत सेना वापस बुलाने का आग्रह किया

भाषा। जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीकी** सरकार ने यूक्रेन में मौजूदा स्थिति पर निराशा जताई है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए रूस से तुरंत अपनी सेना वापस बुलाने का आग्रह किया है। दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने एक बयान में कहा, दक्षिण अफ्रीका गणराज्य यूक्रेन में संघर्ष के बढ़ने से निराश है। हमें खेद है कि कूटनीति माध्यम से संकट का समाधान किए जाने के आह्वान के बावजूद स्थिति खराब हुई है। इसमें कहा गया है, दक्षिण अफ्रीका ने रूस से संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार यूक्रेन से अपनी सेना को तुरंत वापस बुलाने का आह्वान किया, जिसमें सभी सदस्य देशों को अपने अंतरराष्ट्रीय विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने का निर्देश है ताकि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा खतरे में न पड़े।

fanatically for you
agranté
KAVYAM
"KAVYAM" - AFFORDABLE HOUSING PROJECT
Advertisement is invited to inform general public at large regarding cancellation of units of already allotted customers through the 1st draw of lots dated 24.06.2019, due to non-payment despite several reminders, in the Residential Apartments in the Affordable Group Housing Project Kavyam is being developed by Agrante Realty Ltd Sector-108, Gurugram, Haryana, as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof (details available at the Department website, i.e. www. tcpharyana.gov.in).

| S.No. | Application No. | TYPE | Unit No. | Applicant Name | Co-Applicant Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2037 | Type-1 | TA5-102 | Rohit | N/A |
| 2 | 3209 | Type-1 | TA3-404 | JUJ Singh | N/A |

It is to inform to all above allottees that it is last & final opportunity to restore the allotment after making the all dues till date within seven working days, otherwise it shall be considered as cancelled and the same shall be allotted to the aspiring applicants under the applicable provisions of policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof.
Office address: Agrante Realty Ltd Unit No. 122 Suncity Trade Tower, Sector-21, Gurgaon-122016
CIN: U70101DL2013PLC248731
Contact at: - website: www.kavyamhomes.com; 0124-4769500-599, 8800499383, 8800499674

# लुभावने मुखपृष्ठ

**उमा नायर का कहना है कि सत्यजीत रे की डिजाइन के प्रति आकर्षण और वर्णमाला के साथ-साथ मानव आकृति के लिए उनका प्यार - अपने सभी मूड में - एक चल रही प्रदर्शनी में प्रकट हुआ।**





सभी सत्यजीत रे प्रेमी इंडिया इंटरनेशनल सेंटर गैलरी में आकर उनके बुक कवर को देख सकते हैं और रे100 साल के जश्न में हिस्सा ले सकते हैं, जिसने देश में कई जगहों पर धूम मचा रखी है। रे बिटवीन द कवर्स प्रदर्शनी में पुस्तक कवर का यह सेट - डिजाइन के लिए उनके आकर्षण और वर्णमाला के साथ-साथ मानव आकृति के लिए उनके सभी मूड में उनके प्यार को उजागर करता है।

रे के लिए एक किताब का कवर उससे कहीं ज्यादा था। यह इसकी सामग्री का एक जीवंत रूपक था। उनका डिजाइन प्रभाव पश्चिमी कला से लेकर शांतिनिकेतन तक, सुलेख की कृपा के साथ-साथ जापानी धोने की तकनीक तक है। इतिहासकारों का कहना है कि उनके काम ने 1940 के बंगाली प्रकाशन उद्योग का चेहरा बदल दिया।

## 1940 और 50 के दशक की पुरानी सूची

बेशक, हममें से जो उनके सबसे अच्छे कवर को याद करते हैं, उनके लिए इसे याद करना और याद दिलाना सबसे अच्छा है क्योंकि ये कवर उनकी मनोरम आकृति और रचनात्मक प्रतिभा के दुर्लभ शब्दचित्र हैं। प्रेमेंद्र मित्रा की कविताओं के संग्रह, फेरारी फौज (द लॉस्ट आर्मी, 1948), लीला मजूमदार की लघु कहानी संग्रह, दीन दूपुरे (मिडडे, 1948), अचिंत्य कुमार सेनगुप्ता के उपन्यास, इंद्राणी (1949), बिष्णु डे की कविताओं के संग्रह से शुरू हुई पुरानी सूची अविस्मरणीय है। कविताओं का संग्रह, नाम रेखेची कोमल गंधार (मैंने उसका नाम कोमल गंधार, 1953), परमपुरुष श्री श्री रामकृष्ण (श्री श्री रामकृष्ण, सर्वोच्च व्यक्ति, 1951),


जीबनानंद दास की बोनोलता सेन (1952) अचिंत्य कुमार सेनगुप्ता की अमाबस्य (द न्यू मून, 1953), लीला मजूमदार की जोनाकी (फायरफ्लाइज़, 1955) और नरेश गुहा की दुरंतोह दूपुर (द अनरूली नून, 1952)।

चूंकि ये कवर कवर के इस सूट में नहीं हैं, इसलिए किसी को मनोरम आकृति और विपरीत सुलेख करिश्मे की तलाश करनी चाहिए।

## सामग्री और जिज्ञासा

प्रोफ़ेसर शंकु के पास कंटूरिंग के लिए एक पश्चिमी रंग है। वास्तव में, रे के लिए, एक पुस्तक का आवरण एक चित्रलिपि की तरह था जो बस गूढ़ होने की प्रतीक्षा कर रहा था; बादशाही संगीत के उनके कवर में, हम शहरी दृश्य को सड़क के साथ और मानवीय चेहरे को एक टीज़र के रूप में देखते हैं, जो सामग्री में रुचि जगाने और हमारी जिज्ञासा को भड़काने के लिए पर्याप्त है।

रे ने 1943 में एक विज्ञापन फर्म, डीजे कीमर एंड कंपनी में एक जूनियर विज़ुअलाइज़र के रूप में शुरुआत की थी, जहाँ दिलीप कुमार गुप्ता (जिसे डीके के नाम से जाना जाता था) एक सहायक प्रबंधक थे। डीके ने उसी वर्ष सिग्नेट प्रेस नामक एक प्रकाशन उद्यम शुरू किया, जिसने बंगाली पुस्तक के रूप में क्रांति ला दी। रे ने उन्हें एक प्रमुख कलाकार के रूप में शामिल किया, एक ऐसा काम जिसने उनकी रचनात्मकता पर पूरी तरह से लगाम लगाने की अनुमति दी।




गंगटोक गोंडोगोल एक उत्कृष्ट कृति है। यह दृश्य गतिकी के लिए रे के प्रेम का प्रतिबिंब है; हम महसूस कर सकते हैं कि रे को सौंदर्य के साथ-साथ सामग्री के लिए रूप की अनुकूली प्रशंसा के लिए प्यार था। विद्वानों ने उल्लेख किया है कि शैलीगत रूप से रे एक गिरगिट की तरह थे जिन्होंने एक विशेष पुस्तक की आवश्यकताओं के अनुसार अपने डिजाइन को अनुकूलित किया। यह दृष्टिकोण उस समय के बंगाली प्रकाशन उद्योग में प्रचलित दोहराव, और अक्सर सतही, सजावटी शैली से एक उल्लेखनीय प्रस्थान था। पश्चिमी और पूर्वी कला के संदर्भों का उनकी रचनाओं को एक उप-पाठ प्रदान करने के उनके उदार उपयोग को उस तरीके से देखा जाता है जिसमें वह अक्षर और बनावट संबंधी अनुमानों के बीच स्थानिक विभाजन बनाता है। जबकि पश्चिमी प्रभाव एक किशोर के रूप में भी उनकी संवेदनशीलता में घुस गए थे, भारतीय कला के लिए रे का संपर्क बहुत बाद में आया, जब वे 1940 में कला भवन में एक छात्र के रूप में शांतिनिकेतन गए : नंदलाल बोस और उनके शिक्षकों बेनोद बिहारी मुखर्जी ने उनके सामने एक नया जगत खोल कर रख दिया।



## पटकथा से प्रेम

एक काले ब्लॉक के भीतर उल्टे मुद्रित रूपरेखा का उपयोग करने की उनकी समझ, और इसे हाथ से लिखे गए लेखक के नाम के साथ जोड़कर, शीर्ष पर शीर्षक के साथ डिजाइन की शारीरिक रचना में उत्कृष्ट कृतियों का निर्माण करता है। जब वह व्याकरणिक लिपि के शब्दकोष का उपयोग करता है तो आप सूक्ष्म अंतर के साथ-साथ क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर डिजाइन फ्रेम के संरेखण की उसकी समझ को समझ सकते हैं। हालांकि इस संग्रह में उनकी कुछ पूरी तरह से स्त्रैण काल्पनिक कहानियों को शामिल किया जा सकता था, लेकिन यह उत्सव की भावना और शाश्वत राग को लाने के लिए अच्छा है जो कि मानव और प्रकृति दोनों की सांसारिकता के बीच मौजूद है, जो कि पुस्तक कवर बनाने की कला के साथ है। साथ ही कहानियां सुनाना।

हम उनके शब्दों को याद करके दूर जा सकते हैं : ''किसी तरह मुझे लगता है कि एक सामान्य व्यक्ति - गली का आदमी अगर आप चाहें तो - वीर सांचे में लोगों की तुलना में अन्वेषण के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण विषय है। यह आधे रंग हैं, शायद ही सुनाई देने वाले नोट जिन्हें मैं पकड़ना और तलाशना चाहता हूं।''

(आईआईसी आर्ट गैलरी में रे बिटवीन द कवर्स 1 मार्च तक जारी है।)

# निर्मित वातावरण की असीमता

**निकिता बजाज पाठक कहती हैं, समग्र रूप से डिजाइन का विकास राजनीतिक शक्ति , पेशेवर जिम्मेदारियों और विशेषाधिकारों की रक्षा के लिए सांस्कृतिक सीमाओं का परिणाम है।**



निर्मित पर्यावरण शब्द उन सभी पहलुओं को छूता है जिसमें हम रहते हैं, जिसे आम तौर पर मानव निर्मित या संशोधित संरचनाओं के रूप में वर्णित किया जाता है जो लोगों को रहने, काम करने और मनोरंजक स्थान प्रदान करते हैं। आर्किटेक्ट्स के रूप में, हम डिजाइनों के निर्माण के लिए एक एकीकृत, पर्यावरण के प्रति जागरूक दृष्टिकोण प्राप्त करने का लक्ष्य रखते हैं। उद्योग में बिरादरी लगातार चर्चा कर रही है कि पिछले कुछ वर्षों में जलवायु लक्ष्यों को कैसे पूरा किया जाए, गर्मी द्वीप प्रभाव को कम किया जाए और निर्मित पर्यावरण के प्रभाव को सीमित किया जाए। निर्मित वातावरण यह निर्धारित करता है कि नीतियों, परिषद के दिशानिर्देशों, बिल्डिंग कोड और कानूनों की अमूर्त दुनिया पर बातचीत करते हुए अपने सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे को व्यक्त करते हुए समाज कैसे विकसित होते हैं। यह सब एक साथ आने से दृश्य संरचनाएं बनती हैं जो आरामदायक जीवन, व्यावसायिक गतिविधियों और परिवहन नेटवर्क की अनुमति देती हैं।

आर्किटेक्ट्स के रूप में, हम सराहना करते हैं कि बसे हुए शहरी निर्मित वातावरण सीमाओं से बना है, यह मांग करते हुए कि हम वास्तुशिल्प और भौतिक विशेषताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानिक डेटा को कैसे देखते हैं।

स्थापत्य की सीमाएँ निर्मित वातावरण के स्थानिक उपखंडों के लिए एक निर्धारक हैं। सीमाओं के अनुक्रम को बेहतर ढंग से समझने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि कैसे अमूर्त स्थानिक डेटा अपने रहने वाले समाज के लिए निर्मित पर्यावरण की भौतिक उपस्थिति की अनुभवजन्य सामाजिक वास्तविकता को संदर्भित करता है। सीमा रेखा के प्रकार विश्लेषणात्मक इकाइयों के साथ एक निर्मित योजना बनाते हैं जो एक बार में वैचारिक और अनुभवजन्य होते हैं।

डिजाइन का विकास, समग्र रूप से, राजनीतिक शक्ति, पेशेवर जिम्मेदारियों और विशेषाधिकारों की रक्षा के लिए सांस्कृतिक सीमाओं का परिणाम है। लेकिन इमारतों और डिजाइन पेशेवरों के डिजाइन से जुड़े प्रदर्शन विशेषताओं को भी समझना चाहिए। उपयोगकर्ता समूहों के लिए नीतियों और नियामक एजेंटों के माध्यम से हितधारकों और वित्तीय संस्थानों के बीच बेहतर संचार और बातचीत की आवश्यकता है। यह केवल शामिल सभी पक्षों के दृष्टिकोण का सम्मान करते हुए विभिन्न पदों और प्राथमिकताओं को खोजने के द्वारा किया जाता है। वास्तुकला बिरादरी को अपनी परियोजनाओं के भीतर स्थिरता की सोच को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आश्वासन की आवश्यकता होगी कि मूल्यांकन के तरीके अन्य उपकरणों और प्रक्रियाओं के पूरक होने के साथ-साथ उपयोग में पारदर्शी हों। इस दृष्टिकोण के साथ, निर्मित पर्यावरण की बेहतरी के लिए गैर-टिकाऊ सामग्री की मदद से वास्तुशिल्प और डिजाइन सीमाओं को आसानी से बनाया जा सकता है। निर्मित पर्यावरण पद्धति की वर्तमान पीढ़ी के साथ सफलता एक उद्योग की अपेक्षा को घोषित करने में कथित सादगी में निहित है जो एक निर्मित पर्यावरण और उसके निर्माण का गठन करती है। जबकि वास्तुकला नियमों और विनियमों की विभिन्न सीमाओं द्वारा शासित है, यह डिजाइन के दायरे का पता लगाने के लिए अस्पष्ट और असीमित अवसरों के अपने सेट के साथ भी आता है। जटिल डिजाइन के समाधान में व्यापक श्रेणी के प्रभाव और समय सीमा शामिल है जिसमें परस्पर विरोधी आवश्यकताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के बीच अंतर-संबंधों की सराहना करने की क्षमता की आवश्यकता होती है।

वास्तुकला का मुख्य कार्य न केवल वस्तुओं के उत्पादन से संबंधित है, बल्कि यह विभिन्न स्थानों पर उपयुक्त स्थानिक आयाम बनाने में भी मदद करता है। यह उपयोगकर्ता अनुभव की धारणा से जुड़े रचनात्मक तत्वों की स्थानिक विशेषताओं के बीच एक परस्पर क्रिया प्रदान करता है। असीम वास्तुकला आगे अनुभव के परिप्रेक्ष्य से वास्तुशिल्प स्थितियों को समझती है न कि डिजाइन के। डिजाइन का मुख्य विचार वह तरीका है जिसमें लोग अपने लिए बनाई गई इमारतों का अनुभव करते हैं, चाहे वह सीमाओं से शासित हो या असीमता की स्वतंत्रता।



जबकि 'छत', 'आधार' और 'दीवार' शब्द सीमाबद्ध होने के साथ-साथ मात्रात्मक और शारीरिक रूप से जवाबदेह प्रतीत होते हैं, व्यक्तिगत अवधारणाएं मुख्य रूप से रचनात्मक संदर्भों का उल्लेख नहीं करती हैं, जबकि आकार के निर्माण के सौंदर्य सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करती हैं।

डिजाइन केवल वास्तुकला के इतिहास के भीतर शब्दों का पता लगाने तक ही सीमित नहीं है, न ही व्यापक सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ में अवधारणाओं को सामान्यीकृत किया जाता है। ठोस वास्तुकला और निर्मित वातावरण, दिन के अंत में, ठोस संरचनात्मक-स्थानिक रूप के संबंध में संबंधित शब्द की स्थितिगत सामग्री पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

(लेखक एक आर्किटेक्ट तथा एक आर्किटेक्चर और इंटीरियर कंपनी डिजाइन 21 के संस्थापक हैं)

# विरासत शिल्प और कौशल की

**गौतम सिन्हा, क्रिएटिव डायरेक्टर और संस्थापक, नप्पा डोरी, इस ब्रांड के उद्योग में 11 साल पूरे करने और आगे की राह के बारे में बात करते हैं।**

पिछले दशक में, दिल्ली स्थित डिजाइन हाउस नप्पा डोरी ने लंबे समय से खुद को एक ऐसे ब्रांड के रूप में स्थापित किया है जो भारत की समृद्ध विरासत और कलात्मक शिल्प कौशल में लंगर डाले हुए है। यह संस्थापक और रचनात्मक निर्देशक गौतम सिन्हा के नेतृत्व में भारत के अग्रणी समकालीन डिजाइन ब्रांडों में से एक के रूप में विकसित हुआ है। ब्रांड में सामान और बैग की एक विस्तृत श्रृंखला है जिसमें न्यूनतम रूप से डिज़ाइन की गई स्टेशनरी और एक्सेसरीज़ हैं।

2019 में, नप्पा डोरी ने लंदन के कोवेंट गार्डन में अपना फ्लैगशिप स्टोर खोला और फरवरी 2022 में दुबई, यूएई और बांद्रा, मुंबई में एक स्टोर होगा। यह पेशकश भारत के गौरवान्वित ग्राहक को पूरा करती है, जो अच्छी तरह से यात्रा करने वाला, साहसी है, और एक भारतीय ब्रांड को लेकर गर्व की भावना महसूस करता है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। क्रिएटिव डायरेक्टर और फाउंडर गौतम सिन्हा ब्रांड के बारे में बात करते हैं।

अंश पढ़ेंः

**❐ नप्पा डोरी का अर्थ है जीवन शैली... क्या आप सहमत हैं?**

**सिन्हा :** बेशक, नप्पा डोरी चमड़े के सामान की कंपनी से ज्यादा एक लाइफस्टाइल ब्रांड है। यह हमारे डिजाइन लोकाचार में है कि ग्राहकों के साथ भावनात्मक संबंध रखें, न कि केवल उनके द्वारा खरीदे गए अधिकार के रूप में।

**❐ सामान, बैग, स्टेशनरी और एक्सेसरीज़, क्या आप मानते हैं कि भारतीय संदर्भ में इन्हें कम आंका जाता है और केवल एक विशिष्ट ग्राहक ही इस सेगमेंट में शिल्प कौशल और डिजाइन की सराहना करते हैं?**

मेरा मानना है कि हर कोई अच्छे डिजाइन और शिल्प कौशल की सराहना करता है। यह एक ही स्थान पर असंबंधित उत्पाद खंडों के बारे में नहीं है, बल्कि आप उन्हें कैसे प्रस्तुत करते हैं यह भी महत्वपूर्ण है। बाजार खंड बड़ा है, आला नहीं है, लेकिन भारत में आम आदमी के लिए डिजाइन कितना स्वीकार्य है, इस बारे में जागरूकता सीमित है। यही वह जगह है जहां डिजाइन के लिए कम डराने वाले दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जिसे हम अपने खुदरा स्थानों में बनाने की कोशिश करते हैं।

**❐ आप उन मुट्ठी भर भारतीय ब्रांडों में से एक हैं जिनका लंदन में एक फ्लैगशिप स्टोर है, यह कैसा लगता है और क्या इसे महामारी के माध्यम से बनाए रखना कठिन हो गया है?**



यह हमारे डिजाइन दर्शन और दृष्टिकोण के लिए एक सच्चा वसीयतनामा है कि हमारे पास एक ऐसा उत्पाद है जो वैश्विक पैलेट के लिए अपील करता है और सभी के लिए है। तथ्य यह है कि हमें अपनी उत्पाद लाइन को बदलने की आवश्यकता नहीं है, बहुत कुछ कहता है। अपनी भारतीय जड़ों को बनाए रखते हुए हमारे पास एक अंतरराष्ट्रीय डिजाइन संवेदनशीलता है। और हां, भारत को सही मायने में अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने में सक्षम होना बहुत अच्छा लगता है।

**❐ जबकि पूरी दुनिया ई-कॉमर्स की ओर रुख कर रही है, फरवरी 2022 में, आप दुबई, यूएई और बांद्रा, मुंबई में स्टोर खोल रहे हैं... क्या यह एक बड़ी विस्तार योजना और ब्रांड निर्माण अभ्यास का हिस्सा है?**

सिन्हाः महामारी वास्तव में कठिन रही है, विशेष रूप से इस तथ्य के साथ कि हमने दुनिया के ठप होने से ठीक 6 महीने पहले अपना लंदन स्थान खोला था। लेकिन हमारे पास एक लचीला टीम है और बाजार से शानदार प्रतिक्रिया मिली है, जिससे हमें बहुत उम्मीद है कि जब चीजें सामान्य हो जाएंगी, तो हम चीजों का बहुत तेजी से विस्तार करने में सक्षम होंगे।

**❐ आप हमेशा सबसे आगे रहे हैं, खासकर जब लोकल के लिए वोकल होने और मेक-इन-इंडिया ब्रांड बनाने की बात आती है...**

हाँ निश्चित रूप से। मुझे लगता है कि युवा भारतीय दर्शक अधिक परिपक्व हैं और हमारे जैसे ब्रांडों को स्वीकार कर रहे हैं। नप्पा डोरी आज जहां है वहां नहीं होती और अगर इसे जेन जेड या मिलेनियल ऑडियंस का समर्थन नहीं मिलता तो इसका विस्तार होता।

**❐ आप भारतीय हस्तशिल्प विलासिता के भविष्य को कैसे देखते हैं?**

मुझे लगता है कि अगला दशक भारत से उभरने वाले ब्रांडों के लिए अद्भुत होगा और इसका वैश्विक बाजार पर वास्तविक प्रभाव पड़ेगा। यह अभी भी मुझे आश्चर्यचकित करता है कि हमारे पास वास्तव में वैश्विक फैशन या खुदरा ब्रांड नहीं है। मुझे लगता है कि आप देखेंगे कि कई और भारतीय ब्रांड दुनिया भर में उभर रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।

**❐ आपने कैफ़े में विविधता ला दी है... क्या यह एक बड़े नप्पा डोरी पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा है जिसे आप बनाने की कोशिश कर रहे हैं?**

कैफे डोरी जीवन शैली के सभी पहलुओं में हमारे उद्यम का एक हिस्सा है। यह केवल कुछ खरीदने और बाहर निकलने के बारे में नहीं है। हमारे स्टोर में हमारे कैफे के साथ, हम चाहते हैं कि आप हमारी दुनिया का हिस्सा बनें और एक संपूर्ण संवेदी अनुभव प्राप्त करें। और डिजाइन और रचनात्मक वातावरण से घिरी ताज़ी पीसे हुई कॉफी की गंध किसे पसंद नहीं है?

# एक और सीरीज जीतने उतरेगा भारत

## श्रीलंका के साथ दूसरा टी-20 मुकाबला आज, ईशान से एक और बड़ी पारी की उम्मीद

**भाषा**। धर्मशाला

**अपने** बल्लेबाजी दृष्टिकोण में बदलाव के बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर लगातार दूसरी श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। पिछले साल टी-20 विश्व कप के शुरू में बाहर हो जाने के बाद भारत को अपने दृष्टिकोण में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ रन बनाने के लिए जूझने वाले युवा सलामी बल्लेबाज ने इशान किशन ने श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में बड़ी पारी खेलकर आत्मविश्वास हासिल किया। यदि रुतुराज गायकवाड़ की कलाई में चोट नहीं लगती तो वह किशन के साथ पारी का आगाज कर सकते थे और ऐसे में रोहित मध्यक्रम में उतरते जैसा कि उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था।


यदि गायकवाड़ फिट होकर वापसी करते हैं तो रोहित शनिवार को फिर से ऐसा कर सकते हैं। रोहित अच्छी लय में दिख रहे हैं और उन्होंने 44 रन की प्रवाहमय पारी खेली। विराट कोहली को विश्राम दिए जाने के बाद श्रेयस अय्यर ने तीसरे नंबर पर मिले मौके को अच्छी तरह से भुनाया है। रोहित ने पहले मैच के बाद संकेत दिए कि रविंद्र जडेजा ऊपरी क्रम में ही बल्लेबाजी करेंगे क्योंकि टीम प्रबंधन उनके बल्लेबाजी कौशल का फायदा उठाना चाहता है।

इस श्रृंखला से टीम में वापसी करने वाले संजू सैमसन को पहले मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला और यदि उन्हें धर्मशाला में अवसर मिलता है तो वह उसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। भारत गेंदबाजी विभाग में भी अच्छा कर रहा है और उसने गुरुवार को दीपक हुड्डा सहित सात विकल्प आजमाए। वेंकटेश अय्यर खर्चीले साबित हुए लेकिन उन्होंने दो विकेट निकाले। दूसरी तरफ श्रीलंका को अगर भारत का 10 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान रोकना है तो उसे इसके लिए विशेष प्रयास करने होंगे। शीर्ष क्रम के नहीं चल पाने तथा मुख्य स्पिनरों महीश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा की अनुपस्थिति में उसकी टीम पहले मैच में जूझती नजर आई। लखनऊकी तुलना में यहां रात को अधिक ठंड रहने की संभावना है। खिलाड़ियों को ऐसे में परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना होगा।


भारत-श्रीलंका के बीच होने वाले दूसरे टी-20 मुकाबले के मैदान तैयार करते ग्राउंड्समैन

**टीम : भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, रविंद्र जडेजा, दीपक हुड्डा, वेंकटेश अय्यर, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, जसप्रीत बुमराह, युजवेंद्र चहल, रुतुराज गायकवाड़, रवि बिश्नोई, अवेश खान, मोहम्मद सिराज कुलदीप यादव। **श्रीलंका**: पथुम निसांका, कामिल मिशारा, चरित असलांका, दिनेश चांदीमल, जेनिथ लियानागे, दासुन शनाका (कप्तान), चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा, प्रवीण जयविक्रमा, जेफरी वेंडरसे, लाहिरू कुमारा, दनुष्का गुणाथिलका, एशियाई डेनियल, शिरन फर्नांडो, बिनुरा फर्नांडो।

### गांगुली और द्रविड़ पर टिप्पणी करने के लिए साहा से स्पष्टीकरण मांग सकता है बीसीसीआई



**नई दिल्ली**। बीसीसीआई विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा से राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने के बाद बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ पर की गई टिप्पणी के लिए स्पष्टीकरण मांग सकता है, क्योंकि उसे लगता है कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के कारण उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया है। केंद्रीय अनुबंध में ग्रुप बी में शामिल साहा के बारे में पता चला है कि उन्होंने नियम 6.3 का उल्लंघन किया है। इस नियम के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी खेल, अधिकारियों, खेल में हुई घटनाओं, प्रौद्योगिकी के उपयोग, चयन मामलों या खेल से संबंधित किसी भी अन्य मामले के बारे में किसी तरह के मीडिया में ऐसी टिप्पणी नहीं करेगा जो बीसीसीआई की राय में प्रतिकूल है या खेल, टीम या बीसीसीआई के हित में नहीं है। साहा ने अपने चयन को लेकर द्रविड़, चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा और गांगुली के साथ हुई निजी बातचीत का खुलासा किया था। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा कि हां, ऐसी संभावना है कि बीसीसीआई ऋद्धिमान से पूछे कि केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर होने के बावजूद उन्होंने चयन मामलों पर क्यों बात की।

### ईशान ने फॉर्म में वापसी का श्रेय रोहित को दिया

**लखनऊ**। युवा सलामी बल्लेबाज इशान किशन ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी-20 में फॉर्म में वापसी का श्रेय कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दिया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया था लेकिन श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में उन्होंने भारत की 62 रन से जीत में 56 गेंदों पर 89 रन की पारी खेली। इशान ने कहा कि कोई भी सीनियर खिलाड़ी चाहता है कि एक युवा खिलाड़ी अच्छी मनोस्थिति में रहे।

### श्रीलंका की टेस्ट टीम भारत पहुंची डिकवेला टी-20 टीम में शामिल


भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए मोहाली पहुंचे श्रीलंकाई टीम के सदस्य

**धर्मशाला**। स्टार बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने के नेतृत्व में एंजेलो मैथ्यूज, लाहिरू थिरिमाने और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ 18 सदस्ईय श्रीलंका टेस्ट टीम शुक्रवार को भारत के खिलाफ मोहाली में चार मार्च से शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के लिए यहां पहुंची।

सीनियर बल्लेबाज कुसल मेंडिस और स्पिनर महेश तीक्षण हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट के कारण अंतिम दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर हो गए हैं। कुसल, हालांकि यहीं रुकेंगे क्योंकि वह टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

इंग्लैंड में बायो-बबल तोड़ने के आरोप में निलंबित होने वाले निरोशन डिकवेला सजा पूरी करने के बाद टी-20 टीम से जुड़ गए हैं। उनके साथ धनंजय डी सिल्वा को भी टी-20 टीमें जगह दी गई है। श्रीलंका के युवा एवं खेल मंत्री नमल राजपक्षे द्वारा अनुमोदित 18 सदस्ईय टीम में ऑलराउंडर रमेश मेंडिस भी हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि मेंडिस चोट के कारण नहीं खेलेंगे।

**टीम**: दिमुथ करुणारत्ने (कप्तान), पथुम निसांका, लाहिरू थिरिमाने, धनंजया डी सिल्वा (उपकप्तान), कुशल मेंडिस , एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, चरित असलांका, निरोशन डिकवेला, चमिका करुणारत्ने, रमेश मेंडिस, लाहिरु कुमारा, सुरंगा लकमल, दुशमंथा चमीरा, विश्व फर्नांडो, जेफरी वांडरसे, प्रवीण जयविक्रेमा, लसिथ एम्बुलडेनिया।

# सीएसके व आरसीबी एक ही ग्रुप में

## आईपीएल का प्रारूप बदला, दो ग्रुप में बांटी गई 10 टीमें

- प्रत्येक टीम को 14 मैच खेलने को मौका मिलेगा

**भाषा**। नई दिल्ली



**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) 2022 बदले प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें 10 टीम को पांच - पांच टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है लेकिन इसके बावजूद प्रत्एक टीम पहले की तरह 14 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को टीम के ग्रुप का खुलासा किया।

मुंबई इंडियन्स, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स को ग्रुप ए में जबकि चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी), पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स को ग्रुप बी में रखा गया है। पिछले वर्षों तक आईपीएल में आठ टीम भाग लेती थी जिसमें से प्रत्येक टीम एक दूसरे से राउंड रोबिन आधार पर दो-दो मैच खेलती थी।

आईपीएल के लिए हालांकि ग्रुप वाला प्रारूप नया नहीं है तथा एक दशक पहले जब पुणे वारियर्स और कोच्चि टस्कर्स केरल लीग का हिस्सा बने थे तब भी इसे अपनाया गया था। टीम को आईपीएल में उनके प्रदर्शन के आधार पर ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें उनके कुल खिताब और फाइनल्स में प्रवेश को आधार बनाया गया है। मुंबई ने पांच खिताब जीते हैं तो उसे ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी की पहली टीम चेन्नई होगी जिसने चार खिताब जीते हैं। केकेआर तीसरे नंबर की टीम होगी जिसने दो खिताब हासिल किए हैं। उसे ग्रुप ए में रखा गया है जबकि सनराइजर्स ने एक खिताब जीता है और उसे टीम नंबर चार के रूप में ग्रुप बी में शामिल किया गया है।

टीम पांच को फिर से ग्रुप ए में रखा गया है और यह टीम एक खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स है। ग्रुप बी में उसके विपरीत टीम आरसीबी है जो तीन बार फाइनल में पहुंची है। दिल्ली कैपिटल्स एक बार फाइनल में पहुंचने के कारण सातवें नंबर की टीम होगी और उसे ग्रुप ए में रखा गया है जबकि टीम आठ पंजाब किंग्स है जो एक बार फाइनल में पहुंची है। उसे ग्रुप बी में रखा गया है। नई टीमों में लखनऊको नौवीं टीम के रूप में ग्रुप ए में जबकि उसके साथ वाली टीम गुजरात 10वीं टीम के रूप में ग्रुप बी का हिस्सा है।मैचों के प्रारूप इस तरह से हैं कि प्रत्एक टीम अपने ग्रुप में प्रत्येक टीम से दो-दो मैच खेलेगी जो कुल मिलाकर आठ मैच होंगे। बाकी बचे छह मैच वह दूसरे ग्रुप की टीम से खेलेगी। इनमें से वह अपने सामने वाली टीम से दो मैच खेलेगी। जैसे मुंबई ग्रुप ए में शीर्ष टीम है तो वह ग्रुप बी की अपनी बराबरी की टीम चेन्नई से दो मैच खेलेगी जबकि बाकी टीम से उसका एक एक मैच होगा।

इसी तरह से ग्रुप ए की दूसरे नंबर की टीम केकेआर ग्रुप बी की दूसरे नंबर की टीम सनराइजर्स से दो और बाकी टीम से एक-एक मैच खेलेगी। इस तरह से प्रत्येक चरण में एक टीम 14 मैच खेलेगी।

# चानू ने स्वर्ण जीता, 55 किग्रा में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई

**सिंगापुर**। भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सिंगापुर भारोत्तोलन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 55 किग्रा भार वर्ग में क्वालीफाई किया। पहली बार 55 किग्रा भार वर्ग में भाग ले रही चानू ने कुल 191 किग्रा (86 किग्रा और 105 किग्रा) भार उठाया। उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और वह आसानी से पहले स्थान पर रही। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आस्ट्रेलिया की जेसिका सेवास्टेंको दूसरे स्थान पर रही जबकि उन्होंने कुल 167 किग्रा (77 किग्रा 90 किग्रा) वजन उठाया, जो चानू से 24 किग्रा कम था। मलेशिया की एली कैसड्रा एंगलबर्ट 165 किग्रा (75 किग्रा 90 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट के पहले दिन भाग ले रहे अन्य तीन भारतीयों - संकेत सागर (55 किग्रा), ऋषिकांता सिंह (55 किग्रा) और बिंदयारानी देवी (59 किग्रा) ने भी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप से हटने वाली चानू की पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद यह पहली प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता थी। चानू ने जीत के बाद कहा कि सात महीने की कड़ी ट्रेनिंग और इस खेल के प्रति मेरे लगाव की बदौलत मैं 55 किग्रा और 49 किग्रा में राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही।

### भारत-डेनमार्क डेविस कप मुकाबला बायो-बबल में नहीं होगा: राजपाल

**नई दिल्ली**। डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल के मुताबिक इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि डेनमार्क के खिलाफ चार और पांच मार्च को खेले जाने वाला मुकाबले को बायो-बबल में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोरोना वायरस प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। भारत विश्व ग्रुप एक के इस मुकाबले के लिए दिल्ली जिमखाना क्लब के ग्रास कोर्ट पर डेनमार्क की मेजबानी करेगा। डीजीसी और अखिल भारतीय टेनिस संघ के अधिकारियों को कम सख्त व्यवस्था कोरोना प्रोटोकॉल लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसका फैसला हालांकि रेफरी को कराना होगा।

# इर्वी के शतक से द. अफ्रीका के तीन विकेट पर 238 रन

**एपी**। क्राइस्टचर्च

**सरेल** इर्वी के करियर के पहले शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 238 रन बनाए।

अपना दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे इर्वी ने 108 रन बनाए। उन्होंने कप्तान डीन एल्गर (41) के साथ पहले विकेट के लिए 111 और एडेन मार्कराम (42) के साथ दूसरे विकेट की 88 रन की उपयोगी साझेदारियां की।

दक्षिण अफ्रीका ने दिन के अंतिम क्षणों में तीन गेंद के अंदर इर्वी और मार्कराम के विकेट गंवाए जिसके बाद तेम्बा बावुमा (नाबाद 22) और रासी वान डर डुसेन (नाबाद 13) ने आगे कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दक्षिण अफ्रीका पहले टेस्ट में इसी मैदान पर 95 और 111 रन पर आउट हो गया था और उसे इस मैच में पारी और 276 रन से हार झेलनी पड़ी थी। इसके बावजूद एल्गर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक फैसला किया। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने डटकर बल्लेबाजी की तथा एल्गर और इर्वी ने अपनी टीम की तरफ से पिछले 34 टेस्ट मैचों में पहले विकेट के लिए पहली शतकीय साझेदारी की। इर्वी ने लंच से पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और चाय के विश्राम से पहले उन्होंने अपना शतक पूरा कर दिया था।



### हॉकी प्रो लीग में पुरुष और महिला टीमें लय बरकरार रखने उतरेगी

**भाषा**। भुवनेश्वर

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में शनिवार को यहां अपने से कम रैंकिंग के स्पेन के खिलाफ अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की कोशिश करेगी जबकि महिला टीम इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत ने प्रो लीग में फ्रांस को 5-0 से हराकर शानदार शुरुआत की लेकिन फ्रांसीसी टीम ने उसे अगले मैच में 5-2 से हरा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों में हालांकि भारत ने समान 10-2 गोल के अंतर से जीत दर्ज की थी। मैच दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफ्सट्रूम में खेले गए थे। फ्रांस के खिलाफ दूसरे मैच में हार भारत के लिए चौंकाने वाली थी। अब वह किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की भूल नहीं करेगी।

# प्रसिद्ध कृष्णा चमके, जम्मू कश्मीर 93 रन पर सिमटा

**रणजी ट्राफी राउंडअप**

**भाषा**। चेन्नई

**तेज** गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन देकर छह विकेट) के चमकदार प्रदर्शन से कर्नाटक ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन जम्मू कश्मीर को पहली पारी में महज 93 रन पर समेटकर स्टंप तक कुल बढ़त 337 रन की कर ली।

हाल में भारत की वनडे टीम में खेलने वाले कृष्णा ने जम्मू कश्मीर के बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम महज 29.5 ओवर में सिमट गई।

इससे पहले कर्नाटक ने सुबह आठ विकेट पर 268 रन से आगे खेलना शुरू किया। करुण नायर ने अपनी 152 रन की पारी को 175 रन तक पहुंचाया और कर्नाटक की पहली पारी 302 रन पर सिमट गई। जवाब में जम्मू कश्मीर ने कामरान इकबाल (35) और जतिन वाधवान (25) की बदौलत अच्छी शुरूआत की लेकिन कृष्णा के शानदार स्पैल ने कमाल कर दिया। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम के पहले सात में से छह विकेट अपने नाम किए। कर्नाटक ने दूसरी पारी में आर समर्थ (62) और देवदत्त पडीक्कल (49) की मदद से अच्छी शुरूआत की जिन्होंने शतकीय साझेदारी निभाई। पडीक्कल के आउट होने के बाद समर्थ दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए और टीम ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 128 रन बना लिए थे। ग्रुप के एक अन्य मैच में रेलवे ने पुडुचेरी के पहली पारी के 342 रन के स्कोर के जवाब में विवेक सिंह (92 रन) और शिवम चौधरी (51 रन) के अर्धशतकों से तीन विकेट पर 205 रन बना लिए। विवेक ने 189 गेंद में 11 चौके और एक छक्का लगाया।


विकेट लेने के बाद जश्न मनाते प्रसिद्ध कृष्णा

### मुंबई ने बढ़त गंवाई, पृथ्वी साव अर्धशतक से चूके

**अहमदाबाद**। गोवा ने ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन मुंबई के खिलाफ पहली पारी में 164 रन की बढ़त से तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। कप्तान पृथ्वी साव अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके। वह 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 44 रन बनाकर अर्धशतक से चूक गए जिससे टीम ने स्टंप तक दूसरी पारी में एक विकेट गंवाकर 57 रन बना लिए थे। सौराष्ट्र के खिलाफ तीन अंक हासिल करने वाली मुंबई को इस मैच में पूरे अंक हासिल करने के लिए तीसरे दिन बड़ा स्कोर बनाना होगा। हर ग्रुप से केवल एक ही टीम अगले चरण के लिए क्वालीफाइ करेगी जिससे एक मैच में अंक गंवाना भारी पड़ सकता है।

### सतीश का दोहरा शतक, विदर्भ ने बनाया बड़ा स्कोर

सुल्तानपुर (**हरियाणा**)। गणेश सतीश (275 रन) के दोहरे शतक की मदद से विदर्भ ने शुक्रवार को यहां महाराष्ट्र के खिलाफ ग्रुप जी मुकाबले के दूसरे दिन पांच विकेट पर 569 रन पर पहली पारी घोषित की। महाराष्ट्र की टीम स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 46 रन बना चुकी थी। सतीश का यह सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर था और यह उनका दूसरा प्रथम श्रेणी दोहरा शतक है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019-20 सत्र में आंध्र के खिलाफ 237 रन था। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे दाएं हाथ के बल्लेबाज ने महाराष्ट्र के आक्रमण के खिलाफ इच्छानुसार पार्क के चारों ओर शॉट लगाए। उन्होंने और विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर (नाबाद 145 रन, 17 चौके, 283 गेंद) ने चौथे विकेट के लिए 288 रन की साझेदारी निभाई। वाडकर ने इस दौरान सत्र का अपना दूसरा और सातवां प्रथम श्रेणी शतक लगाया। सतीश ने 482 गेंद का सामना करते हुए 33 चौके और पांच छक्के लगाए।

# जेवरेव पर 40 हजार डालर का जुर्माना पुरस्कार राशि व रैंकिंग अंक भी गंवाए

**एपी**। अकापुल्को (मैक्सिको)

**टोक्यो** ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अलेक्सांद्र जेवरेव पर मैक्सिको ओपन में युगल मैच गंवाने के बाद अंपायर की कुर्सी पर रैकेट मारने के कारण पुरुषों के पेशेवर टेनिस टूर (एटीपी) ने 40 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उनकी 30 हजार डॉलर से अधिक की पुरस्कार राशि और सभी रैंकिंग अंक भी काट दिए गए हैं।

एटीपी ने इसके साथ ही घोषणा की कि वह इस घटना की आगे समीक्षा करेगा। जेवरेव अभी विश्व रैंकिंग के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हैं और मैक्सिको ओपन के एकल में मौजूदा चैंपियन हैं।

जर्मनी के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को अंपायर अलेसांद्रो जरमानी पर चिल्लाने और उनकी कुर्सी पर गुस्से में रैकेट मारने के कारण पहले ही टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। एटीपी ने कहा कि जेवरेव पर अपशब्दों का उपयोग करने और खेल भावना के विपरीत व्यवहार करने के लिए 20-20 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा उन्हें एकल और युगल की अपनी संपूर्ण पुरस्कार राशि (31,570 डॉलर) और रैंकिंग अंक भी गंवाने पड़े।

### जोकोविच हारे, मेदवेदेव बनेंगे नंबर एक खिलाड़ी



**दुबई**। नोवाक जोकोविच ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल का मैच गंवाने के साथ ही नंबर एक रैंकिंग भी गंवा दी और अब उनकी जगह रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष पर काबिज हो जाएंगे। जोकोविच को दुबई टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के क्वालीफायर जिरी वेस्ली ने 6-4, 7-6 (4) से हराया। जोकोविच तीन फरवरी 2020 से नंबर एक रैंकिंग पर काबिज थे। वह कुल 361 सप्ताह शीर्ष पर रह चुके हैं जो 1973 में कंप्यूटरकृत रैंकिंग शुरू होने के बाद पुरुष वर्ग में रिकार्ड है। सोमवार को जब एटीपी रैंकिंग जारी होगी तो मेदवेदेव दूसरे नंबर से पहले नंबर पर पहुंच जाएंगे।

### श्याम-ज्योति की जोड़ी ने विश्व पैरा तीरंदाजी में जीता रजत

**भाषा**। दुबई

**श्याम** सुंदर स्वामी और ज्योति बालियान की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी ने शुक्रवार को रजत पदक जीतकर भारत को यहां दुबई विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में पहला पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी पहले हाफ में दो अंक (78-76) से बढ़त बनाए थी लेकिन अंत में दबाव में आ गई जिससे उन्हें रूस के बेर शिगाएव और तातियाना आंद्रिवस्काइया से 148-150 से हारकर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़।

श्याम-ज्योति की जोड़ी ने सेमीफाइनल में जूली चुपिन और थिएरी जोसायूमे की फ्रांसिसी जोड़ी को 151-145 से हराकर कम से कम रजत पदक पक्का किया था। भारतीय पैरा तीरंदाजों ने 2017 के बाद से विश्व चैम्पियनशिप को छोड़कर प्रत्येक टूर्नामेंट में पदक जीते थे।

# रूस से छिनी यूईएफए चैम्पियन्स लीग फाइनल की मेजबानी, पेरिस को मिली

**एपी**। लंदन

**यूक्रेन** पर रूस के आक्रमण के बाद यूईएफए ने चैम्पियन्स लीग के फाइनल की मेजबानी से सेंट पीटर्सबर्ग को हटा कर शुक्रवार को पेरिस को इसकी जिम्मेदारी सौप दी।

पुरुष वर्ग का फाइनल पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक 28 मई को होगा लेकिन अब इसे नए स्थल पर खेला जाएगा। यूईएफए की कार्यकारी समिति के निर्णय के बाद 80,000 दर्शकों की क्षमता वाला स्टेड डी फ्रांस इसकी मेजबानी करेगा।

यूरोपीय फुटबॉल की शासी निकाय ने कहा कि यूईएफए फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों का उनके व्यक्तिगत समर्थन और अद्वितीय संकट के समय में यूरोपीय क्लब फुटबॉल के सबसे प्रतिष्ठित आयोजन को फ्रांस में स्थानांतरित करने की प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद। स्टेड डी फ्रांस ने आखिरी बार 16 साल पहले चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी की थी। तब बार्सीलोना ने 2006 के फाइनल में आर्सेनल को हराया था। यूईएफए प्रतियोगिताओं में रूस और यूक्रेन के क्लबों और राष्ट्रीय टीम को अगली सूचना तक तटस्थ स्थानों पर खेलना होगा।

### फीफा ने जिम्बाब्वे और कीनिया को निलंबित किया

**हरारे**। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने जिम्बाब्वे और कीनिया को उनके राष्ट्रीय फुटबॉल संघों के संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से निलंबित कर दिया है। जिम्बाब्वे पर इसलिए प्रतिबंध लगाया गया क्योंकि सरकार से नियंत्रित खेल और मनोरंजन आयोग ने जिम्बाब्वे फुटबॉल संघ पर से अपना नियंत्रण छोड़ने और महासंघ के पदाधिकारियों को बहाल करने से इनकार कर दिया था। जिम्बाब्वे फुटबॉल संघ को भ्रष्टाचार के आरोप में नवंबर में बर्खास्त कर दिया गया था। कीनिया में भी खेल मंत्रालय ने फुटबॉल महासंघ के पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उन्हें हटा दिया था। फीफा ने इसे सरकारी हस्तक्षेप करार दिया और कीनिया को प्रतिबंधित कर दिया। कीनियाई फुटबॉल संघ के अध्यक्ष निक मावेंड्वा आपराधिक आरोपों का सामना भी कर रहे हैं। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेनटिनो ने प्रतिबंधों की घोषणा की। इसका मतलब होगा कि जिम्बाब्वे और कीनिया की राष्ट्रीय टीम और क्लब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्हें फीफा से वित्तीय सहायता भी नहीं मिलेगी।

### निकहत और नीतू स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी के फाइनल में

**नई दिल्ली**। पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (52 किग्रा) और नीतू (48 किग्रा) ने शुक्रवार को यहां अंतिम चार में शानदार जीत से बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 73वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। नीतू ने यूक्रेन की प्रतिद्वंद्वी हन्ना ओकहोटा को हराया जबकि जरीन ने तुर्की की बुसे नाज काकियोग्लू पर 4-1 से जीत दर्ज की। 25 साल की जरीन ने टूर्नामेंट के 2019 चरण में भी एक पदक जीता था। हालांकि युवा विश्व चैम्पियन अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और परवीन (63 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन चौधरी तुर्की की ओलंपिक चैम्पियन बुसेनाज सुरमेनेली से 1-4 से, जबकि परवीन रूस की नतालिया सिचुगोवा से 2-3 से हार गई। विश्व चैंपियन सुरमेनेली ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनल में भारत की लवलीना बोरगोहेन को हराया था।